✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 56 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 22 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

जीविका अंतर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में भाग लेते सीएम सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, बिजेन्द्र यादव एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार

गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता के साथ आकार ले रहा वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे

पूर्वांचल से बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल तक विकास की नई धुरी बनेगा 610 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड सिक्स लेन कॉरिडोर

- कमल किशोर -

औरंगाबाद। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत करीब 3,500 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहा वाराणसी-रांची-कोलकाता 610 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड सिक्स लेन एक्सप्रेसवे पूर्वी भारत की सड़क संपर्क व्यवस्था को नई पहचान देने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से शुरू होकर बिहार के कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिलों से गुजरते हुए झारखंड के रास्ते पश्चिम बंगाल के हावड़ा (उलुबेरिया) तक पहुंचने वाला यह एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा, बल्कि व्यापार, उद्योग, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और निवेश के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। औरंगाबाद जिले में परियोजना का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है तथा यहां लगभग 25 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। औरंगाबाद खंड में निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रही पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के अनुसार उपलब्ध सभी स्थलों पर लगातार तेजी से काम किया जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य परियोजना को वर्ष 2026 से 2028 के बीच विभिन्न चरणों में पूरा करना है। निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता और निर्धारित सुरक्षा मानकों का विशेष रूप से पालन किया जा रहा है ताकि यह एक्सप्रेसवे लंबे समय तक सुरक्षित और टिकाऊ साबित हो। कंपनी के अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की

अनुशंसाओं के आधार पर औरंगाबाद जिले में दो अतिरिक्त अंडरपास भी बनाए जा रहे हैं। इससे परियोजना का दायरा और उपयोगिता दोनों बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर भारी वर्षा तथा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लंबित रहने के कारण इंटरचेंज निर्माण प्रभावित हुआ है, लेकिन जहां भूमि उपलब्ध है वहां कार्य लगातार जारी है। प्रशासन के सहयोग से शेष बाधाओं के भी शीघ्र दूर होने की उम्मीद है। यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के बरौली गांव से प्रारंभ होकर बिहार और झारखंड के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ते हुए पश्चिम बंगाल के हावड़ा (उलुबेरिया) तक पहुंचेगा। इसके चालू होने के बाद वाराणसी से कोलकाता तक की सड़क यात्रा पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। माल परिवहन की गति बढ़ेगी, ईंधन और समय की बचत होगी तथा परिवहन लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे पूर्वी भारत में औद्योगिक निवेश और आपूर्ति श्रृंखला को भी नई गति मिलेगी। औरंगाबाद जिले के लिए यह परियोजना विशेष महत्व रखती है। यहां स्थापित एनटीपीसी की दो बड़ी विद्युत परियोजनाओं के कारण भारी औद्योगिक गतिविधियां संचालित होती हैं। एक्सप्रेसवे बनने से इन परियोजनाओं तक मशीनरी, कच्चे माल और अन्य संसाधनों का आवागमन अधिक सुगम होगा। साथ ही स्थानीय उद्यमों, कृषि उत्पादों और छोटे व्यवसायों को राष्ट्रीय बाजारों तक तेज पहुंच मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वी भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदलने वाला विकास कॉरिडोर है। बेहतर संपर्क व्यवस्था से पर्यटन, कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र और लॉजिस्टिक्स को नई ऊर्जा मिलेगी जबकि हजारों लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्ध निर्माण पर विशेष जोर के साथ आगे बढ़ रही यह परियोजना आने वाले वर्षों में पूर्वांचल, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच विकास की नई रफ्तार तय करेगी।

बिहार की तीन बंद पड़ी चीनी मिलें जल्द होंगी चालू : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को विधान परिषद में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि गोपालगंज, सकरी और रैयाम की बंद पड़ी तीन चीनी मिलों को जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार की संस्था के साथ जल्द ही एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी शशि यादव के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में दी। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार बंद चीनी मिलों को दोबारा शुरू करने की दिशा में काम कर रही है और जल्द ही इन तीनों मिलों का संचालन शुरू किया जाएगा। इससे किसानों और क्षेत्र के लोगों को रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं, विधान परिषद में नल-जल योजना के रखरखाव को लेकर भी चर्चा हुई। पक्ष और विपक्ष के कई सदस्यों ने योजना की जिम्मेदारी दोबारा वार्ड सदस्यों को सौंपने की मांग उठाई। सदस्यों का कहना था कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र की बेहतर जानकारी होती है, इसलिए रखरखाव का काम उनके जिम्मे होना चाहिए। जदयू विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह ने भी वार्ड सदस्यों को जिम्मेदारी देने की मांग की। इस पर पीएचईडी मंत्री संजय कुमार सिंह ने सरकार की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज विभाग और पीएचईडी विभाग के साथ बैठक कर इस मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा।

मोबाइल से ऑनलाइन जुआ खेलने वालों की खैर नहीं

बिहार विधानसभा से जुआ प्रतिषेध विधेयक पास, दो साल सजा का भी प्रावधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा ने मंगलवार को बिहार जुआ प्रतिषेध विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन में इस विधेयक को पेश करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बदलते समय और तकनीक के अनुरूप राज्य में जुए पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नए कानून की आवश्यकता थी। उन्होंने सभी सदस्यों से विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की। विधेयक पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक राज्य में 1867 के बंगाल जुआ अधिनियम के प्रावधान लागू थे। उस समय जुए का स्वरूप मुख्य रूप से ताश, पासा और पारंपरिक तरीकों तक सीमित था। समय के साथ सूचना



प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार ने जुए के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। आज ऑनलाइन ऐप, वेबसाइट और अन्य डिजिटल माध्यमों से बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है, जिसे पुराने कानून के तहत प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि नया विधेयक केवल जुआ खेलने वालों तक सीमित नहीं है बल्कि उन लोगों और संस्थाओं को भी इसके दायरे में लाया गया है जो जुआ संचालित करते हैं, जुआ खेलने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं या जुए से कमीशन प्राप्त करते हैं। ऐसे सभी व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। ऑनलाइन जुआ खेलने वालों के ट्रांजेक्शन की राशि सीज की जाएगी। इसके साथ ही दूसरी बार पकड़े जाने पर दो साल की सजा का प्रावधान किया गया है। बार-बार जुआ खेलते पकड़े जाने पर जुर्माने की राशि बढ़ती जाएगी।

विस में एक साथ सात विधेयक पास

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र का दूसरा दिन कई अहम मुद्दों के नाम रहा। दोपहर बाद विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सरकार ने एक साथ सात महत्वपूर्ण विधेयक सदन में पेश किए। इन विधेयकों को चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इनमें जुआ कानून, जीएसटी, भूमि दाखिल-खारिज, चिकित्सा, नर्सों के पंजीकरण और कृषि भूमि से जुड़े अहम प्रस्ताव शामिल हैं। सरकार ने विधानसभा में जिन सात विधेयकों को पेश किया उनमें बिहार जुआ (प्रतिषेध) विधेयक 2026, बिहार माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक 2026, बिहार भूमि दाखिल-खारिज संशोधन विधेयक 2026, बिहार चीनी उपक्रम (अर्जन) संशोधन विधेयक 2026, बिहार चिकित्सा संशोधन विधेयक 2026, बिहार नर्सेस पंजीकरण संशोधन विधेयक 2026 एवं बिहार कृषि भूमि (गैर कृषि प्रयोजन के लिए सम्परिवर्तन) (निरसन) विधेयक 2026 शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

विधानसभा सत्र के बीच पुरानी सचिवालय में लगी आग

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राजधानी पटना के पुरानी सचिवालय स्थित खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के एक कक्ष में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं उठते ही सचिवालय में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी बाहर निकल आए। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

सड़क हादसे में कृषि विभाग के उप परियोजना निदेशक की मौत

हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)। हाजीपुर-पटना को जोड़ने वाले महात्मा गांधी सेतु के पाया नंबर 26 के निकट सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में कृषि विभाग (आत्मा) के उप परियोजना निदेशक सियाराम साहू की मौत हो गई जबकि उनके साथी अकाउंटेंट शशि रंजन भारती घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद सियाराम साहू को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के दुलीपट्टी निवासी 52 वर्षीय पुत्र सियाराम साहू के रूप में हुई है।

गर्दन में गोली मार वृद्ध की हत्या

जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)। में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बराबर थाना क्षेत्र के डकरा मोड़ के पास सोमवार देर रात हुई। मृतक की पहचान परसौना गांव निवासी विजय यादव (60)के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विजय यादव सोमवार देर रात अपने घर लौट रहे थे। डकरा मोड़ के पास पहुंचते ही घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

सीएम आवास, सीएमओ, डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय को उड़ाने की धमकी से हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना/गया। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को कथित तौर पर ईमेल के जरिये धमकी देने का मामला सामने आया है जिसमें सीएम आवास और सीएमओ को उड़ाने की धमकी दी गई है। उधर गया में भी प्रधान डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल मिलने के बाद पटना और गया में पुलिस-प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। 21 जुलाई की सुबह मुख्यमंत्री के नाम जो ईमेल आया है उसमें संजय वर्मा नाम के एक शख्स को लेकर गंभार आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को खालिस्तान समर्थक बताया है। उसने सीएम का नाम लेते हुए दावा किया कि संजय वर्मा बिहार में छिपे हैं। इसने खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करवाई थी। सोमवार को भी दानापुर अनुमंडल स्थित पोस्ट ऑफिस और पासपोर्ट ऑफिस को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। सचिवालय एसडीपीओ डॉ. अन्नू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। उधर गया में प्रधान डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय को उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल में आरडीएक्स से इन कार्यालयों को उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी कई स्थानों के डाकघर को दी गई है। गया डाकघर के वरीय डाकपाल प्रणव कुमार झा ने बताया कि यह ईमेल सर्किल लेबल पटना से आया है जिसमें धमकी की बात कही गई है। वरीय डाकपाल ने बताया कि साउथ की एक अभिनेत्री ने कुछ कमेंट किया था जिसे लेकर एक व्यक्ति के द्वारा इसकी धमकी दिए जाने की बात मेल में लिखी गई है।

मुख्यमंत्री ने जीविका के जरिए चयनित 2446 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

जहां जाइएगा जीविका दीदियों को पाइएगा : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को जीविका के जरिए चयनित 2446 कैंडडेट्स को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 और 2025 में हमने जीविका दीदियों के जरिए महिला संवाद करवाया। वहां से संवाद हमारे पास आया कि पेंशन की राशि कम है। इसके बाद हमने पेंशन की राशि बढ़ाई। कई महिलाओं ने कहा कि बहुत ज्यादा बिजली बिल देना पड़ता है। हमने कठोर फैसला लिया। अभी एक करोड़ 70 लाख परिवारों को हम 125 यूनिट मुफ्त बिजली दे रहे हैं। महिलाओं ने ये भी बताया कि हमें रोजगार मिले। हमें कई जगहों से रिपोर्ट आई, नीतीश जी ने कई जगहों पर जीविका दीदियों से बात की। उन्होंने मुर्गी, बकरी पालन का काम शुरू किया। पूरे बिहार में जो पिछले 20 साल में जीविका में जो क्रांति हुई है वो किसी राज्य में नहीं हुई है। इसे और तेज गति से बढ़ाना है। सीएम ने कहा कि 2005 के बाद नीतीश जी ने जीविका की शुरुआत की। पहले लोग बिहार में महिलाओं का योगदान नहीं मानते थे। आज देखिए जीविका दीदियों की वजह से टैक्स मिलता है। सबसे ज्यादा कहीं लखपति दीदी हैं तो वो हमारे बिहार में हैं। जहां जाइएगा जीविका दीदियों को पाइएगा। आप किसी भी सेक्टर में चले जाइए, जीविका समूह लगातार गांव के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हम एक बार में दो लाख रुपए भी दे सकते थे। हम इसे इंस्टॉलमेंट में इसलिए दे रहे हैं कि उसका सही इस्तोमाल हो सके। आज जिन सात पदों के लिए नियुक्ति पत्र बांटे गए उसमें एरिया कॉर्डिनेटर, कम्युनिटी कॉर्डिनेटर, ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर, ऑफिस असिस्टेंट, अकाउंटेंट, लाइवली हुड स्पेशलिस्ट, ब्लॉक आईटी एक्जीक्यूटिव शामिल हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

डेयरी और पशुपालन को बढ़ावा देंगी कॉम्फ़ेड की सात हजार पशु सखियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

COMFED

- अब गांव-गांव पहुंचेंगी तकनीकी जानकारी
- मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने की बड़ी पहल
- 1.5 करोड़ से अधिक जीविका दीदियों को मिल चुकी है पहली किस्त

पटना। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कॉम्फ़ेड (बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फ़ेडरेशन लिमिटेड) ने राज्यभर की करीब सात हजार जीविका दीदियों, यानी पशु सखियों, को डेयरी एवं पशुपालन का विशेष प्रशिक्षण दिया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये पशु सखियां अब अपने-अपने गांवों में डेयरी गतिविधियों से जुड़ी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों को प्रशिक्षित करेंगी। इस पहल का उद्देश्य पशुपालन आधारित आजीविका को मजबूत बनाते हुए ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि करना है। ग्रामीण विकास विभाग के अधीन बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) और डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की संस्था कॉम्फ़ेड संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं। योजना के अंतर्गत अब तक राज्य की 1.5 करोड़ से अधिक महिला सदस्यों को निर्धारित राशि की पहली किस्त प्रदान की जा चुकी है। इसके बाद कृषि, पशुपालन और विभिन्न उद्यमों से जुड़ी महिलाओं को संगठित एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत पहले से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त है। जीविका के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में पशु सखियों, आजीविका विशेषज्ञों तथा प्रत्येक प्रखंड के सीएलएफ नोडल (एसी/सीसी) को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण कॉम्फ़ेड के माध्यम से सभी जिलों में आयोजित किया गया जिसके लिए कॉम्फ़ेड और जीविका की ओर से जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी भी नामित किए गए थे। जीविका ने सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधकों (बीपीएम) को निर्देश दिया है कि प्रशिक्षण प्राप्त पशु सखियां अपने-अपने गांवों में डेयरी गतिविधियों से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को तत्काल प्रशिक्षण देना शुरू करें। वहीं, ग्राम संगठन (वीओ) के सामुदायिक प्रेरक और संबंधित परियोजना कर्मी प्रशिक्षण में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण की कार्यवाही ग्राम संगठन स्तर पर विधिवत दर्ज की जाएगी। निर्देशों के अनुसार पशु सखियां केवल डेयरी तक सीमित नहीं रहेंगी बल्कि भेड़, बकरी, सूअर तथा अन्य लघु पशुओं का पालन करने वाली महिला सदस्यों को भी अलग से प्रशिक्षण देंगी। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अलग अभिलेख तैयार किया जाएगा। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा मिलने के साथ महिलाओं के लिए स्वरोजगार और स्थायी आय के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

बिहार विधानमंडल के सदस्यों को एआई और पीएमआइएस पोर्टल का मिलेगा प्रशिक्षण

विधायी कार्यों और मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की निगरानी होगी अधिक प्रभावी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधान सभा में जल्द ही बिहार विधानमंडल के सदस्यों के लिए एआई और पीएमआईएस (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इन्फॉर्मेशन सिस्टम) पोर्टल पर विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए विधायी कार्यों, नीति निर्माण और मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के प्रभावी अनुश्रवण के लिए प्रशिक्षित करना है। इस संबंध में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में एक उच्च स्तरीय बैठक की जिसमें कार्यशाला की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बिहार विधानमंडल के सदस्यों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल अवधारणाओं, विभिन्न क्षेत्रों में उसके व्यावहारिक उपयोग तथा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की निगरानी के लिए विकसित पीएमआईएस (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इन्फॉर्मेशन सिस्टम) पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला के माध्यम से सदस्यों को यह भी बताया जाएगा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर जनसेवा, विधायी कार्यों और नीति निर्माण को किस प्रकार अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने संबंधित विभागों और अधिकारियों को कार्यशाला की सभी तैयारियां शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान और डिजिटल प्रणालियों के प्रभावी उपयोग से जनप्रतिनिधियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा विकास योजनाओं की निगरानी अधिक सटीक और समयबद्ध ढंग से हो सकेगी। बैठक में योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव एन. विजयालक्ष्मी, संसदीय कार्य विभाग के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विशेष सचिव तथा बिहार विधान सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और आवश्यक तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बांकीपुर उपचुनाव : मंत्री श्रवण कुमार ने देर शाम तक किया एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने मंगलवार को देर शाम तक एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। मंत्री ने अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत गर्दनीबाग रोड नंबर-1 स्थित सुभाषिनी अपार्टमेंट से की। इसके बाद वार्ड संख्या 15 से 21 तक घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और बिहार में डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि विकास की रफ्तार को बनाए रखने के लिए बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना आवश्यक है। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, विधान परिषद सदस्य संजय मयूख, मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी, घोसी विधायक ऋतुराज कुमार, सेक्टर प्रभारी रविन्द्र पटेल, प्रभारी राजीव सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, जितेंद्र पटेल, विशाल कुमार, सोनू कुमार, राजीव कुमार, रंजीत पटेल, सुरजीत पिंटू, वार्ड संख्या 15 के प्रभारी रूहैल रविदास, मधेश्वर सिंह, निशांत राज सिंह, बबलू मासूमी, बबलू सिंह, रंजन सिंह सहित अनेक स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रचार अभियान के दौरान नेताओं ने मतदाताओं से एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर विकास और सुशासन की निरंतरता बनाए रखने की अपील की।

उच्च शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के विरुद्ध बी. डी. कॉलेज शिक्षक संघ का आक्रोश, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार द्वारा राज्य के अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रशासनिक स्वरूप एवं अधिग्रहण व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव की चर्चाओं के संदर्भ में बी. डी. कॉलेज शिक्षक संघ, पटना की आमसभा आयोजित की गई। सभा में शिक्षकों ने प्रस्तावित परिवर्तनों पर गहरी चिंता एवं आक्रोश व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि किसी भी व्यापक संरचनात्मक परिवर्तन से पूर्व विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षक संगठनों एवं सभी संबंधित पक्षों से विस्तृत विचार-विमर्श किया जाना आवश्यक है। सभा की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गरिमा पाठक ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उच्च शिक्षा की स्वायत्तता, शिक्षकों के अधिकारों एवं छात्रहितों की रक्षा पर बल दिया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया। शिक्षक संघ के सचिव डॉ. राहुल अमृतराज ने विषय की विस्तृत पृष्ठभूमि, प्रस्तावित परिवर्तनों के संभावित प्रभाव एवं शिक्षक समुदाय की चिंताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने भी अपने वक्तव्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था में संभावित बदलावों पर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षक समुदाय की एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। आमसभा के उपरांत शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि शिक्षक समुदाय की सर्वसम्मत भावनाओं एवं सुझावों से राज्य सरकार तथा संबंधित सक्षम प्राधिकारियों को अवगत कराया जाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे तथा उच्च शिक्षा की गरिमा, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, शिक्षकों के वैधानिक अधिकारों एवं छात्रहितों की रक्षा हेतु एकजुट रहने का संकल्प व्यक्त किया।

'अहंकार' की शोर से परेशान है बांकीपुर की जनता : डॉ अशोक वर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का मुकाबला अब 'अहंकार' की शोर और 'सेवा की खामोशी' के बीच है और इस बार खामोशी जीत रही है। डॉ. वर्मा ने कहा बांकीपुर की जनता समझदार है। उसे विधायक चुनना है, कोई ब्रांड नहीं खरीदना है। एक तरफ ऐसे प्रत्याशी हैं जिनके पास करोड़ों की दौलत, विदेशी डिग्री, 24 घंटे चलने वाली मशीन और एक पार्टी के मालिक होने का तमगा है साथ ही राजनीतिक रणनीति बेचने का बड़ा धंधा है। इनके अहंकार का आलम ये है कि जनता को 'मूर्ख', कार्यकर्ताओं को 'नौकर' और वोट को 'डेटा' समझते हैं। दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा जो वर्षों से बूथ पर झंडा उठाने वाला एक गरीब कार्यकर्ता है। इनके पास न बंगला है, न कार है, न करोड़ों की प्रॉपर्टी है सिर्फ ईमानदारी, मेहनत और जनता का भरोसा जो जनता को 'भगवान', कार्यकर्ताओं को 'परिवार' और वोट को 'आशीर्वाद' मानता है। डॉ वर्मा ने कहा कि निर्णय बांकीपुर की जनता को करना है कि उन्हें उनकी सेवा में हमेशा उपलब्ध रहने वाला विधायक चुनना है या कोई बड़ा ब्रांड। डॉ. वर्मा ने विश्वास जताया है कि बांकीपुर की जनता 'अहंकार' को नकारकर 'सेवा' को चुनेगी और एक जमीनी कार्यकर्ता नीरज सिन्हा को प्रचंड बहुमत से जिताकर 'अहंकार की शोर' को हमेशा के लिए खामोश कर देगी। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सहयोग पार्टी ने 'विकसित बिहार' के संकल्प के साथ इस उपचुनाव में भाजपा को बिना शर्त समर्थन दिया है।

सोमनाथ यात्रा से गूंजा श्रद्धालुओं का विश्वास, बिहार पर भोलेनाथ की रहेगी विशेष कृपा

मुख्यमंत्री की पहल से साकार हुआ श्रद्धालुओं का सपना, सोमनाथ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पाटलिपुत्र स्टेशन से सोमनाथ के लिए रवाना हुई पावन यात्रा का आज दूसरा दिन है। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हीरामन पासवान ने बताया कि ट्रेन मंगलवार सुबह लगभग 11:30 बजे राजस्थान के भरतपुर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि अब तक का सफर बेहद सुखद, रोचक और सुविधाजनक रहा है। बिहार सरकार की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समय पर शुद्ध शाकाहारी भोजन, स्वच्छ पेयजल तथा विशेष रूप से बुजुर्ग श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य एवं देखभाल का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु इंदु देवी ने भावुक होकर कहा कि उन्हें जीवन में पहली बार भगवान सोमनाथ के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी सावन माह से पहले एक साथ हजारों श्रद्धालुओं को सोमनाथ की पवित्र यात्रा पर भेजने का मुख्यमंत्री का निर्णय ऐतिहासिक है। इसके लिए वह मुख्यमंत्री के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हैं। सोमनाथ के लिए रवाना हुए सीतामढ़ी के सत्येंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित यह महायात्रा हम सनातनियों के लिए आस्था व तीर्थ का प्रतीक है। 20-26 जुलाई तक की यह यात्रा राज्य के स्वर्णिम काल का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री के इस पहल पर सबने दिया आशीर्वाद

पूर्णिया के रहने वाले श्यामनंद झा ने कहा कि बिहार के विकास के साथ हिंदुओं के आस्था का भी मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने खास ख्याल रखा है। राज्य में ऊर्जावान व युवा मुख्यमंत्री हम सभी के मसीहा है। इसके कार्यकाल को बिहार के प्रगति का नया अध्याय के तौर पर दर्ज किया जायेगा। आपको बता दें कि भगवान शिव के 12 ज्योर्तिलिंगों में सबसे प्रमुख माने जाने वाले सोमनाथ धाम के दर्शन की अभिलाषा लिए बिहार से 1100 श्रद्धालुओं का जत्था विशेष ट्रेन से सोमवार को रवाना हुआ है। इस 7 दिवसीय तीर्थयात्रा के आने-जाने से लेकर श्रद्धालुओं के वहां ठहरने और भोजन तक का पूरा इंतजाम बिहार और गुजरात की सरकार के स्तर से किया गया है।

केंद्र सरकार पर बरसे मुकुल आनंद, शिल्पकार और अतिपिछड़े वर्ग से एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ सह गणतांत्रिक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए शिल्पकार, अतिपिछड़ा, मेहनतकश और कमजोर वर्ग के लोगों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में इन वर्गों के युवाओं को सम्मान और अवसर नहीं मिल रहे हैं तथा लगातार उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। मुकुल आनंद ने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है जबकि शांतिपूर्ण आंदोलनों को भी दबाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने न्याय व्यवस्था, युवाओं और सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख करते हुए सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और शिक्षित युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

विधानसभा में केवाइपी पर सरकार का जवाब निराशाजनक, भविष्य को लेकर बनी रही अनिश्चितता : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वैशाली/पटना। बिहार विधानसभा में कुशल युवा कार्यक्रम को लेकर पूछे गए तारांकित प्रश्न पर सरकार द्वारा दिए गए उत्तर से केवाइपी केंद्र संचालकों एवं लाखों युवाओं में गहरी निराशा व्याप्त है। केवाइपी वेल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि सरकार का उत्तर यह स्पष्ट करने में पूरी तरह विफल रहा कि केवाइपी केंद्रों का नवीनीकरण कब होगा, नए नामांकन कब शुरू होंगे तथा बंद पड़े केंद्रों का संचालन दोबारा कब से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में यह प्रश्न उठाया गया था कि पिछले कई महीनों से केवाइपी केंद्रों का नवीनीकरण एवं नामांकन बंद रहने के कारण 1,700 से अधिक केंद्र प्रभावित हैं, लगभग 15,000 परिवारों की आजीविका संकट में है तथा लाखों छात्र-छात्राएं कौशल प्रशिक्षण से वंचित हो रहे हैं। साथ ही सरकार से यह भी पूछा गया था कि केवाइपी योजना को पुनः कब शुरू किया जाएगा तथा नई नीति लागू करने की समय-सीमा क्या होगी। डॉ. झा ने कहा कि मंत्री के उत्तर में इन मूलभूत प्रश्नों का कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। सरकार ने केवल इतना कहा कि केवाइपी मार्च 2026 तक संचालित हुआ, वर्तमान में अन्य कौशल विकास योजनाएं चल रही हैं तथा केवाइपी की स्वीकृति प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। किंतु योजना के पुनः संचालन की तिथि, केंद्रों के नवीनीकरण, नए नामांकन अथवा निर्धारित समय-सीमा पर सरकार पूरी तरह मौन रही। उन्होंने कहा कि विधानसभा में दिया गया उत्तर यह संकेत देता है कि सरकार के पास फिलहाल केवाइपी के भविष्य को लेकर कोई ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना नहीं है। यदि सरकार वास्तव में इस महत्वाकांक्षी योजना को पुनर्जीवित करना चाहती तो नवीनीकरण, नामांकन और संचालन की स्पष्ट समय-सीमा की घोषणा अवश्य करती। डॉ. झा ने कहा कि स्पष्ट नीति के अभाव में हजारों केंद्र संचालक, प्रशिक्षक एवं कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं जबकि लाखों युवाओं का कौशल विकास और रोजगार का सपना अधर में लटका हुआ है।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को श्रवण कुमार ने दी जन्मदिवस की बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार सोमवार को 45 साल के हो गए। इस मौके पर विभिन्न नेताओं ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने भी स्वास्थ्य मंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री कुमार ने निशांत कुमार के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में अपना योगदान देते रहें।

बांकीपुर उपचुनाव में बड़े अंतर से जीतेगी भाजपा : रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में इस क्षेत्र के वोटर इतने इन्टैक्ट है कि भाजपा उम्मीदवार बड़े अंतर यानि एक लाख से अधिक मतों से जीतेंगे। प्रो नंदन पटना नगर निगम के वार्ड 23 स्थित मोंटेसरी गली बोरिंग रोड के सत्यम एपार्टमेंट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रो नंदन ने कहा कि राजद के 15 साल के शासन में सबसे ज्यादा प्रताड़ित डॉक्टर हुए। डॉक्टर सिर्फ प्रताड़ित ही नहीं हुए बल्कि उनका सबसे अधिक फिरौती के लिए अपहरण हुआ। मतलब राजद के शासनकाल में मानव को जीवन प्रदान करने वाले डॉक्टर भी सुरक्षित नहीं थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां बूथ स्तर से जुड़े कार्यकर्ता को चुनाव में टिकट देकर उम्मीदवार बनाया जाता है यही भाजपा की पहचान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा को कोई पार्टी सही स्थान और पहचान दे सकती है वह पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति केन्द्र प्रमख प्रशांत चंदन, संचालन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन वरुण कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ संजय सहाय, धनंजय शर्मा, प्रदेश मंत्री सीमा झा, प्रफुल्ल रंजन वर्मा, मृत्युंजयकुमार, महेश कुमार, अनिल कुमार व विनय कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए।

मल्लिकार्जुन खरगे का 84 वां जन्मदिन सदाकत आश्रम में मना, राजेश राम ने बच्चों के साथ काटा केक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का 84वां जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने बच्चों के साथ केक काटकर खरगे जी के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मल्लिकार्जुन खरगे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी देश के संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि खरगे जी का लंबा राजनीतिक अनुभव, सादगी और जनसेवा के प्रति समर्पण करोड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजेश राम ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और छात्रों पर दर्ज एफआइआर वापसी की मांग को लेकर लोक भवन के सामने बिहार कांग्रेस का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में सोमवार की शाम लोक भवन, पटना के सामने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। रात करीब पौने आठ बजे शुरू हुए इस धरने में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' और 'छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लो' जैसे नारे लगाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर सवालों पर जवाब देने से बच रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि निर्दोष छात्रों पर दर्ज मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। इससे पहले नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के सामने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया। राजेश राम ने कहा कि लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने के लिए की जा रही कार्रवाई देश के लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है।

श्रावणी मेले का वीडियो बनाइए, तीन लाख रुपये तक का पुरस्कार पाइए

इन्फ्लुएंसर्स की नजर से दुनिया देखेगी श्रावणी मेले की आस्था और संस्कृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। श्रावणी मेले की भक्ति, संस्कृति और रंग अब सोशल मीडिया के जरिए दुनिया तक पहुंचेंगे। पर्यटन विभाग ने 'श्रावणी मेला 2026: इंफ्लुएंसर की नजर से' वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता की घोषणा की है। इस पहल के तहत रचनात्मक वीडियो तैयार करने वाले कंटेंट क्रिएटर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को 25 हजार से 3 लाख रुपये तक के आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पर्यटन विभाग के अनुसार प्रतियोगिता में फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब पर कुल मिलाकर न्यूनतम 25 हजार फॉलोअर्स वाले कंटेंट क्रिएटर्स और इंफ्लुएंसर्स भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमश तीन लाख, दो लाख और एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा चतुर्थ स्थान पर रहने वाले दो प्रतिभागियों को 50-50 हजार रुपये, जबकि पांच प्रतिभागियों को 25-25 हजार रुपये के प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विभाग की ओर से आयोजित होने वाला श्रावणी मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मुंगेर, बांका एवं भागलपुर स्थित कांवरिया पथ तथा श्रावणी मेले से जुड़े धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों पर आधारित वीडियो अथवा रील तैयार करनी होगी।

चुनाव आयोग से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल, बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर के चुनावी खर्च को लेकर की शिकायत

पैसे और फर्जी सोशल मीडिया के सहारे चुनाव लड़ रहे हैं प्रशांत किशोर : शाहनवाज हुसैन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने पटना में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात कर बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर द्वारा कथित रूप से चुनावी खर्च की निर्धारित सीमा का उल्लंघन करने, फर्जी कंपनियों के माध्यम से धन खर्च करने तथा सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट और बॉट नेटवर्क के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री मिथिलेश तिवारी, विधायक जीवेश मिश्रा, विधान परिषद में मुख्य सचेतक जनक राम, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल तथा चुनाव आयोग सेल के संयोजक राकेश ठाकुर शामिल थे। चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर ने चुनावी खर्च की 40 लाख रुपये की सीमा को पार करते हुए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं और इस संबंध में भाजपा ने चुनाव आयोग को दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं। शाहनवाज हुसैन ने आरोप लगाया कि चुनावी खर्च को छिपाने के लिए अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रचार कराया जा रहा है।

किसानों की शिकायतों पर कृषि मंत्री सक्रिय, अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि विभाग के किसान हेल्पलाइन सेंटर का निरीक्षण कर किसानों से प्राप्त शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का स्वयं अवलोकन किया तथा किसान हेल्पलाइन सेंटर से राज्य के विभिन्न जिलों के शिकायतकर्ता किसानों को स्वयं फोन कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। कृषि मंत्री ने किसानों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित जिला कृषि पदाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करते हुए 24 घण्टे के भीतर कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान कृषि मंत्री ने सुपौल, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण के जिला कृषि पदाधिकारियों से भी सीधे बात की और प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साइबर जागरूकता व डिजिटल सुरक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

नगर परिषद में साइबर अपराध और डिजिटल सुरक्षा विषय पर परिचर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमुई। देश और प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और डिजिटल सुरक्षा को लेकर हर मंगलवार को डिजिटल सुरक्षा को लेकर प्रत्येक मंगलवार को डिजिटल सुरक्षा के प्रति आम लोगों में जागरूकता हेतु राज्य सरकार ने एक अभियान चलाया है। जिसके तहत नगर परिषद जमुई में साइबर अपराध और डिजिटल सुरक्षा विषय पर एक परिचर्चा की गई। परिचर्चा की अध्यक्षता स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सरकारी वकील प्रभात कुमार भगत ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि कानूनी चुनौती भी है। प्रत्येक नागरिक को अपने डिजिटल अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। समय पर शिकायत और जागरूकता ही साइबर अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण का सबसे सशक्त उपाय है। राजकीय डिग्री महाविद्यालय इस्लामनगर अलीगंज के प्राचार्य

डॉ. गौरी शंकर पासवान ने विशिष्ट अतिथि के बतौर बोलते हुए कहा कि डिजिटल युग ने जीवन को अत्यंत सरल बना दिया है. लेकिन साइबर अपराध ने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। साइबर जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। डिजिटल सतर्कता सुरक्षित भविष्य की मजबूत सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक, क्यूआर कोड पर बिना सत्यापन के विश्वास करना आर्थिक और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए घातक हो सकता है। जागरूक नागरिक ही साइबर अपराधियों को हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता की आज जरूरत है विद्यालय, महाविद्यालययो और समाज में नियमित डिजिटल शिक्षा से लोगों की समझ और सावधानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग का सबसे बड़ा मंत्र है- समझें, परखें और फिर क्लिक करें। प्रत्येक मंगलवार का डिजिटल सुरक्षा अभियान जन भागीदारी का माध्यम बन सकता है। दूसरों को भी डिजिटल सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक बनाकर सुरक्षित भारत के निर्माण में योगदान दें। वरिष्ठ अधिवक्ता मुरारी झा ने कहा कि नागरिक ही सुरक्षित समाज और राष्ट्र की पहचान है। बचाव का सबसे प्रभावी उपाय कानून के

सहयोग शिविर में साइबर मंगलवार के तहत लगाए गए स्टॉल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमुई। जन-समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन के उद्देश्य से जमुई जिले के सभी दस प्रखंडों के सूचीबद्ध पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का सफल आयोजन किया गया। डीएम श्री नवीन और एसपी विश्वजीत दयाल ने संयुक्त रूप से सिकंदरा प्रखंड अंतर्गत मंजोष तथा खैरा प्रखंड के तहत बिशनपुर पंचायत में आयोजित शिविर का जायजा लिया। पदस्थ द्वय ने इस दरम्यान दूर-दराज से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और पूर्व में प्राप्त आवेदनों के सफल निष्पादन के उपरांत लाभुकों के हाथों में स्वीकृति और

प्रमाण पत्र सौंपा। सहयोग शिविर में 'साइबर मंगलवार' अभियान के तहत साइबर सुरक्षा के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए। साइबर अपराध से पीड़ित लोग यहां अपनी समस्याओं के लिए आवेदन दिया और न्याय की गुहार लगाई। इसके अलावे शिविर में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डीएम ने सहयोग पोर्टल की चर्चा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन तय समय के भीतर वैध आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

साथ-साथ डिजिटल गतिविधि को अनदेखा नहीं करें। प्रो. सरदार राय ने कहा साइबर अपराधियों की बढ़ती चुनौती का समाधान सिर्फ आधुनिक तकनीक से नहीं जागरूक नागरिकता से ही संभव है। ओटीपी पासवर्ड और बैंक की जानकारी की गोपनीयता ही आपकी आर्थिक सुरक्षा की गारंटी है। वरिष्ठ शिक्षक दिनेश मंडल ने कहा कि डिजिटल युग में सुरक्षित रहना हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। सावधानी डिजिटल सुरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है। सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाना केवल सरकार का काम नहीं कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

मौके पर विजय कुमार, अनिल पाठक, मंटू, श्याम आदि लोगों ने साइबर अपराध के प्रति सतर्कता बरतने की अपील की।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी जरूरी : डीएओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर (पलामू)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत चल रहे एन्यूमीरेशन एवं डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति, बीएलओ एवं बीएलए-2 की भूमिका तथा आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन कार्य किया जा रहा है। पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अब तक लगभग 99.9 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण तथा 78.25 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। उन्होंने राजनीतिक दलों से 22 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाली बीएलओ एवं बीएलए-2 की तीसरी एवं अंतिम बैठक में अपने प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इसी दिन चुनाव पाठशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बीएलए-2 की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि बीएलए-2 के साथ प्रारूप मतदाता सूची तथा एएसडीडीएफ सूची का सत्यापन किया जाएगा। एएसडीडीएफ सूची में डुप्लीकेट प्रविष्टि, मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता, अनुपस्थित/लापता मतदाता तथा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर से इनकार करने वाले मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों का परीक्षण किया जाएगा। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर से बीएलए-2 एवं अन्य प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों पर आयोजित बैठक एवं चुनाव पाठशाला में भाग लेने के लिए प्रेरित करें तथा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।इस अवसर पर पांकी एवं विश्रामपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला नागरिक परिषद ने किया एसबीआई मुख्य प्रबंधक का अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला नागरिक परिषद के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा, रमेश चौक में मुख्य प्रबंधक का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राकेश कुमार जैन ने मुख्य प्रबंधक को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि बैंक को ऐसे ऊर्ज़ावान और सक्रिय प्रबंधन की



आवश्यकता थी, जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए प्रबंधन के नेतृत्व में शाखा और अधिक प्रगति करेगी तथा आम लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का अधिक लाभ मिलेगा। मुख्य प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को हर प्रकार के ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप सरल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुकेश कुमार मिश्रा, जितेंद्र यादव, उमेश कुमार सिंह, महासचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह, गोपाल सिंह, अप्पू जैन, रामजी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

15 लाख की इनामी महिला नक्सली बबीता ने किया आत्मसमर्पण

'नई दिशा एक नई पहल' नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटी, वर्षों तक पारसनाथ व कोल्हान क्षेत्र में रही सक्रिय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। भाकपा (माओवादी) की एरिया कमेटी सदस्य तथा 15 लाख की इनामी महिला नक्सली अनीता किस्कू उर्फ बबीता उर्फ बबीता कुमारी उर्फ बबीता देवी ने मंगलवार को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 'नई दिशाऽएक नई पहल' से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाली महिला नक्सली को सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा, ताकि वह हिंसा का रास्ता छोड़कर सामान्य पारिवारिक जीवन व्यतीत कर सके। वर्ष 2009 में जुड़ी थी नक्सली संगठन से पुलिस के अनुसार अनीता किस्कू वर्ष 2009 में नक्सली संगठन के संपर्क में आई थी। शुरुआत में वह सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से संगठन से जुड़ी और धीरे-धीरे उसकी सक्रिय सदस्य बन गई। बाद में उसकी नजदीकियां कुख्यात नक्सली अजय महतो उर्फ टाइगर से बढ़ीं और वर्ष 2017 में दोनों ने विवाह कर लिया। इसके बाद वह संगठन की गतिविधियों में लगातार सक्रिय रही। पारसनाथ से कोल्हान तक रही सक्रिय पुलिस के अनुसार बबीता पारसनाथ, लुगू पहाड़ी, झुमरा पहाड़ी और कोल्हान क्षेत्र में संगठन की सक्रिय एरिया कमेटी सदस्य थी। संगठन में रहते हुए वह हथियार और विस्फोटक छिपाने, लेवी वसूली, ग्रामीणों में दहशत फैलाने तथा पुलिस और सुरक्षा बलों के खिलाफ नक्सली गतिविधियों में शामिल रही। संगठन में उसकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए उसे एरिया कमेटी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

पुलिस के अनुसार समय के साथ संगठन के भीतर शोषण, शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली और निर्दोष ग्रामीणों के खिलाफ हिंसक गतिविधियों से बबीता का मोहभंग हो गया।

राशन कार्ड निर्माण में लाएं तेजी : एसडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। राशन कार्ड निर्माण और सुधार कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से मंगलवार को कौआकोल प्रखंड कार्यालय सभागार में नवादा सदर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अमित अनुराग की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) के सभी डीलरों की बैठक हुई। बैठक में राशन कार्ड निर्माण, संशोधन, लाभुकों के नाम जोड़ने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीओ अमित अनुराग ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र परिवार राशन कार्ड और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने डीलरों को निर्देश दिया कि जिन पात्र परिवारों का अब तक राशन कार्ड नहीं बना है या किसी कारणवश रद्द हो गया है, उनसे ऑफलाइन आवेदन लेकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रखंड कार्यालय में जमा कराएं। प्रत्येक डीलर को प्रतिदिन कम से कम पांच आवेदन जमा कराने का लक्ष्य दिया गया है।

उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ परिवार के मुखिया का जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रतियां तथा एक समूह फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही डीलरों को लाभुकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने और आवेदन भरने में सहयोग करने का भी निर्देश दिया गया। एसडीओ ने सभी जनवितरण विक्रेताओं को समय पर राशन वितरण, ई-पॉस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने तथा लाभुकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधित डीलर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान डीलरों ने राशन वितरण, सर्वर की तकनीकी समस्याओं तथा अन्य प्रशासनिक मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। बैठक में ट्रैफिक डीएसपी प्रशांत अभिषेक, बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ चंदन चौधरी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशुतोष रंजन, डीलर संघ के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद सहित सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित थे।

दिल्ली में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की नई प्रदेश कार्यकारिणी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश पर दिल्ली प्रदेश इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित रानी सती मंदिर, अंगूरी बाग (लाल किला गेट संख्या-3 के समीप) में संगठनात्मक बैठक एवं निर्वाचन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से समाज के प्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली सहित पांच राज्यों के संगठन संयोजक तथा चुनाव प्रभारी मनोज चंद्रवंशी, प्रभारी रणविजय रोशन और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत चंद्रवंशी की उपस्थिति में लोकतांत्रिक एवं सर्वसम्मति से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध और समाज के कुलभूषण स्वर्गीय नथनी प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान समाज की एकता, शिक्षा, संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया गया। सर्वसम्मति से एडवोकेट राज सिंह चंद्रवंशी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। घोषणा के बाद उपस्थित प्रतिनिधियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय महामंत्री मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा और सर्वसम्मति संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के मार्गदर्शन में संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगी। राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन ने समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और युवाओं के नेतृत्व विकास पर बल दिया, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत चंद्रवंशी ने संगठन में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम निवास चंद्रवंशी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर चंद्रवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीनिवास चंद्रवंशी सहित कई पदाधिकारी, समाजसेवी, महिला प्रतिनिधि और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक नजर

साइबर स्मार्ट ट्यूजडे के तहत विद्यालयों में चला जागरूकता अभियान

कौआकोल। साइबर स्मार्ट ट्यूजडे कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचाव, साइबर अपराध की पहचान, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेन-देन के प्रति सतर्क रहने और साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक के रूप में तैयार करना है। कार्यक्रम में प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, संदीप कुमार, नरेश कुमार, अरुण कुमार सहित विद्यालयों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

रजौली। हरदिया पंचायत अंतर्गत डिलवा रेलवे स्टेशन के समीप देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही रजौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के निर्देशन में एसआई सचिन कुमार ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसआई ने बताया कि प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला है कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता था और उसे क्षेत्र में कभी-कभी घूमते देखा जाता था। हालांकि उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। ट्रेन की टक्कर से युवक का एक हाथ गंभीर रूप से क्षत-विक्षत हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक मॉर्चुरी में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस मृतक की तस्वीर आसपास के थानों और संबंधित क्षेत्रों में साझा कर उसकी पहचान कराने तथा परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पहचान होने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

कौआकोल बाजार–पकरीबरावां मार्ग की बदहाली से बढ़ी परेशानी

कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित कौआकोल बाजार से पकरीबरावां मुख्य पथ तक जाने वाली सड़क बारिश के बाद बदहाल हो गई है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने और जगह-जगह अतिक्रमण के कारण सड़क पर जलजमाव व कीचड़ की समस्या गंभीर हो गई है। इससे राहगीरों, दुकानदारों, छात्र-छात्राओं और वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ रही है। दुर्गा मंडप गली के प्रवेश द्वार से जेपी चौक, कोल्हुआवर होते हुए बड़राजी तक कई स्थानों पर सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बरसात का पानी भर जाने से गड्ढों का पता नहीं चल पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दुकानदारों के अनुसार सड़क की बदहाली का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। कीचड़ और जलजमाव के कारण ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने और सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा रहता है। लोगों ने जिला प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत, अतिक्रमण हटाने और स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

सहयोग शिविर में एसडीओ ने लाभुकों को स्वीकृति पत्र व राशन कार्ड वितरित किए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को नवादा सदर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अमित अनुराग की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आय, जाति और आवासीय प्रमाण-पत्र से संबंधित आवेदन और शिकायतें दर्ज कराईं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसडीओ अमित अनुराग ने पात्र लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र और नए राशन कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर नियमित रूप से सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने तथा किसी भी पात्र लाभुक को सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहने देने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से भी सही एवं पूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में प्रशासन से संपर्क करने की अपील की। शिविर में ट्रैफिक डीएसपी प्रशांत अभिषेक, बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ चंदन चौधरी, बीईओ अजीत कुमार, पीओ असलम हुसैन, मुखिया हेमा देवी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लाभुकों ने मौके पर समस्याओं के समाधान और स्वीकृति पत्र व राशन कार्ड मिलने पर प्रशासन की पहल की सराहना की।

यूथ क्लब के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता के निधन पर राजीव नयन ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। यूथ क्लब संस्था के लंबे समय तक महासचिव रहे वरिष्ठ समाजसेवी के आकस्मिक निधन पर समाजसेवी राजीव नयन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से समाज और यूथ क्लब संस्था को अपूरणीय क्षति हुई है। राजीव नयन ने कहा कि दिवंगत स्वर्गीय नंद किशोर जी के बड़े पुत्र थे। वे मृदुभाषी, विद्वान और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। यूथ क्लब के अग्रणी नेतृत्वकर्ता के रूप में उन्होंने लंबे समय तक संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, वे जेपी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में हमेशा अग्रणी रहे। उन्होंने बताया कि दिवंगत ने शहर में चौक निर्माण सहित कई सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। राजीव नयन ने कहा कि पिछले 50 वर्षों से उनका दिवंगत के साथ आत्मीय संबंध रहा और उनके निधन से उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए कहा कि समाज के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

12 ज्योतिर्लिंगों की पदयात्रा पर निकले अनुपम कुमार, देवघर से काशी विश्वनाथ के लिए रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिसुआ (नवादा)। भागलपुर जिले के कहलगांव निवासी अनुपम कुमार सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और आध्यात्मिक जागरूकता के उद्देश्य से देश के 12 ज्योतिर्लिंगों की पदयात्रा पर निकले हैं। यात्रा के प्रथम चरण में उन्होंने बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की।

देवघर में दर्शन के बाद अनुपम कुमार पैदल ही नवादा के हिसुआ मार्ग से काशी विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान वे लोगों को सनातन संस्कृति, भारतीय परंपरा तथा आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ने का संदेश भी दे रहे हैं। अनुपम कुमार ने बताया कि उनकी यात्रा का उद्देश्य केवल 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करना नहीं, बल्कि समाज में सनातन धर्म, सेवा, सद्भाव, प्रेम और मानवता का संदेश पहुंचाना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि भगवान शिव की कृपा से वे अपनी इस कठिन लेकिन प्रेरणादायक पदयात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे। उनकी इस आध्यात्मिक यात्रा को लेकर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में उत्साह है। सभी ने उनकी सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए भगवान शिव से मंगलकामना की।

नालंदा

जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर डीएम का जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। समाहरणालय स्थित न्यू एनआइसी बैठक कक्ष में सोमवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण, विकास योजनाओं की प्रगति, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, न्यायालयी मामलों तथा आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। डीएम ने सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने तथा मुख्य सचिव जन शिकायत पोर्टल, सहयोग और

मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री सात निश्चय एवं सात निश्चय-2 योजना में नालंदा जिला राज्य में चौथे स्थान पर है, जबकि जल-जीवन-हरियाली में पांचवां, लोक शिकायत निवारण अधिनियम में सातवां और आरटीपीएस में दसवां स्थान प्राप्त हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि 2 से 18 जुलाई तक 2,61,861 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। डीएम ने जल्द चार लाख स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा करने, आयुष्मान कार्ड सत्यापन, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा राजस्व एवं भूमि सुधार के लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर निरीक्षण रिपोर्ट और फोटो टीम नालंदा व्हाट्सएप समूह पर साझा करने को कहा।

नालंदा कॉलेज में नवनामांकित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह आयोजित

अनुशासन व व्यक्तित्व विकास पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में स्नातक के नए सत्र के नवनामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए मंगलवार को भव्य दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों प्रो. आर.पी. कचवे, डॉ. श्यामसुंदर प्रसाद तथा डॉ. मंजू कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सर्वदमन कश्यप ने किया।प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नालंदा की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाना युवाओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने, अनुशासन का

पालन करने और व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. आर.पी. कचवे ने समय प्रबंधन और मेहनत का महत्व बताया, जबकि डॉ. श्यामसुंदर प्रसाद ने सकारात्मक सोच और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। डॉ. मंजू कुमारी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। डॉ. सुमित कुमार एवं जितेंद्र सिन्हा ने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस), परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय, एनएसएस तथा खेलकूद जैसी गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में डॉ. शाहिदुर रहमान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह में सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में नव-नामांकित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों को उनके संबंधित विभागों में भेजकर प्राध्यापकों ने उनसे परिचयात्मक संवाद किया।

एकंगरसराय में दो बाइकों की टक्कर, एक व्यक्ति गंभीर

एकंगरसराय। एकंगरसराय-इस्लामपुर मुख्य मार्ग पर बाबू बिगहा गांव के समीप मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल व्यक्ति सड़क पर अचेत अवस्था में पड़ा था। सूचना मिलते ही एकंगरसराय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकंगरसराय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया।घायल की पहचान परबलपुर थाना क्षेत्र के बदौनी गांव निवासी बिंदेश्वरी शर्मा के 50 वर्षीय पुत्र रंजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने घायल की बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं, दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया।

सड़क लूट, शराब व आर्म्स एक्ट के तीन आरोपित गिरफ्तार

इस्लामपुर। खुदागंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए हिलसा अनुमंडल न्यायालय भेज दिया गया।थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गलहोत ने बताया कि पुलिस ने गया जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के सोनसा गांव में छापेमारी कर सड़क लूट कांड के आरोपी पप्पू कुमार तथा शराब कांड के आरोपी अम्कुज यादव को गिरफ्तार किया। वहीं, खुदागंज थाना क्षेत्र के वाजीपुर चरनटई गांव में छापेमारी कर आर्म्स एक्ट एवं एससी-एसटी एक्ट के नामजद आरोपित कुलदीप यादव को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में हिलसा भेज दिया गया।

पति ने लोहे की रॉड से की पत्नी की हत्या, वारदात के बाद आरोपित फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हरनौत। नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के रहुई बाजार स्थित वार्ड संख्या-1 में घरेलू विवाद के दौरान एक सनसनीखेज घटना सामने आई। आरोप है कि पति ने अपनी 30 वर्षीय पत्नी रिंकी कुमारी की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी और घटना के बाद मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए।जानकारी के अनुसार, मृतका रिंकी कुमारी रहुई बाजार निवासी पंकज राम की पत्नी थीं। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके

बाद आरोपी ने गुस्से में आकर रिंकी के सिर पर लोहे की रॉड से कई वार किए। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया तथा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पति द्वारा हत्या किए जाने की बात सामने आई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

दहेज हत्या का आरोपित समेत हत्या के प्रयास के आठ अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगरनौसा। नगरनौसा थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए दहेज हत्या के एक आरोपित सहित हत्या के प्रयास के आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के खरसरिया गांव में छापेमारी कर दहेज हत्या मामले के प्राथमिकी अभियुक्त नागेंद्र कुमार (पिता- सीता महतो) को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध नगरनौसा थाना कांड संख्या 143/26 के तहत दहेज हत्या का मामला दर्ज है। वहीं दूसरी

कार्रवाई में पुलिस ने कोरारी गांव में छापेमारी कर हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में कुल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें नगरनौसा थाना कांड संख्या 179/26 के प्राथमिकी अभियुक्त लोभी पासवान उर्फ छोटे पासवान, चंदन पासवान, छोटू पासवान और सतीश पासवान शामिल हैं। इसके अलावा नगरनौसा थाना कांड संख्या 180/26 के तहत दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में श्यामबाबू पासवान, समरू पासवान, सचिन कुमार और अमरजीत कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि आपराधिक मामलों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

राढ़िल छिल्का पुल पर बालू-मिट्टी का ढेर बना मुसीबत, दुर्घटना और जाम का बढ़ा खतरा

हिलसा। अनुमंडल क्षेत्र में लोकायन नदी पर बने राढ़िल छिल्का पुल पर बाढ़ पूर्व तैयारी के तहत रखे गए बालू और मिट्टी के ढेर अब आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। पुल पर करीब 200 मीटर तक बालू और मिट्टी जमा होने से वाहनों के आवागमन के लिए जगह काफी संकरी हो गई है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दुर्घटना और जाम की आशंका भी लगातार बनी हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार पुल पर बालू और मिट्टी के ढेर के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे आमने-सामने की टक्कर का खतरा बढ़ गया है। स्थिति यह है कि पुल पर अक्सर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है।बारिश के बाद बालू और मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। फिसलन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीण धनंजय पासवान, विनोद यादव, परशुराम सिंह और जय राम यादव ने बताया कि पुल पर भारी मात्रा में बालू और मिट्टी रखे जाने से पुल पर अतिरिक्त भार भी पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

गली में पानी गिराने के विवाद में महिला पर हमला, स्थिति गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। वेना थाना क्षेत्र के पैठन गांव में गली में पानी गिराने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान एक महिला पर कथित रूप से ईंट से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान पैठन गांव निवासी बैजू राम की 35 वर्षीया पत्नी मालती देवी के रूप में हुई है। उनका इलाज बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में चल रहा है। घायल मालती देवी ने बताया कि पड़ोसी उनके घर की गली में छत का पानी गिरा रहे थे। इसका विरोध करने पर पहले कहासुनी हुई और फिर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पड़ोसी पप्पू राम, उनके बेटे और भतीजे ने मिलकर उन पर ईंट से हमला कर दिया। घटना के समय उनके पति खेत में धान रोपने गए थे, जबकि घर में केवल वह, उनकी मां और बेटी मौजूद थीं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।वेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले में पीड़िता की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इलाज के दौरान युवक की मौत, शव रखकर फोरलेन जाम, मुआवजा व गिरफ्तारी की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। अस्थावां थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद मंगलवार को परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने बिहारशरीफ-बरबीघा-शेखपुरा फोरलेन पर सोयवा पुल के समीप शव रखकर करीब चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित रहा। मृतक की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव निवासी महेंद्र ठाकुर के 24 वर्षीय पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार देर शाम अस्थावां थाना क्षेत्र के अकबरपुर फोरलेन के समीप बोलेरो और बाइक की टक्कर में राजू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार देर रात उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह शव गांव पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा देने तथा हादसे में शामिल बोलेरो चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उनका कहना था कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। घटना की सूचना पर अस्थावां थानाध्यक्ष सत्यम कुमार चंद्रवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस के आश्वासन के बाद स्थिति सामान्य होने लगी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दुर्घटना में शामिल वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।

कला-संस्कृति को नई पहचान दिलाने के लिए होगी ठोस पहल : डॉ. प्रेम कुमार

सांस्कृतिक नगरी गया के विकास और कलाकारों के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं मोक्ष की पावन नगरी गया के सर्वांगीण विकास, स्थानीय धरोहरों के संरक्षण तथा कलाकारों के कल्याण को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मगध एवं गया क्षेत्र के 70 से अधिक वरिष्ठ, युवा एवं प्रसिद्ध कलाकारों ने भाग लेकर कला, संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों तथा कलाकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं बैठक का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी शंभू सुमन ने किया। बैठक के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी शंभू सुमन ने कलाकारों की ओर से 14 सूत्री मांग पत्र बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को सौंपा। मांग पत्र में गया में कला महाविद्यालय की स्थापना, कलाकारों के आयु वर्ग में व्यावहारिक संशोधन, ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार, राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक संस्थाओं की शाखाएं खोलने, नियमित कला महोत्सव आयोजित करने सहित कलाकारों के सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया केवल ज्ञान और मोक्ष की भूमि ही नहीं, बल्कि कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत की भी समृद्ध भूमि है। यहां की सांस्कृतिक परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है और कलाकार इस विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों द्वारा उठाए गए सभी 14 बिंदु अत्यंत महत्वपूर्ण और मगध क्षेत्र के विकास से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांटा स्टेट, टिल्हा धर्मशाला, रामशिला पहाड़ी के नीचे स्थित प्राचीन मंदिर, अक्षय वट तथा पाल काल के अंतिम शासक राजा राजपाल द्वारा निर्मित एवं पुनर्स्थापित परपिता-महेश्वर मंदिर जैसी ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हर हाल में किया जाना चाहिए। इन धरोहरों को सुरक्षित रखना हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। बैठक में गया में एक समर्पित कला महाविद्यालय की स्थापना की मांग की गई, ताकि स्थानीय युवाओं को उच्च कला शिक्षा एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। साथ ही राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी, भारतीय कला अकादमी एवं उपेंद्र महारथी कला शिल्प संस्थान जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं की क्षेत्रीय शाखाएं गया में खोलने का प्रस्ताव रखा गया। कलाकारों ने गया में नियमित रूप से नाट्य महोत्सव, नाट्य प्रशिक्षण शिविर, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत एवं वाद्य यंत्र कला से संबंधित कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों के आयोजन की भी मांग की। बैठक में वरिष्ठ कलाकार पेंशन योजना में सुधार करते हुए पात्रता की वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर 1,20,000 से 3,60,000 किए जाने की मांग की गई, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद कलाकारों को इसका लाभ मिल सके। कलाकारों के लिए आधुनिक गैलरी एवं स्थायी कला दीर्घा के निर्माण, बिहार एवं मगध के कलाकारों के लिए आधिकारिक कलाकार संघों के गठन तथा गुरु-शिष्य परंपरा योजना के पात्र आवेदकों को शीघ्र प्रशिक्षण एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। इसके अतिरिक्त गया में स्थानीय कला, मगही लोकगीत एवं संगीत के प्रचार-प्रसार के लिए आकाशवाणी केंद्र की स्थापना तथा पटना की तर्ज पर गया में भी 'शुक्र गुलजार, शनि बहार' जैसे नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने मगध विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित, राजभाषा हिंदी पर संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से मेधावी सम्मान समारोह एवं राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को हिंदी भवन के प्रेमचंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार तिवारी, राजभाषा प्रबंधक विकास कुमार, जी.बी. रोड शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक मेनका, धन संपदा प्रबंधक सुधांशु तथा मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सत्र 2023-25 की मेधावी छात्रा प्राची कुमारी को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11,000 रुपये का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से उज्ज्वल कुमार और मुरली मनोहर को दिया गया। दोनों विद्यार्थियों को 3,750 रुपये का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंतर्गत 'राजभाषा हिंदी के विकास में क्षेत्रीय भाषाओं का योगदान' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं के सहयोग के बिना हिंदी का विकास अधूरा है। उन्होंने कहा कि हिंदी को समृद्ध बनाने के लिए क्षेत्रीय एवं विदेशी भाषाओं के शब्दों को संतुलित ढंग से अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने लेखिका गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि तथा उसके अंग्रेजी अनुवाद का उदाहरण देते हुए भाषाई समृद्धि पर प्रकाश डाला। बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक की विश्व के अनेक देशों में संचालित शाखाएं हिंदी के प्रचार-प्रसार और उसके वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में राजभाषा हिंदी आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर समृद्ध हो रही है। राजभाषा प्रबंधक विकास कुमार ने संविधान में राजभाषा संबंधी प्रावधानों, विभिन्न सरकारी निर्णयों तथा वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल टूल्स की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

गया में अब देर रात तक चलेगा विशेष वाहन जांच अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। शहर में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं अनुशासित रखने के लिए जिला परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने देर रात तक विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्णय लिया है। सोमवार देर रात तक चले अभियान में प्रमुख चौक-चौराहों, व्यस्त मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहनों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान यातायात व्यवस्था नियंत्रित रही और लोगों को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिली। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) राजेश कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि नियमित जांच के साथ-साथ समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनी रहे। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। इसके अलावा हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर विशेष जोर दिया गया जिन वाहन चालकों के दस्तावेज अधूरे पाए गए या जिन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन किया, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान अधिकारियों ने केवल दंडात्मक कार्रवाई तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। उन्हें निर्धारित गति सीमा का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज हमेशा साथ रखने की सलाह दी गई। राजेश कुमार ने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि शहर में सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात संस्कृति विकसित करना है।

8 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना पुलिस ने आठ वर्षों से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बैकटपुर गांव निवासी रवि रंजन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि वर्ष 2018 में आरोपी की पत्नी ने उसके खिलाफ मारपीट और उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। तब से रवि रंजन फरार चल रहा था। मामले में लगातार अनुपस्थित रहने पर न्यायालय ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बैकटपुर गांव में छापेमारी कर उसे दबोच लिया। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

गया प्रधान डाकघर और पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। शहर के जीबी रोड स्थित प्रधान डाकघर और पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अज्ञात ई-मेल के माध्यम से भेजी गई धमकी की सूचना मिलते ही डाकघर प्रशासन ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी शमीम अहमद पुलिस बल, श्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ता के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से डाकघर परिसर को खाली कराया गया और पूरे भवन में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान पार्सल अनुभाग, काउंटर क्षेत्र, पासपोर्ट सेवा केंद्र के सभी कमरों तथा परिसर में रखे संदिग्ध सामान की धातु खोजी यंत्र और खोजी कुत्तों की सहायता से गहन जांच की गई। वरीय डाकपाल प्रणव कुमार झा ने बताया कि अज्ञात ई-मेल आईडी से प्राप्त संदेश में प्रधान डाकघर परिसर और पासपोर्ट सेवा केंद्र में बम लगाए जाने का दावा किया गया था। संदेश में किसी भी समय विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और सभी कर्मचारियों तथा अधिकारियों को सतर्क कर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए गए। प्रारंभिक जांच के दौरान परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। फिलहाल पुलिस और साइबर सेल की टीम मामले की जांच में जुटी है। धमकी भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए ई-मेल की तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को एहतियातन और अधिक मजबूत कर दिया गया है।

चिताबकलां पंचायत में ड्रॉपआउट बच्चों की घर वापसी और 21वीं सदी के कौशल विकास पर बनी रणनीति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। शेरघाटी प्रखंड की चिताबकलां पंचायत में पंचायत स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित कर विद्यालय से बाहर हो चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा किशोर-किशोरियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करने की रणनीति तैयार की गई। यह बैठक प्रथम मुंबई एजुकेशन इनिशिएटिव द्वारा यूनिसेफ बिहार के सहयोग से संचालित 'एडोलिमेंट इंपूवमेंट फॉर लीडिंग द चेंज ऑफ बिहार' परियोजना के तहत आयोजित की गई। बैठक में पंचायत के शिक्षकों, शिक्षा सेवकों, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों, किशोरी समूह की सदस्याओं तथा अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय छोड़ चुके बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन सुनिश्चित करने, नियमित उपस्थिति बढ़ाने तथा विद्यालय, समुदाय और पंचायत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिभागियों को परियोजना के उद्देश्यों और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में सभी हितधारकों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना समाज की साझा जिम्मेदारी है और इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान किशोर-किशोरियों में नेतृत्व क्षमता, प्रभावी संवाद कौशल, समस्या समाधान, आलोचनात्मक चिंतन, टीमवर्क और डिजिटल साक्षरता जैसे जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही 'पासपोर्ट टू अर्निंग (पीटूई)' कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक पात्र किशोर-किशोरियों का पंजीकरण कर उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने ड्रॉपआउट बच्चों की घर वापसी, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

दस दिनों से कठौतिया की नल-जल योजना ठप

125 घरों में पानी को लेकर हाहाकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखण्ड के कठौतिया गांव में नल-जल योजना पिछले दस दिनों से बंद पड़ी है। इससे गांव के करीब 125 घरों में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार समरसेबुल खराब हो जाने के कारण आपूर्ति ठप है। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के टॉल फ्री नंबर पर कई बार शिकायत की गई, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव निवासी मुकेश यादव, वीरेंद्र नाथ किशोर, विनय मांझी और प्रमोद मांझी ने कहा कि पानी नहीं मिलने से रोजमर्रा के काम ठप हो गए हैं। महिलाओं को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। गांव में महादलित परिवारों के करीब 30 घर भी हैं।

कोंच के तिनेरी में लगा सहयोग शिविर, 117 आवेदन प्राप्त, कई का ऑन द स्पॉट निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर मंगलवार को कोंच प्रखण्ड के तिनेरी पंचायत स्थित कस्तूरी खाप खटनही में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। शिविर में आमजन और जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सुना गया। संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाकर सामाजिक सौहार्द, शांति व्यवस्था और क्षेत्र के समग्र विकास में सहयोग करें। मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब के अनुसार शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 117 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें सबसे अधिक 40 आवेदन राशन कार्ड में नाम जोड़ने को लेकर आए। इसके अलावा जमीन से संबंधित 25, पेंशन 18, बिजली बिल अधिक आने की 12, शौचालय 12 और आवास के 10 आवेदन जमा किए गए। पेंशन के कुछ मामले बंद थे तो कुछ नए बनवाने के थे। प्रत्येक संबंधित विभाग द्वारा लगभग 3-4 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। शेष आवेदनों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिविर में डीटीओ राजेश कुमार, डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, बीडीओ चंदन कुमार, पीओ संजय कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीडीपीओ, आवास सहायक, राजस्व कर्मचारी, पशु चिकित्सक, रोजगार सेवक, थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, सरपंच पति मो. शाहिद उर्फ साहू सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

महुआवां पंचायत के मुख्य मार्ग पर जलजमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आमस (गया)। आमस प्रखंड की महुआवां पंचायत में मुख्य सड़क पर स्थायी जलजमाव के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वैदेही इंटरनेशनल स्कूल के समीप स्थित यह सड़क दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, लेकिन नाली के अभाव में यहां हमेशा पानी जमा रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्ष भर पानी जमा रहता है। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, साइकिल और बाइक चालकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा सड़क पर चलना जोखिम भरा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि जलजमाव के कारण सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। कई बार इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और ग्रामीण कार्य विभाग से मांग की है कि सड़क के किनारे नाली का निर्माण कराया जाए तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को जलजमाव की समस्या से राहत मिल सके और आवागमन सुचारु रूप से हो सके।

वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मैगरा। भदवर थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत एक इस्तेहार वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के बिजुआ गांव निवासी 76 वर्षीय विपत भुइयां के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को आरोपी के संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद सोमवार की देर रात छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ की औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

शपथ पत्र

मैं श्याम नारायण कुमार उर्फ बाला कुमार जन्म तिथि-14/05/1996 पिता-द्वारिका बारी ग्राम-कुझी, पो.-सियॉवक, थाना+अंचल-राजपुर, जिला-रोहतास, बिहार का निवासी हूं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं भारतीय नागरिक हूं वो हिन्दू धर्म को मानता हूं। मेरा घरेलू नाम बाला कुमार तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पैन कार्ड पर श्यामनारायण कुमार दर्ज है।

श्याम नारायण कुमार व बाला कुमार उक्त दोनों नाम मेरा ही है और मैं दोनों नामों से जाना पहचाना वो पुकारा जाता हूं। उक्त दोनों नाम मेरा ही है और वह व्यक्ति मैं ही हूं। मेरे एल.आई.सी. जीवन बीमा पॉलिसी नं. 517232625 पर मेरा नाम बाला कुमार दर्ज है तथा अन्य आधार, पैन पर मेरा नाम श्याम नारायण कुमार दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा है। एक ही व्यक्ति का दोनों नाम होने तथा भिन्नता को एकरूपता समझने वो सत्यता पुष्टि करने हेतु यह शपथ पत्र बना रहा हूं ताकि समय पर काम आवे।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 13977 दिनांक 17.07.26

शपथकर्ता
श्याम नारायण कुमार
उर्फ बाला कुमार

डॉ. महेश बने आमस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आमस (गया)। आमस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में डॉ. महेश बाबू ने पदभार ग्रहण किया। इनकी नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार होगा तथा मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। जानकारी के अनुसार डॉ. महेश बाबू इससे पहले भी आमस सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके पूर्व कार्यकाल में अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार, मरीजों के समय पर उपचार और आम लोगों के प्रति उनके सहज एवं संवेदनशील व्यवहार की व्यापक सराहना हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. महेश बाबू के पुनः प्रभार संभालने से अस्पताल की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। क्षेत्रवासियों ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और कुशल नेतृत्व से स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को इलाज के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाखा)

सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आम सभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आम सभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	प्रखण्ड का नाम	ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम	रिक्त पद	पोषक क्षेत्र का जाति बाहुल्य	आमसभा की तिथि/समय
1	2	3	4	5	6	7
1	धुरकी	धुरकी	टाटीदीरी तेनुआही टोला	सहायिका	BC-1	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
2	धुरकी	धुरकी	भण्डार उ0प0	सहायिका	BC-1	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
3	धुरकी	धुरकी	कुम्बाकला	सेविका	BC-1	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
4	धुरकी	धुरकी	मिरचईया उत्तर	सेविका	SC	गुरूवार 13.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
5	धुरकी	सगमा	मकरी	सहायिका	BC-2	शुक्रवार 14.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
6	धुरकी	सगमा	सोनडीहा द0	सेविका	BC-1	सोमवार 17.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
7	धुरकी	रमना	जीरूआ	सेविका	ST	मंलगवार 18.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
8	धुरकी	रमना	गम्हरिया प0	सेविका	BC-2	बुधवार 19.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
9	मेराल	डंडई	मुस्लिम टोला बैला झखड़ा	सेविका	BC-1	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
10	मेराल	डंडई	सिकरिया	सेविका	ST	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
11	मेराल	मेराल	दुलदुलवा भुईया टोला	सहायिका	SC	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
12	मेराल	मेराल	बहेरवा	सेविका/सहायिका	ST	गुरूवार 13.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
13	रंका	रंका	दमारन	सेविका	ST	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
14	रंका	रंका	रंका खूर्द	सेविका	BC-1	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
15	रंका	रमकण्डा	बरवाहा	सेविका	ST	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
16	रंका	रमकण्डा	स्बाने परहिया टोला	सेविका	ST	गुरूवार 13.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
17	रंका	चिनिया	सिदे	सहायिका	ST	शुक्रवार 14.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
18	रंका	चिनिया	कठौतिया	सेविका	ST	सोमवार 17.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
19	नगरउँटारी	रमना	धोबी टोला परसवान	सेविका	SC	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
20	नगरउँटारी	नगरउँटारी	हलिवंता खूर्द	सहायिका	SC	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
21	भवनाथपुर	खरौधी	सिर पलिया	सहायिका	ST	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
22	भवनाथपुर	खरौधी	सिसरी	सेविका	BC-1	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
23	भवनाथपुर	केतार	चौरा बिगहा	सहायिका	BC-2	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
24	मझिऑव	मझिऑव	करकटा	सहायिका	SC	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
25	मझिऑव	मझिऑव	खजूरी पश्चिम	सेविका/सहायिका	SC	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
26	मझिऑव	मझिऑव	मझिऑव–2	सहायिका	BC-1	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
27	भण्डरिया	भण्डरिया	बंजारी नौका टोला	सेविका/सहायिका	ST	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
28	भण्डरिया	भण्डरिया	चपलसी	सेविका	ST	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
29	भण्डरिया	भण्डरिया	बिजका–1	सेविका/सहायिका	ST	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
30	भण्डरिया	भण्डरिया	पर्रो	सेविका	ST	गुरूवार 13.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
31	भण्डरिया	बड़गड़	रूद	सेविका/सहायिका	SC	शुक्रवार 14.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
32	भण्डरिया	बड़गड़	तुमेरा	सेविका/सहायिका	SC	सोमवार 17.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
33	भण्डरिया	बड़गड़	चपिया	सेविका/सहायिका	ST	मंलगवार 18.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
34	भण्डरिया	बड़गड़	खुर्रा	सेविका/सहायिका	ST	बुधवार 19.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
35	भण्डरिया	बड़गड़	चेमो	सेविका/सहायिका	ST	गुरूवार 20.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
36	भण्डरिया	बड़गड़	पुनरवास मरदा	सेविका	ST	शुक्रवार 21.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
37	गढ़वा	गढ़वा	भदुआ	सहायिका	ST	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
38	गढ़वा	गढ़वा	परिहारा–3	सहायिका	BC-1	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
39	गढ़वा	गढ़वा	फरठिया–2	सहायिका	BC-1	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
40	गढ़वा	गढ़वा	जुटी	सहायिका	BC-2	गुरूवार 13.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
41	काण्डी	काण्डी	काण्डी–1	सहायिका	BC-2	सोमवार 10.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
42	काण्डी	काण्डी	नारायणपुर	सेविका	BC-2	मंलगवार 11.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
43	काण्डी	काण्डी	सोन पुरवा	सेविका	BC-1	बुधवार 12.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
44	काण्डी	काण्डी	हेम राजी	सहायिका	BC-2	गुरूवार 13.08.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से

PR.NO.385443 Welfare(26-27):D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा।

संपादकीय

अंतरिक्ष में बड़ी कामयाबी!

निजी क्षेत्र में विकसित भारत का पहले ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-1' ने कई टेक्नोलॉजी डेमोनेस्ट्रेशन पेलोड और पोस्टकार्ड्स को लो अर्थ ऑर्बिट को स्थापित कर देश को नई उपलब्धि दिलाई है। इस सफलता से पूरा देश गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कामयाबी के लिए सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी है। 'विक्रम 1' अपने जो पोस्टकार्ड ले गया है, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोस्ट कार्ड भी है। निजी क्षेत्र का यह पहला राकेट निजी कंपनी हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी द्वारा निर्मित है, जिसे इसरो ने अपने लांच पैड से लांच किया। करीब चार साल पहले इसी कंपनी ने विक्रम-एस नामक एक सबऑर्बिटल रॉकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी के सह-संस्थापक पवन कुमार चंदना के अनुसार इस लांचिंग को 'मिशन आगमन' नाम दिया गया है। यह भारत का पहला कमर्शियल लॉन्च व्हीकल है। इसका नाम भारतीय अंतरिक्ष प्रोग्राम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर विक्रम-1 रखा गया है। विक्रम-1 सैटेलाइट को 'लो अर्थ ऑर्बिट' में ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह छोटे साइज के सैटेलाइट को ले जाने में सक्षम है। दावा है कि यह सैटेलाइट को पृथ्वी की सतह से 500 किलोमीटर की ऊंचाई तक अंतरिक्ष में ले जा सकता है। इस रॉकेट का वजन 40 टन है और यह 20 मीटर यानी लगभग सात मंज़िला इमारत की ऊंचाई के बराबर है। इसकी क्षमता 8 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से सैटेलाइट ले जाने की है। विक्रम-1 के जरिए छह तरह के पेलोड चांद पर भेजे जा रहे हैं। स्काईरूट ने घोषणा की है कि विक्रम-1 के लॉन्च के बाद विक्रम-2 का लॉन्च किया जाएगा। इसे 2027 में लॉन्च किया जाएगा। विक्रम-1 की तरह ही इसमें कार्बन कंपोजिट स्ट्रक्चर होगा और एडवांस क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल किया जाएगा। गौरतलब है कि सरकार ने 2019 में इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड अथोराइजेशन सेंटर (इन-स्पेस) की स्थापना के साथ स्पेस सेक्टर को निजी कंपनियों के लिए खोल दिया था। यह संस्था प्राइवेट सेक्टर और इसरो जैसी सरकारी एजेंसियों के बीच एक सिंगल-विंडो इंटरफेस के रूप में काम करती है। विक्रम 1 की कामयाब लॉंचिंग के बाद निजी क्षेत्र में उपग्रहों को लांच करने का नया क्षेत्र खुलेगा। इससे इसरो को भी आय होगी, क्योंकि लांचिंग पैड उसी के पास हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस सफल लांचिंग के बाद भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम एक नए और महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गया है। एक तरफ अंतरिक्ष में हमारे निजी स्टार्ट अप की यह सफलता है तो दूसरी तरफ चिंता की बात 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' यानी इसरो से अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का तेजी से नौकरी छोड़ना है। हालांकि सरकार ने एक आदेश जारी कर वैज्ञानिकों के इस्तीफे मंजूर करने पर रोक लगा दी है, लेकिन यह दबाव बहुत लंबे समय तक काम नहीं कर सकता। क्योंकि नौकरी छोड़ने के इच्छुक वैज्ञानिकों को जबरन रोका गया तो उनके मन में कुंठा और निराशा फैल सकती है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के इसरो छोड़ने के पीछे कारण निजी स्टार्ट अप्स में बेहतर वेतन और काम करने के अवसर हैं। बताया जाता है कि पिछले एक साल में अनुमानित 100-120 वैज्ञानिक इसरो छोड़कर स्पेस स्टार्टअप्स से जुड़ गए हैं, जहां वह मनमाना काम कर सकते हैं। इसरो भी कितना ही बड़ा और प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थान क्यों न हो, लेकिन कामकाज की सरकारी रफ्तार से वह भी अछूता नहीं है। लिहाजा सरकार को भी अपनी वैज्ञानिकों की सेवा शर्तों और प्रतिभा उपयोग के अपने पारंपरिक मानदंडों पर पुनर्विचार करना चाहिए और जल्दी करना चाहिए। अन्यथा इसरो जैसी देश की गौरवपूर्ण संस्था प्रतिभाओं से खाली होने में देर नहीं लगेगी। ऐसा हुआ तो यह राष्ट्रीय हानि होगी। यह कहीं से भी देशहित में नहीं होगा।

चिकित्सा मूल अधिकार बने

यद्यपि दुनिया में चिकित्सा के क्षेत्र में नये-नये प्रकार की खोजें हुई और प्रतिदिन हो रही हैं। ऐसी बीमारियां जो सदियों से लाइलाज मानी जाती थीं, उनका भी इलाज और दवाइयाँ खोजी गई। 17-18 वीं सदी में प्रतिवर्ष लाखों लोग देश में हैजा, टीबी जैसी बीमारियों से मौत के शिकार होते थे, परंतु अब इनसे होने वाली मौतें बहुत कम हो गयी। 19वीं सदी में देश में हैजा से मरने वालों की संख्या लाखों में थी परंतु अब इनकी वैक्सीन के आने से इनसे होने वाली बीमारियों से मृत्युदर भी कम हुई। हालांकि दूसरी तरफकैंसर जैसी नयी-नयी बीमारियों का उदय हुआ है जिससे मरने वालों की संख्या काफी बढ़ी है। कैंसर का फैलाव भी पिछले दो दशकों में काफी हुआ है। और लाखों लोग कैंसर के शिकार हैं। कैंसर के इस फैलाव की वजह पर कुछ कह पाना निश्चित नहीं है। परंतु विशेषज्ञों का कहना है कि देश में बढ़ता प्रदूषण, धूल और धुआँ, पानी, वायु और खाद्यान्न में दवाईयों के नाम पर घुलता जहर इसका बड़ा कारण है।

रघु ठाकुर

पिछले तीन चार दशकों में देश में बड़े-बड़े अस्पताल खुले हैं। फाइव स्टार संस्कृति के निजी अस्पतालों का भी भारी फैलाव हुआ है, परंतु देश का आम आदमी अभी भी चिकित्सा के अभाव में जी रहा है। भारत सरकार ने आयुष्मान योजना बनाई परंतु उसमें केवल बड़ी बीमारियां ही शामिल की गई और इसका लाभ सामान्य व्यक्तियों और आमजन के लिये यह योजना सरकारों के संरक्षण में भ्रष्टाचार का शिकार हो गयी। पिछले दिनों यह खबर अखबारों में आयी थी कि सैकड़ों करोड़ रुपयों का भ्रष्टाचार आयुष्मान योजना में हुआ है। बहुतेरे अस्पतालों के संदिग्ध बिल सरकारों ने रोक दिये और अब स्थिति यह है कि अधिकांश अस्पताल आयुष्मान कार्ड मानने को तैयार नहीं हैं। देश में लगभग 8-10 करोड़ लोग जिनमें केंद्र और राज्य के अधिकारी, कर्मचारी, सांसद, विधायक, निजी कंपनियों के कर्मचारी, व्यापार में संलग्न लोग आदि शामिल हैं। जिनके पास किसी न किसी प्रकार का चिकित्सा बीमा है या सरकार के स्तर से चिकित्सा की सुविधायें हैं। जो अति गरीब लोग हैं उन्हें भी सरकार की ओर से इलाज मुफ्त मिलता है यद्यपि वह सामान्य बीमारियो तक ही ज्यादा होता है। परंतु देश का एक निम्न और सामान्य मध्यवर्ग जिसमें छोटे किसान, छोटे कर्मचारी, छोटे व्यापारी जैसे लोग हैं और जिनकी संख्या 60 करोड़ से कम नहीं होगी, ये लोग आज भी छोटी या बड़ी बीमारी के इलाज के लिए सरकार की सूची से बाहर हैं। इनमें बीमा कराने की क्षमता भी नहीं है, कोई गंभीर बीमारी के आने पर अपनी अचल संपत्ति को बेचकर या कर्ज लेकर इलाज कराने को लाचार हैं। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने पिछले लगभग 3 दशकों से यह मांग की है, (धरना, प्रदर्शन, सभा ज्ञापन आदि के माध्यम से) तथा भारत सरकार से अनुरोध किया है कि चिकित्सा को मौलिक अधिकार बनाया जाना चाहिए ताकि सभी को जरूरत के अनुसार चिकित्सा और दवा उपलब्ध हो सके तथा चिकित्सा क्षेत्र का निजीकरण समाप्त कर समाजीकरण करना चाहिए। चिकित्सा और शिक्षा देना किसी भी सरकार का मौलिक और संवैधानिक दायित्व है। जब श्रीमती प्रतिभा पाटिल जी राष्ट्रपति बनीं थीं तब उन्होंने हमारे ज्ञापन को गंभीरता से लेकर पहल शुरू की थी। बात काफी आगे तक बढ़ी भी परंतु उनका समय समाप्त होने के बाद यह प्रस्ताव फाइलों में बंद होकर मौत का शिकार हो गया।अब देश में जो बड़े अस्पताल, मेडिकल कॉलेज हैं निसंदेह पिछले 2 दशकों में उनकी संख्या बढ़ी है, पिछले 12 वर्षों में चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या भी काफी बढ़ी है, परंतु इसमें दो प्रकार की समस्यायें हैं: -

1. अब जो नये चिकित्सा महाविद्यालय पिछले 4-5 वर्षों में खोले जा रहे हैं वे सब पीपीपी मॉडल जिसका वास्तविक अर्थ प्रछन्न निजीकरण होता है, के आधार पर खोले जा रहे हैं और इनमें सामान्य व्यक्तियों के लिए इलाज कराना लगभग असंभव जैसा होता है। इनका लाभ भी संपन्न और बड़े लोग ही ले पाते हैं। गरीब तबका तो इससे वंचित ही रह जाता है। जाहिर सी बात है कि जब कोई पूंजीपति अपना पैसा किसी क्षेत्र में लगायेगा वह घोषित या अघोषित रूप से मुनाफे के लिए ही लगायेगा और उससे आमजन को लाभ नहीं होगा।

2. जो सरकारी अस्पताल हैं, उनकी संख्या अवश्य बढ़ी है परंतु, क्या वह बढ़ी हुई आबादी की तुलना में पर्याप्त हैं? इस पर विचार करना चाहिए। देश की आबादी बढ़कर अब 150 करोड़ के आसपास है और आज भी देश की राजधानी में जो सरकारी सबसे बड़ा अस्पताल जिसे एम्स कहा जाता है, की चिकित्सा की क्षमता क्या है? आपरेशनों के लिए 4-4, 5-5 साल का समय दिया जा रहा है, कई बार ऐसा होता है कि गरीब का नंबर एम्स में नहीं लग पाता और यमराज के यहां लग जाता है।

अभी हमारे एक परिचित जो किसी व्यक्ति को जलने से बचाने के उपक्रम (प्रयास) में स्वतः जल गये थे, दिल्ली के सफदरगंज अस्पताले में बर्न यूनिट में एयरलिफ्ट कर लाये गये थे। स्थिति यह थी कि उन्हें भर्ती करने के लिये बिस्तर भी खाली नहीं था और कुछ विशिष्ट प्रयासों के बाद उन्हें एक बेड मिल सका और जनरल वार्ड में भर्ती हो सके। उसमें अस्पताल के प्रबंधन या चिकित्सकों की कोई गलती नहीं है क्योंकि प्रतिदिन देशभर में जलने वाले मरीजों की संख्या सैकड़ों में है और उनके बर्न यूनिट की संख्या मुश्किल से 100 के आसपास है। यही स्थिति राजधानी के अन्य सरकारी अस्पतालों की है। जब दिल्ली में एम्स शुरू हुआ था तब दिल्ली शहर की आबादी 40 लाख और देश की आबादी लगभग 40 करोड़ के आसपास थी। यही स्थिति राज्यों के एम्स (सिम्स) और सरकारी चिकित्सालयों की है। परंतु सरकार की नीतियों में आबादी नियंत्रण नहीं है बल्कि अब तो आबादी बढ़ाना है। आबादी बढ़ाने के अनेकों प्रयास सरकारें कर रही हैं, तीसरे चौथे बच्चों के जन्म लेने पर कुछ प्रोत्साहन राशि स्वरूप देना तथा महिला के साथ-साथ पुरुष को भी बच्चे पालने का अवकाश आदि सुविधाओं की घोषणा हो रही है परंतु, चिकित्सालयों में आबादी और जरूरत के अनुसार सुविधायें बढ़ाना भी सरकार की नीति नहीं है। एम्स में सांसदों, विधायकों, अफसरशाहों के लिए पृथक व्यवस्था है और इन्हें तत्काल जरूरत के अनुसार पर्याप्त आवश्यक इलाज मिल जाता है। सेना के लिए सैनिक अस्पताल हैं। कई अन्य सरकारी विभागों के अपने अपने अस्पताल हैं या उनके बड़े अस्पतालों से अपने कर्मचारियों की चिकित्सा के लिए समझौते हैं। पब्लिक सेक्टर में अधिकांश ने अपने कर्मचारियों के लिए बढ़िया अस्पताल सरकारी धन से बनाये हैं परंतु देश के आम आदमी के लिए कोई पूछने वाला नहीं है। जनप्रतिधियों की प्राथमिकतायें भी अब आम आदमी नहीं हैं बल्कि संसद और विधानसभाओं का अधिकांश समय गैर जरूरी मुददों और बहस पर जाता है। मेरे पढ़ने में कम से कम पिछले 3-4 दशकों में यह कभी नहीं आया कि किन्हीं सांसद महोदय ने लोकसभा में देश के इन आम और गरीबों की बात को उठाया हो। किसी ने पूछा हो कि देश के आम आदमी के लिए एम्स में 5-7 साल की तारीख ऑपरेशन के लिए क्यों दी जाती है? किसी ने पूछा हो कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में एक बिस्तर पर 2-2 मरीज क्यों हैं? मरीज को ले जाने वाली ट्रालियों पर 5-5 मरीज क्यों ले जा रहे हैं। इंसान यानि मरीज और उसके परिजन अस्पतालों में और उसके बाहर खुले मैदानों में रातभर जानवरों के समान पड़े रहते हैं। इन बड़े चिकित्सालयों में मरीजों के परिजनों के लिए कमरा तो दूर एक दरी बिछाकर सोने लायक जगह भी योजनाओं में नहीं है। हम भारत सरकार से कहना चाहते हैं कि-

1. चिकित्सा का मूल अधिकार बनाया जाये और सारी चिकित्सा सरकारी हो। 2. व्यक्ति को जरूरत के अनुसार चिकित्सा और दवायें उपलब्ध हों। 3. आबादी के नियंत्रण के लिए कार्यवाही हो। 4. बढ़ती आबादी और उसकी जरूरतों के अनुसार चिकित्सालयों की क्षमता बढ़ाई जाये। 5. सरकारी चिकित्सालयों की निर्माण योजना में मरीजों के परिजनों के लिए चिकित्सालय के प्रांगण में विश्रामस्थल बनाना अनिवार्य हो।

अध्यात्म

हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ नहीं बदलती

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। कभी-कभी दोनों को दो अलग-अलग शिकार भी मिल जाते थे।

बहुत दिन से उनका यही क्रम चल रहा था। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक साँप मिला और दूसरे को एक चूहा।

अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे और एक-दूसरे की शिकार कथा सुनने के लिए एक डाल पर पास-पास बैठ गए। दोनों ने अभी तुरंत ही झपट्टा मार कर अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। पेड़ पर बैठकर बाजों ने जब उनकी पकड़ ढीली की तो सांप ने चूहे की ओर देखा और चूहे ने सांप को।

सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। यह दृश्य देखकर एक बाज गंभीर हो गया और विचारमग्न सा दिखने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए?

पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है।

वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ ही बदलती हैं।

असहमति से नफ़रत तक: लोकतंत्र की नैतिक परीक्षा

गांधी, लोकतंत्र और हमारे समय का सबसे कठिन प्रश्न महात्मा गांधी ने सत्याग्रह को कभी आंदोलन की तकनीक नहीं माना। उनके लिए सत्याग्रह सत्य की खोज, आत्मबल की अभिव्यक्ति और लोकतंत्र की नैतिक चेतना को जागृत करने का माध्यम था। वे कहते थे कि जब कोई व्यक्ति बिना घृणा, बिना हिंसा और बिना प्रतिशोध के अन्याय का सामना करते हुए स्वयं कष्ट सहता है, तो वह केवल शासक से नहीं, बल्कि पूरे समाज की अंतरात्मा से संवाद करता है। सत्याग्रह का उद्देश्य प्रतिद्वंद्वी को पराजित करना नहीं, बल्कि उसके भीतर सोई हुई नैतिक संवेदना को जगाना है।

निलेश देसाई

सत्याग्रह केवल सत्याग्रही के साहस पर निर्भर नहीं करता। उसकी सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि समाज, मीडिया और शासन उस पीड़ा को देखने, समझने और उसका उत्तर देने के लिए तैयार हैं या नहीं। यदि सुनने की यह क्षमता कमजोर पड़ जाए, तो सत्याग्रह का नैतिक प्रभाव भी क्षीण होने लगता है।

आज भारत के लोकतंत्र के सामने यही सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा है। हाल के वर्षों में शिक्षा, पर्यावरण, कृषि, रोजगार, भूमि अधिकार और क्षेत्रीय स्वायत्तता जैसे अनेक मुद्दों पर शांतिपूर्ण धरने, पदयात्राएँ और अनशन हुए हैं। इनमें से कुछ को व्यापक समर्थन मिला, कुछ को सीमित ध्यान मिला और कुछ लगभग सार्वजनिक विमर्श से बाहर रह गए। इससे अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि कौन-सा आंदोलन सफल हुआ और कौन-सा नहीं; बल्कि यह है कि क्या आज भी अहिंसक प्रतिरोध लोकतांत्रिक निर्णय-प्रक्रिया को प्रभावित करने की क्षमता रखता है?

यह प्रश्न केवल किसी एक आंदोलन या सरकार का नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का प्रश्न है।

भारत का स्वतंत्रता संग्राम विश्व इतिहास का शायद सबसे बड़ा अहिंसक जनांदोलन था। गांधी ने यह स्थापित किया कि जनता की नैतिक शक्ति किसी भी साम्राज्य की राजनीतिक शक्ति से बड़ी हो सकती है। स्वतंत्रता के बाद भी इसी परंपरा ने भूदान आंदोलन, चिपको, सूचना के अधिकार, नर्मदा बचाओ आंदोलन, जनलोकपाल आंदोलन और अनेक स्थानीय जनसंघर्षों को दिशा दी। इन आंदोलनों ने लोकतंत्र को कमजोर नहीं किया; बल्कि उसे अधिक उत्तरदायी बनाया।

इतिहास यह भी बताता है कि सत्ता और जनआंदोलनों के बीच तनाव हमेशा रहा है। औपनिवेशिक शासन ने गांधी और लोकमान्य तिलक पर देशद्रोह के मुकदमे चलाए। स्वतंत्र भारत में भी अलग-अलग विचारधाराओं की सरकारों ने विभिन्न आंदोलनों को संदेह की दृष्टि से देखा। इसलिए यह प्रश्न किसी एक दल या एक सरकार तक सीमित नहीं है। यह उस लोकतांत्रिक संस्कृति का प्रश्न है जिसमें असहमति को सम्मानपूर्वक सुनना धीरे-धीरे कठिन होता जा रहा है।

डिजिटल युग ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। आज सूचना पहले पहुँचती है और समझ बाद में बनती है। सोशल मीडिया ने नागरिकों को अभिव्यक्ति का अभूतपूर्व अवसर दिया है, लेकिन उसी के साथ समाज वैचारिक खेमों में भी बँट गया है। किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसके तर्कों से पहले उसकी राजनीतिक पहचान के आधार पर होने लगता है। परिणामस्वरूप संवाद सिकुड़ता है और आरोप-प्रत्यारोप उसका स्थान ले लेते हैं।

लोकतंत्र में असहमति होना स्वाभाविक है। हर आंदोलन सही हो, यह आवश्यक नहीं। हर मांग स्वीकार हो, यह भी संभव नहीं। लेकिन किसी भी

लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात से मापी जाती है कि वह असहमति का उत्तर किस प्रकार देता है। क्या वह संवाद करता है? क्या वह तथ्यों के आधार पर बहस करता है? या फिर वह विरोध करने वाले की नीयत पर ही प्रश्नचिह्न लगा देता है?

गांधी का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने राजनीति को नैतिकता से जोड़ा। उन्होंने यह विश्वास पैदा किया कि बिना हिंसा के भी अन्याय का प्रतिरोध किया जा सकता है और परिवर्तन संभव है। यदि यह विश्वास कमजोर पड़ने लगे कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध का कोई अर्थ नहीं रह गया है, तो इसका असर केवल आंदोलनों पर नहीं पड़ेगा; यह लोकतंत्र की बुनियाद को प्रभावित करेगा।

ऐसी स्थिति में समाज सामान्यतः तीन दिशाओं में बढ़ता है। पहली दिशा है उग्रता। जब लोगों को लगता है कि शांतिपूर्ण मार्ग से कुछ नहीं बदलता, तब कुछ लोग हिंसक या कट्टर रास्तों की ओर आकर्षित हो सकते हैं। इतिहास में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं।

दूसरी दिशा है उदासीनता। लोग यह मान लेते हैं कि उनकी आवाज़ का कोई महत्व नहीं है। वे सार्वजनिक जीवन से दूरी बना लेते हैं। यह मौन लोकतंत्र के लिए उतना ही खतरनाक है जितनी हिंसा, क्योंकि इससे जवाबदेही की संस्कृति कमजोर होती है।

तीसरी दिशा आशा की है। प्रत्येक पीढ़ी अपने समय के अनुरूप प्रतिरोध के नए माध्यम खोजती है। गांधी के समय चरखा, नमक यात्रा और पदयात्राएँ प्रतीक बने थे। आज डिजिटल अभियान, नागरिक नेटवर्क, सामुदायिक संवाद, जनसुनवाई और सोशल मीडिया नए माध्यम बन रहे हैं। अहिंसा समाप्त नहीं होती; वह अपने स्वरूप बदलती है। किंतु उसका नैतिक आधार वही रहता है-सत्य, आत्मानुशासन और संवाद।

यहीं लोकतंत्र की असली परीक्षा आरंभ होती है।

क्या हमारी संसद, हमारी सरकारें, हमारा मीडिया और हमारा नागरिक समाज ऐसी आवाज़ों को सुनने की संवेदनशीलता बनाए रख पाए हैं? क्या हम असहमति को लोकतंत्र का स्वाभाविक अंग मानते हैं या उसे संकट के रूप में देखने लगे हैं?

सत्याग्रह का अर्थ केवल विरोध नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नैतिक परीक्षा भी है। जब कोई नागरिक बिना हिंसा के अपनी पीड़ा लेकर समाज और सत्ता के सामने बैठता है, तब केवल सरकार ही नहीं, पूरा समाज परीक्षा में होता है। प्रश्न यह नहीं कि हम उस आंदोलन से सहमत हैं या असहमत। प्रश्न यह है कि क्या हम उसे सुनने के लिए तैयार हैं। लोकतंत्र केवल मतदान से नहीं चलता। वह विश्वास से चलता है। वह संवाद से चलता है। वह इस भरोसे से चलता है कि यदि कोई नागरिक शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखेगा, तो उसकी बात सुनी जाएगी। यदि यह भरोसा टूटता है, तो सबसे बड़ी हार किसी आंदोलन की नहीं होती; लोकतंत्र की होती है।

दुर्भाग्य से आज असहमति को विचारों के मतभेद के रूप में नहीं, बल्कि विरोधी के प्रति नफ़रत के रूप में देखने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। असहमति से नफ़रत का यह दौर लोकतंत्र की जड़ों को हिला रहा है। लोकतंत्र वहीं जीवित रहता है जहाँ विचारों का संघर्ष होता है, व्यक्तियों का नहीं। आज आवश्यकता केवल गांधी को याद करने की नहीं है, बल्कि उनके उस नैतिक आग्रह को पुनर्जीवित करने की है जिसमें विरोधी भी शत्रु नहीं, संवाद का सहभागी होता है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी आर्थिक वृद्धि या सैन्य क्षमता से नहीं, बल्कि अपनी आलोचना को सुनने, असहमति का सम्मान करने और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं को सुधारने की क्षमता से मापी जाती है। सत्याग्रह इसलिए अतीत की विरासत भर नहीं है। वह भविष्य के लोकतंत्र की भी अनिवार्य शर्त है।

प्रश्न यह नहीं कि सत्याग्रह जीवित है या नहीं। प्रश्न यह है कि क्या हमारी संवेदनाएँ अब भी उसे सुनने के लिए जीवित हैं।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष

शुगर के रोगी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। प्रियजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी बहुप्रतीक्षित कार्य में विलम्ब हो सकता है।

वृषभ

पति-पत्नी के बीच आपसी सामन्जस्य बढ़ेगा। किसी बड़ी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनन्द उठायेंगे।

मिथुन

कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धन के कारण फँसे हुये मामलों का निराकरण हो सकता है। व्यापार में पहले के गयी मेहनत का परिणाम प्राप्त होगा।

कर्क

अनुभवी व्यक्तियों की सलाह आपके काफी काम आयेगी। लेन-देन के मामलों के लिये दिन शुभ है। ऑफिस में आप नये प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साहित रहेंगे।

सिंह

परिवार के लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा। किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। पुराने मुद्दों के दोबारा उभरने से अशान्ति हो सकती है।

कन्या

करियर में आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। समाज में लोग आपको काफी अच्छी दृष्टि से देखेंगे। दाम्पत्य जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा।

तुला

जॉब के लिये इन्टरव्यू देने वालों को सफलता मिल सकती है। मन की शंकायें दूर होंगी। लोग आपके सभ्य व्यवहार से आकर्षित होंगे। सभी कार्य पूरी एकाग्रता से करेंगे।

वृश्चिक

रिश्तेदार की मदद से बड़ा काम हो सकता है। विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा आ सकती है।

धनु

करियर में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। मनोरञ्जन और कला आदि में अत्यधिक रुचि लेंगे। आपके काम की लोग प्रशंसा करेंगे। अनुचित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

मकर

अपने स्वभाव में सौम्यता का भाव रखें। जिस अवसर को काफी समय से ढूँढ रहे थे, वह आपको आज प्राप्त हो सकता है। विदेशी भूमि से जॉब के ऑफर प्राप्त हो सकते हैं।

कुंभ

छोटे बच्चों की शिक्षा को लेकर योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रयोग कर पायेंगे। फाइनेन्स को लेकर समस्या दूर होगी।

मीन

कार्यक्षेत्र में प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नयी नौकरी के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार में शान्ति का वातावरण रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और संकल्प का प्रतीक : राज्यपाल सैयद अता हसनैन

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार रेजीमेंट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर देश के पहले 'सिंदूर पार्क' का उद्घाटन राज्यपाल सह सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और झारखंड-बिहार सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल जितेंद्र सिंह ने सिंदूर के पौधे लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुल 350 सिंदूर के पौधे लगाए गए।इस मौके पर राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की बहनों का सिंदूर तो वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन उनके सम्मान और बलिदान का बदला अवश्य लिया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर देश में पहली बार सिंदूर पार्क की स्थापना की गई है। यह पार्क वीरता, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का एक अनूठा प्रतीक बनेगा। मेजर जनरल जितेंद्र सिंह ने कहा कि सैनिक चौक के पास विकसित किया जा रहा यह सिंदूर पार्क सेना के गौरवशाली इतिहास और ऑपरेशन सिंदूर की स्मृतियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में भागलपुर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति डॉ. डीआर सिंह और वैज्ञानिकों की टीम भी मौजूद रही। बताया गया कि बीएयू, सबौर के सिंदूर पार्क की तर्ज पर विकसित हो रहा यह पार्क ऑपरेशन सिंदूर की गौरवगाथा को जीवंत रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूत करेगा।

ढोल बजाकर 3 लोगों के घर साटा इश्तेहार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। न्यायालय के आदेश पर पुनपुन थाना क्षेत्र के 3 लोगों के घरों पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। सभी आरोपी अलग-अलग कांडों में फरार चल रहे हैं। न्यायालय से निर्गत इश्तेहार के अनुसार पहला नाम बबलू सिंह पिता रमेश सिंह, ग्राम चिनिया बेला, का है। दूसरा नाम मल्लू मांझी पिता जंगली मांझी, ग्राम हबीपुर, है। तीसरा नाम उमाकांत कुमार उर्फ छोटन कुमार पिता सुरेश सिंह, ग्राम जट डुमरी है।पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीनों के आवासीय पते पर जाकर। विधिवत तौर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चस्पा कराया। इश्तेहार में कहा गया है कि संबंधित कांडों में हाजिर नहीं होने के कारण न्यायालय ने यह कार्रवाई की है। अब निर्धारित तिथि तक न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी लगातार जारी है।

चाचा व भतीजी को गोली मारने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रूपसपुर थाना क्षेत्र स्थित विजय नगर में लिव-इन रिलेशनशिप विवाद के चलते चाचा व भतीजी की गोली मारकर जख्मी कर देने के मामले पुलिस आरोपी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी सिंह कॉलोनी, गांगी थाना टाउन, जिला भोजपुर का रहने वाला राहुल कुमार उर्फ गब्बर है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि लड़की को लेकर आपसी विवाद में दो व्यक्ति बीच मारपीट एवं गोली फायरिंग की घटना घटित हुयी थी। इसमें विनायक सिंह व मुस्कान कुमारी जख्मी हो गई थी। इस संदर्भ में दोनो जख्मी व्यक्ति के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। थानाध्यक्ष रूपसपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते अभियुक्त राहुल कुमार उर्फ गब्बर, लको गिरफ्तार किया गया तथा इनके निशानदेही पर उक्त अभियुक्त के घर से एक पिस्टल, खोखा, पिलेट, पिस्टल जैसा लाईटर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों जख्मी का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। वह खतरे से बाहर है। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

वांछित आरोपित को हथियार के साथ दबोचा

फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नदी थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा बरामद किया है। मामले की जानकारी फतुहा डीएसपी-1 अवधेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। डीएसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नदी थाना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान गुलमहियाचक रेलवे लाइन के समीप से गुड्डू कुमार (21 वर्ष), पिता रंजीत पासवान, निवासी गुलमहियाचक, थाना नदी, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके घर की तलाशी ली गई, जहां अलमारी पर रखे एक झोले के नीचे छिपाकर रखा गया एक लोहे का देसी कट्टा, एक जिंदा 8 एमएम कारतूस तथा एक खोखा बरामद किया गया। इस संबंध में नदी थाना कांड संख्या 290/2026 दर्ज करते हुए आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से हत्या, आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीएसपी-1 अवधेश कुमार ने कहा कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बीएसआईडीटी ने लीड्स एशियन स्कूल में चलाया करियर जागरूकता अभियान

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अंगीभूत बिहार स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी (बीएसआईडीटी) द्वारा मंगलवार को लीड्स एशियन स्कूल, पटना में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए करियर जागरूकता एवं शैक्षणिक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पशु विज्ञान, डेयरी प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी एवं संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसआईडीटी के अधिष्ठाता डॉ. राकेश कुमार ने की। इंस्टिट्यूट की प्रोफेसर-सह-विभागाध्यक्ष डॉ. बिनीता रानी ने डेयरी टेक्नोलॉजी एवं फूड टेक्नोलॉजी में संचालित स्नातक डिग्री कार्यक्रमों तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य प्रसंस्करण एवं डेयरी उद्योग में इन पाठ्यक्रमों की मांग लगातार बढ़ रही है। डॉ. वाई. एस. जादौन ने विद्यार्थियों को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों, शैक्षणिक कार्यक्रमों तथा पशु चिकित्सा, डेयरी, मत्स्य एवं संबद्ध विज्ञानों में उपलब्ध करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को इन उभरते क्षेत्रों को भविष्य के बेहतर करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने प्रवेश, पाठ्यक्रम, रोजगार एवं उद्यमिता से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने बीएसआईडीटी की इस शैक्षणिक पहल की सराहना करते हुए अधिष्ठाता एवं सभी संकाय सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में करियर जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए।

खगौल में लगाया सहयोग शिविर का आयोजन

खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर परिषद खगौल में मंगलवार को सामुदायिक भवन मोती चौक पर सरकार के निर्देश पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया नगर कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार के देखरेख में सहयोग शिविर आयोजित की गई। सहयोग शिविर में बिजली, बाल विकास परियोजना, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, राशन, पीएम आवास, पुलिस प्रशासन सहित कई विभाग से जुड़े मामले को लेकर नगर सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र वत्स, धर्मेंद्र सिंह, नबाब आलम ने लोगों ने समस्याओं के बारे में अधिकारियों और कर्मियों को अवगत कराते हुए आवेदन दिया। नगर वासियों के समस्याओं को अधिकारियों और कर्मियों ने सुनते हुए हर संभव मदद और निष्पादन करने का भरोसा दिया। इस दौरान खगौल के वार्ड संख्या 20,21 वार्ड पार्षद राहुल, पिंटू कुमार कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, पूनम देवी, नबाब आलम प्रशांत कुमार सिंह, खगौल के सभी नगर वासी पहुंचे थे। इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्ड संख्या के लिए सहयोग शिविर आयोजित की गई। जिससे नगर वासियों को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराने का मौका अधिकारियों और कर्मियों को मिल सके। खगौल नगर वासियों के समस्याओं को अधिकारियों और कर्मियों ने सुनते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

मसौढी, धनरूआ एवं पुनपुन में सहयोग शिविर का आयोजन

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सरकार अब जनता की समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही कर रही। इसी कड़ी में मंगलवार को सहयोग शिविर विभिन्न पंचायत में आयोजित की गई है जिसमें मसौढी में दो पंचायत चपौर और देवरिया एवं और नगर परिषद में शिविर का आयोजन किया गया।एवं धनरूआ मे कोसूत और छाती पंचायत के बांसबिगहा हाई स्कूल जबकि पुनपुन लखनपार एवं अकौना मे शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मसौढी के चपौर में बीडीओ प्रभाकर कुमार, धनरूआ के बांस बिगहा में बीडीओ अलीशा कुमारी और पुनपुन के अकौना में बीडीओ उदय कुमार शिविर में उपस्थित रहे। राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा समस्या का अंबार देखा गया, सहयोग शिविर कार्यक्रम को लेकर एसडीएम धनराज कुमार ने सबों को चेतावनी देते हुए कहा कि वैसे पदाधिकारी कर्मचारी जो काम करना नहीं चाहते हैं लापरवाही बरत रहे हैं। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने सहयोग शिविर में शामिल सभी पदाधिकारी को कहा कि जो कोई भी अगर अनुपस्थित रहेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। वही मीडिया से मुखातिब होते हुए विधायक ने कहा कि।सबका सम्मान जीवन आसान निश्चय के तहत जन समस्याओं के सामाधान को लेकर तकरीबन 19 विभागों के द्वारा सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा उनके कहा की अपनी शिकायत लेकर प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सहयोग शिविर के माध्यम से राशन कार्ड, पेंशन, जमीन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी समस्याओं का पंचायत स्तर पर ही त्वरित समाधान किया जाएगा। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहें और प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया मौके पर कई वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड सुधार और नल-जल योजना से जुड़े आवेदनों का निपटारा किया गया।

विनय कुमार शाही व विशाल सिंह के आगमन पर स्वागत समारोह

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली की शासी परिषद के चुनाव में विनय कुमार शाही, अध्यक्ष बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., पटना एवं विशाल सिंह, अध्यक्ष विस्कोमान - सह - एन.सी.सी.एफ., नई दिल्ली, ने प्रचंड जीत दर्ज करने के उपरांत आज पहली बार बिहार पहुंचे। इस अवसर पर दोपहर 12:30 बजे पटना एयरपोर्ट के साथ-साथ बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., पटना के प्रांगण में माला-बाजा के साथ भव्य और ऐतिहासिक 'अभिनंदन - स्वागत समारोह' का आयोजन किया गया। ठउवकशासी परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के उपरांत पाटलिपुत्र की धरती पर दोनों सहकारी नेता के प्रथम आगमन को लेकर पूरे राज्य के सहकारिता क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह है। बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., पटना एवं विस्कोमान द्वारा आयोजित इस विशेष स्वागत समारोह में बिहार के सभी सहकारी बंधुओं, पैक्स अध्यक्षों, व्यापार मंडल के सदस्यों एवं सहकारिता से जुड़े तमाम प्रमुख लोग उपस्थित हुए। इस भव्य अभिनंदन समारोह के जरिए बिहार के सहकारिता आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर मिली नई पहचान और गौरवमयी क्षण का जश्न मनाया गया।

बी. डी. कॉलेज शिक्षक संघ का आक्रोश, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार सरकार द्वारा राज्य के अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रशासनिक स्वरूप एवं अधिग्रहण व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव की चर्चाओं के संदर्भ में बी. डी. कॉलेज शिक्षक संघ, पटना की आमसभा आयोजित की गई। सभा में शिक्षकों ने प्रस्तावित परिवर्तनों पर गहरी चिंता एवं आक्रोश व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि किसी भी व्यापक संरचनात्मक परिवर्तन से पूर्व विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षक संगठनों एवं सभी संबंधित पक्षों से विस्तृत विचार-विमर्श किया जाना आवश्यक है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गरिमा पाठक ने उच्च शिक्षा की स्वायत्तता, शिक्षकों के अधिकारों एवं छात्रहितों की रक्षा पर बल दिया जबकि शिक्षक संघ के सचिव डॉ. राहुल अमृतराज ने विषय की विस्तृत पृष्ठभूमि, प्रस्तावित परिवर्तनों के संभावित प्रभाव एवं शिक्षक समुदाय की चिंताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। आमसभा के उपरांत शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि शिक्षक समुदाय की सर्वसम्मत भावनाओं एवं सुझावों से राज्य सरकार तथा संबंधित सक्षम प्राधिकारियों को अवगत कराया जाए।

एएन कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय कार्यक्रम आयोजित

पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ए. एन. कॉलेज, पटना के सत्येंद्र नारायण सिन्हा सभागार में स्नातक प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2026-2030) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि आज के इस कार्यक्रम के वास्तविक मुख्य अतिथि नवप्रवेशित विद्यार्थी ही हैं, क्योंकि उन्हीं के आगमन से महाविद्यालय का शैक्षणिक परिवेश और अधिक समृद्ध होता है। प्रो. अमृत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वर्तमान युग में अंतरविषयी दृष्टिकोण पर आधारित शिक्षा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञानार्जन के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों, मानवीय मूल्यों और नैतिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी संवेदनशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी और जागरूक नागरिक का निर्माण करना भी है। कार्यक्रम में प्रो. कलानाथ मिश्र ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की गरिमा, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने महाविद्यालय में 75 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति तथा अनुशासित शैक्षणिक वातावरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन तथा अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रो. विनोद झा, प्रो. सीमा प्रसाद, डॉ. नवीन, डॉ. संजय , बर्सर अभिशेक दत्त एवम डॉ निहारिका सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

मेंटर्स एडुसर्व ने लॉन्च किया ऑनलाइन कोर्स नीट-यूजी 2027 के लिए रणनीति

इस ऑनलाइन कोर्स को नीट-यूजी में ऑल इंडिया रैंक 1 देने वाले शिक्षक लीड कर रहे हैं

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ईस्टर्न इंडिया के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व ने ऊर्जा ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया रणनीति, नीट-यूजी 2027 के लिए ऑनलाइन कोर्स। इस कार्यक्रम में बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, संस्थान के निदेशक श्री आनंद कुमार जायसवाल, मेंटर्स के सारे शिक्षकगण, मैनेजमेंट स्टाफ और वहां पढ़ने वाले विद्यार्थी मौजूद थे। इस अवसर पर नीट-यूजी 2026 में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। संस्थान के निदेशक जायसवाल ने बताया कि 15 वर्षों के ऑफलाइन एवं 5 वर्षों के ऑनलाइन हाइब्रिड कोचिंग के अनुभव के साथ मेंटर्स लेकर आ रहा है यह ऑनलाइन रणनीति कोर्स। उन्होंने कहा कि अगर विद्यार्थियों को सही शिक्षकों का मार्गदर्शन मिले तो ऑनलाइन से भी श्रेष्ठ रिजल्ट लाया जा सकता है। मेंटर्स एडुसर्व की पहचान ही है साल दर साल मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में श्रेष्ठ रिजल्ट देने के लिए। रणनीति, नीट-यूजी 2027 के लिए एक रिजल्ट ओरिएंटेड ऑनलाइन कोर्स होगा जिसे नीट-यूजी में ऑल इंडिया रैंक 1 देने वाले शिक्षक लीड कर रहे हैं। इस कोर्स में विद्यार्थियों को मेंटर्स के अनुभवी शिक्षकों की टीम फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी पढ़ाएगी। क्लासेज ऑनलाइन लाइव होगी जो कि मेंटर्स के मी-डिजिटल ऐप पर चलेगी। विद्यार्थियों को हर क्लास की रिकॉर्डिंग और शिक्षकों के नोट्स का पीडीएफ भी मिलेगा। विद्यार्थी 24 घंटे में कभी भी ऑनलाइन डाउट पूछ सकते हैं जिसका हल ऐ.आई द्वारा दिया जाएगा। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों को डिजिटल स्टडी मटेरियल, साप्ताहिक टेस्ट, स्टडी मटेरियल एवं हर टेस्ट का वीडियो सल्यूशन आदि सुविधाएं भी मिलेंगी।

दानापुर के तीन बड़े स्कूलों को मिली बम से उड़ानें की धमकी

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर स्थित तीनों बड़े स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। उनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के सीनियर और जूनियर विंग, आर्मी पब्लिक स्कूल और रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। धमकी की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रशासन ने एहतियातन बच्चों और कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाल लिया। सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल परिसर खाली कराया गया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उन्हें उनके अभिभावकों के हवाले किया गया। पुलिस और सुरक्षा टीमों ने स्कूल परिसर के अलग-अलग हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने स्कूल परिसरों में जांच शुरू कर दी। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्कूलों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासन की ओर से लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है।

बदल रही है गांधी मैदान की सूरत-सीरत, युद्धस्तर पर चल रहा ग्रीन फील्ड बनाने एवं सौंदर्यीकरण का कार्य

1 लाख वर्ग फीट में हरी घास, 80 गार्डन लाइट, 25 सीसीटीवी और रेन वाटर हार्वेस्टिंग

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर परिषद प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम के तहत शहर के हृदय स्थल गांधी मैदान को नई पहचान दी जा रही है।सौंदर्यीकरण योजना के तहत गांधी मैदान की सूरत और सीरत दोनों बदलने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि गांधी मैदान के लगभग 1 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में हरी घास लगाई जा रही है। आधा काम पूरा हो चुका है और अभी से ही मैदान में हरियाली दिखने लगी है। सौंदर्यीकरण के तहत मैदान के चारों ओर 80 गार्डन लाइट और 40 डेकोरेटिव पोल लगाए जाएंगे। बैठने के लिए 21 पार्क बेंच लगाई जाएंगी। मॉर्निंग वॉकरों की सुविधा के लिए चारों तरफ पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं। सुरक्षा के लिए 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और ग्रीन रूम में तीन शिफ्ट में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होगी। इसके अलावा गांधी मैदान के चारों कोनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है। मैदान के चारों तरफ प्लांटेशन का लगाया जाएगा। गांधी स्मारक पार्क को भी मॉडलाइज किया जा रहा है।

अथमलगोला में पोर्टर की सूझबूझ से टला बड़ा रेल हादसा

पटना-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस डिरेल होने से बची

अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के बख्तियारपुर-अथमलगोला रेलखंड पर मंगलवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। अथमलगोला स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर और पोर्टर मिलन कुमार की सतर्कता एवं सूझबूझ से पटना-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस को संभावित दुर्घटना से बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 12024 पटना-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस बख्तियारपुर से निर्धारित समय 10 मिनट की देरी पर खुलने के बाद तेज गति से अथमलगोला स्टेशन से गुजर रही थी। स्टेशन मास्टर और पोर्टर मिलन कुमार ट्रेन को थ्रू सिग्नल के तहत हरी झंडी दिखा रहे थे। इसी दौरान मिलन कुमार ने देखा कि ट्रेन के पहियों से तेज आवाज आ रही है और ट्रैक की रोड़ी उड़कर प्लेटफॉर्म पर गिर रही है, जिससे उन्हें किसी तकनीकी गड़बड़ी की आशंका हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पोर्टर ने तुरंत लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेन काफी आगे निकल जाने के कारण गार्ड उसे स्पष्ट रूप से नहीं देख सके। इसके बाद स्टेशन मास्टर ने तत्काल वॉकी-टॉकी के माध्यम से गार्ड से संपर्क किया। ट्रेन को आगे अचुआरा होल्ट स्टेशन पर रोककर गार्ड और लोको पायलट ने जांच की, लेकिन ट्रेन में कोई खराबी नहीं मिली ड्राइवर /गार्ड को ट्रेन का एयर भी सही मिले वहां लगभग 05 मिनट ट्रेन रूकने के बाद आगे गंतव्य के लिए प्रस्थान कर गई। बाद में अथमलगोला स्टेशन के समीप डाऊन लाइन पोल संख्या 489/12 के पास ट्रैक की जांच की गई। जांच में पाया गया कि पटरियों को स्थिर रखने वाला एक लोहे का प्लेट (फास्टनिंग पार्ट) खुल गया था, जिसके कारण ट्रैक में कंपन हो रहा था और रोड़ी उड़ रही थी। यही संभावित दुर्घटना का कारण बन सकता था। सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूआई की टीम मौके पर पहुंची और संबंधित हिस्से की तत्काल मरम्मत कर ट्रैक को सुरक्षित बनाया। आवश्यक जांच पूरी होने के बाद जनशताब्दी एक्सप्रेस को आगे के गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

शाहजहांपुर थाना पुलिस की कार्रवाई

फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शाहजहांपुर थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष बमबम कुमार के नेतृत्व में शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 19 जुलाई 2026 को प्राथमिक अभियुक्त शैलेन्द्र माझी, निवासी ग्राम जीवनचक तीन मोहनी मुसहरी, थाना शाहजहांपुर, जिला पटना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 4 लीटर देसी शराब बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक प्रक्रिया के लिए अग्रेषित किया गया।

अपराध नियंत्रण को लेकर 4 नए पुलिस ओपी गठित

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए मसौढ़ी, धनरूआ में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने शहरी और ग्रामीण थाना क्षेत्रों में अपराध रोकथाम के लिए 4 नए पुलिस आउट पोस्ट का गठन किया है।आदेश के अनुसार नए गठित ओपी का मुख्य काम अपराध नियंत्रण, आसूचना संकलन और आपराधिक तत्वों पर सतत निगरानी रखना होगा। पूर्व में हत्या, लूट, डकैती, छिनतई जैसे कांडों में आरोपित,संदेही या रिहा अपराधियों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। साथ ही लोक प्रशांति भंग करने वाले तत्वों को चिह्नित कर घटना से पहले ही निष्क्रिय किया जाएगा। हाल के दिनों में अपराधियों द्वारा घटना के बाद आसानी से निकल जाने वाले इलाकों को चुनने की प्रवृत्ति देखी गई है। इसे देखते हुए शहरी, ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी और मुस्तैदी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। नए ओपी में नदौल ओपी - (मसौढ़ी थाना) जहां प्रभारी: पु.अ.नि. रौशन कुमार होंगे, इसके अलावा सअनि अरुण कुमार, गणेश कुमार यादव, अनिल कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति की गई है वहीं, छाता ओपी - (मसौढ़ी थाना) में प्रभारी: पु.अ.नि. श्रवण कुमार मंडल होगें, जिसमें सअनि नवीन कुमार, अरविंद कुमार सिंह, अजय कुमार होगे।

पुष्य नक्षत्र की बारिश से दनियावां में तेज हुई धान रोपनी

6 पंचायतों के 33 गांवों के किसान खेतों में जुटे, उर्वरक-बिजली की मांग

दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुष्य नक्षत्र में हुई रविवार और सोमवार को हुई अच्छी वर्षा से दनियावां प्रखंड के किसानों के चेहरे खिल गए हैं। वर्षा के पानी से खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद प्रखंड की 6 पंचायतों के 33 राजस्व गांवों में धान रोपनी के कार्य में तेजी आ गयी है। किसान ट्रैक्टर से जुताई और बिजली मोटर के सहारे खेतों में पानी डालकर रोपनी की तैयारी में जुटे हैं। कम वर्षा और सरकारी सहायता में कमी के बावजूद किसानों का हौसला काबिलेतारीफ है। ई-कृषि भवन,दनियावां के कर्मियों ने बताया कि कुल 2250 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में धान की खेती का लक्ष्य है।अबतक करीब 25 फीसदी धान की नर्सरी से विचड़े उखाड़कर खेतों में रोपे गए हैं।

उर्वरक और बिजली की मांग

प्रगतिशील किसान संघ के रामनाथ सिंह, झुलन सिंह, शाहजहांपुर के कौशल किशोर, सरथुआ के नागेंद्र पटेल, चकरज्जा के पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार, तोप के रणधीर कुमार, इन्द्रदेव प्रसाद ने कृषि और बिजली विभाग के अधिकारियों से समय पर उर्वरक और बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि रोपनी के समय खाद और बिजली की अनुपलब्धता से फसल प्रभावित हो सकती है।

कृषि विभाग की सलाह

प्रखंड कृषि समन्वयक अमृता कुमारी, कृषि सलाहकार शिवकुमार चौधरी और राजेश रंजन ने किसानों से ऊंची जमीन पर सीधी बुआई वाले धान की फसल की देखरेख करने की सलाह दी। साथ ही कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए मक्का,अरहर और सब्जी की खेती को विकल्प के रूप में अपनाने का सुझाव भी दिया। कृषि पदाधिकारियों ने किसानों को बताया कि मौसम का लाभ उठाकर समय पर रोपनी पूरी कर लें, ताकि अच्छी पैदावार हो सके.

समाहरणालय परिसर में सहायता केन्द्र का शुभारंभ

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आम नागरिकों को समाहरणालय परिसर में बेहतर, सुगम एवं नागरिक-अनुकूल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डीएम श वर्षा सिंह ने समाहरणालय परिसर में 'May I Help You' सहायता केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य आम नागरिकों को बिना किसी असुविधा के आवश्यक जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराना है। समाहरणालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों से आते हैं। ऐसे में सहायता केन्द्र उनकी समस्याओं के समाधान एवं सही मार्गदर्शन का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। इस सहायता केन्द्र के माध्यम से समाहरणालय आने वाले नागरिकों को यह जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी कि किस विभाग का कार्यालय किस स्थान पर स्थित है, संबंधित पदाधिकारी किस कक्ष में बैठते हैं, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था कहां उपलब्ध है तथा सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में आने वाले लोगों के बैठने एवं पंजीकरण की व्यवस्था कहां की गई है। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य प्रशासनिक जानकारियां एवं मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

महात्मा गांधी सेतु पर सड़क हादसे में आत्मा के उप परियोजना निदेशक की मौत

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महात्मा गांधी सेतु पाया नंबर 26 के निकट बीते सोमवार की रात्रि सड़क हादसे में कृषि विभाग आत्मा के उप परियोजना निदेशक की मौत हो गई, हादसे में उनके साथी अकाउंटेड शशि रंजन भारती घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों को आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया। डॉक्टर ने जांच के बाद सियाराम साहू को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सदर अस्पताल और घटनास्थल पहुंच गए। जानकारी के अनुसार सियाराम साहू अकाउंटेड के साथ बीते रात्रि हाजीपुर में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बाद पटना लौट रहे थे। इसी दौरान पाया नंबर 26 के निकट किसी ट्रक और ट्रैक्टर के द्वारा कुछ दूरी में मिट्टी गिरा दिया गया था, बारिश के कारण कीचड़ और मिट्टी में बाइक फिसलने के कारण बाइक सवार दोनों गिर गए। पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल के द्वारा घटना की जानकारी अपने साथियों को दी गई। सूचना मिलते ही घायल के साथी और गंगा ब्रिज थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक मधुबनी जिला के जयनगर थाना क्षेत्र के दुलीपटटी निवासी स्वर्गीय सुखदेव साहू के 52 वर्षीय पुत्र सियाराम साहू थे। वह करीब 15 साल से हाजीपुर कृषि विभाग में तैनात थे। उनकी पत्नी बिदुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंटल के डॉक्टर है। पटना के बाद कृषि विभाग के आधिकारिक कर्मियों में शोक की लहर है। गंगा ब्रिज थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि बीते रात्रि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर दोनों को सदर अस्पताल भेजा गया। एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पुल पर किसी ट्रक या ट्रैक्टर वालों के द्वारा मिट्टी गिरा दिया गया था। उसी के कारण बाइक फिसलने के दौरान हादसा हुई है। मौके पर पहुंचकर बैरिकेडिंग कर मिट्टी हटाने की कार्रवाई की गई।

संक्षिप्त समाचार

एसडीपीओ ने पुलिस केंद्र में परेड का निरीक्षण किया

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को महुआ, एसडीपीओ संजीव कुमार सुबह, पुलिस केंद्र, हाजीपुर वैशाली में परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की अनुशासन, वर्दी की सुसज्जता, शारीरिक दक्षता एवं तत्परता का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, हाजीपुर महोदय ने जवानों को शारीरिक रूप से फिट रहने, नियमित प्रशिक्षण लेने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु सदैव तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस बल की एकजुटता, अनुशासन एवं सेवा भावना को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। निरीक्षण के क्रम में एसडीपीओ ने जवानों को शारीरिक रूप से फिट रहने, नियमित प्रशिक्षण लेने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित ए प्रभावी कार्रवाई के लिए सदैव तैयार रहने का निर्देश दिया।

बाल श्रम और मानव तस्करी के खिलाफ चलाया गया जागरुकता अभियान

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन नया सवेरा 3.0' के तहत बाल श्रम, मानव व्यापार एवं बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के हाजीपुर रेलवे स्टेशन के समीप व्यापक जागरूकता अभियान चलायागया। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक स्पेशल क्राइम सह साइबर क्राइम द्वारा किया गया, जिसमें अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। अभियान के दौरान आम नागरिकों, यात्रियों, दुकानदारों एवं रेलवे परिसर में मौजूद लोगों को बाल श्रम, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया तथा ऐसे मामलों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्चों से मजदूरी कराना, मानव व्यापार एवं बंधुआ मजदूरी गंभीर अपराध हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। संदिग्ध गतिविधि अथवा किसी भी पीड़ित की सूचना मिलने पर तुरंत स्थानीय थाना अथवा पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दें। वैशाली पुलिस की अपीलः आइए, मिलकर बाल श्रम, मानव व्यापार एवं बंधुआ मजदूरी मुक्त समाज का निर्माण करें। आपकी एक सूचना किसी बच्चे का भविष्य सुरक्षित कर सकती है।

नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोप

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। गोरौल थाना क्षेत्र की स्थिति गांव में एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है।जिसको लेकर पीड़ित लड़की के बयान पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।घटना गोरौल थाना क्षेत्र के एक गांव की है।आरोप है कि 14 वर्षीय पीड़िता 9वीं कक्षा की छात्रा है जो पढ़ने जा रही थी तभी लड़की के जानने वाले एक व्यक्ति ने अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर बाइक से ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।इस बीच आरोपियों ने पीड़िता को बेहोशी की हालत में छोड़ दिया और फरार हो गए।जब स्थानीय लोगो की नजर नाबालिग पर पड़ी तब लोगो ने इसकी सूचना परिजनों को दी जिसके बाद लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहीं इस मामले में महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि मामला 18 जुलाई का बताया जा रहा है जिसको लेकर कल पीड़िता ने गोरौल थाने में आवेदन दिया है जिसके आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।एसडीपीओ ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है साथ एफएसएल की टीम भी वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान कर रही है।

डीएम, एसपी ने किया कटाव स्थल का निरीक्षण

मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला के वरीय अधिकारियों के साथ सुगौली अंचल के विशुनपुरवा वार्ड संख्या 01 स्थित कटाव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रमंडल ढाका के कार्यपालक अभियंता को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया गया। यहां पर अंचल अधिकारी सुगौली के द्वारा बताया गया कि सिकरहना नदी पुल के पास नदी का जलस्तर घट रहा है। निरीक्षण के समय सहायक समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सहित अंचल अधिकारी सुगौली और बाढ़ प्रमंडल ढाका के अभियंता मौजूद थे।

सहायक समाहर्ता ने किया बाटा चौक का निरीक्षण

मोतिहारी/रक्सौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार,सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रक्सौल के साथ रक्सौल के बाटा चौक का निरीक्षण किया गया। यहां पर जाम की समस्या नहीं रहे इसको लेकर सभी जरूरी कदम उठाने पर विमर्श किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सड़क के आस पास का अतिक्रमण शीघ्र हटवाया जाय।समय-समय को पथों को अतिक्रमण मुक्त करने के लेकर अवैध रूप से खड़ी वाहनों से लगातार फाइन वसूली का अभियान चलाया जाय। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ट्रैफिक ड्यूटी पर जो सिपाही रहेंगे वह ट्रैफिक वर्दी में रहेंगे और सभी वाहनों को यातायात नियम एवं रोड सेफ्टी के साथ चलने का निर्देश देंगे। उन्होंने कहा कि जरूरी पड़े तो यातायात पुलिस ट्रॉली भी लगाया जाय।

रंगमंच के विविध रंगों से अवगत हुए नवोदित रंगकर्मी

खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर स्थित नाट्य संस्था 'सूत्रधार', खगौल द्वारा देवी स्थान, बड़ी खगौल सामुदायिक भवन में आयोजित 21 दिवसीय अभिनय नाट्य कार्यशाला में युवा कलाकारों की प्रतिभा निखरने लगी है। विगत 01 जुलाई से शुरू हुई इस अभिनय नाट्य कार्यशाला में युवा कलाकारों को नाटक की गतिविधियों से रूबरू कराया गया। कार्यशाला निर्देशक नवाब आलम के नेतृत्व में प्रशिक्षु कलाकारों को प्रेरित कर उनकी प्रतिभा को तराशने का प्रयास किया जा रहा है। कलाकारों को शारीरिक गतिविधि, वाचिक और आगिक अभिनय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। थियेटर गेम, स्टोरी टेलिंग, उच्चारण, ध्वनि, मंच सज्जा और इंप्रोवाइजेशन के माध्यम से रंगकर्मियों की कल्पनाशक्ति को विकसित किया जा रहा है। कलाकारों को सशक्त बनाने पर जोर दिशा जा रहा है ताकि वे समाज में अपनी पहचान बना सकें और जिम्मेदारी के साथ समाज के प्रति जागरूक रहें। वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश पांडे ने बताया के इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षु कलाकारों रंगमंच के सभी आयामों का ज्ञान देना है जिससे हो आगे उन्हें एक बेहतर कलाकार हो बनने साथ-साथ एक बेहतर इंसान बनने में मदद मिले। ज्ञात हो कि इस प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में भिखारी ठाकुर द्वारा रचित कलजयी नाटक गबरघिचोर की तैयारी चल रही है जिसकी प्रस्तुति 26 जुलाई 2026 (रविवार) को संध्या 6 बजे, पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल में निर्धारित है। कार्यशाला प्रभारी प्रो. प्रसिद्ध कुमार ने बताया कि यह वर्कशॉप नए ऊजार्वान रंगकर्मियों की कमी को पूरा करेगा जिससे कला-संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस नाट्य अभिनय कार्यशाला में मुकेश कुमार, अखिलेश सिंह, अमन कुमार, सिंपी सिंह, कुंदन कुमार, आसिफ हसन, लवकुश कुमार, अभिजीत कुमार, भोला सिंह, राजीव रंजन त्रिपाठी, शशि भूषण शर्मा, सऊद आलम, हुस्ना फातिमा सक्रिय हैं।

रामगढ़वा में आयोजित सहयोग शिविर में डीएम और एसपी ने की शिरकत

जिलाधिकारी ने खुद सुनी शिकायत एवं निष्पादन का दिया निर्देश

मोतिहारी/ रामगढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड अंतर्गत रामगढ़वा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सहयोग शिविर में खुद शिरकत की एवं आम जनों से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। इस दौरान जिला के शीर्ष पदाधिकारी गण के द्वारा आम जनों से मिलकर सहयोग शिविर की व्यवस्था, उसके संचालन एवं पदाधिकारी द्वारा लोगों से मिलने के विषय तथा आम जनों के संतुष्ट होने की जानकारी प्राप्त की गई।सहयोग शिविर के पांचवे चरण अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिला में आज कुल 71 पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। रामगढ़वा में आयोजित शिवर शिरकत कर डीएम और एसपी के द्वारा सहयोग शिविर में आए आमजन से संवाद स्थापित किया गया और शिविर के महत्व को बताया। डीएम ने कहा कि आपको अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराना होगा और तत्पर रहना होगा। 'सहयोग शिविर' पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के द्वारा बनाई गई एक समुचित व्यवस्था है जहां पर लोग अपनी समस्याओं को रख रहे हैं और उसका समाधान करा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का 10 दिन के अंदर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा समाधान नहीं किए जाने पर स्वतःही स्पष्टीकरण हो रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़वा के द्वारा बताया गया है कि रामगढ़वा प्रखंड में आयोजित सहयोग शिविर में आज कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 121 का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया।

86 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जितना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक शातिर गांजा तस्कर को भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ दबोच लिया है। तस्कर के पास से और उसके घर पर की गई छापेमारी में कुल मिलाकर करीब 86 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने इस पूरी सफल कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बनकटवा बौद्धि बोधी माई के मंदिर के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति गांजे की बड़ी खेप किसी को सौंपने के इरादे से आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक विशेष टीम ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर दी। कुछ ही समय में वहां पहुंचे संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही धर दबोचा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की जब मौके पर ही विधिवत तलाशी ली गई, तो पुलिस टीम के होश उड़ गए। उसके पास से करीब 15 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता का गांजा बरामद किया गया।

बंद घर का ताला तोड़ करीब 12 लाख की चोरी, बड़ी वारदात से दहशत

95 हजार नकद, छह भर सोना व 75 भर चांदी के आभूषण ले उड़े चोर

चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के परतापुर गांव में भीषण डकैती की घटना के बाद अब अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 12 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर का ताला तोड़कर 95 हजार रुपये नकद, करीब छह भर सोने तथा 75 भर चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। लगातार हुई दूसरी बड़ी वारदात से गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, परतापुर निवासी तथा सेना से सेवानिवृत्त प्रेमशंकर सिंह 19 जुलाई को अपनी पत्नी रम्भा देवी के साथ झारखंड स्थित बाबा बैद्यनाथधाम में एक रिश्तेदार के लखराव पूजा समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान घर बंद होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट और घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने पेटी और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 95 हजार रुपये नकद, छह भर सोने और 75 भर चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब साढ़े 11 से 12 लाख रुपये बताई गई है। मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे जब परिवार वापस घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर सभी सामान बिखरा पड़ा था तथा पेटी और अलमारी खुली हुई थी। जांच करने पर नकदी और आभूषण गायब मिले। इसके बाद गृहस्वामी ने चिरैया थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। गृहस्वामी ने बताया कि चोर परिवार की वर्षों की जमा-पूंजी ले गए हैं।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/38, दिनांक 20.07.2026; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) 20261062; ईएमयू कोचों के शाकु कपलर के लिए सेमी परमानेंट कपलर इंड "ए"; रु. 5,95,250/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 11.08.2026 को 13.30 बजे। (2) 20262158; एक्सल बॉक्स हाउसिंग; रु. 0। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.08.2026 को 13.30 बजे। (3) 20261036; शाकु कपलर के लिए ड्रा एवं बफ गीयर की खरीददारी; रु. 7,79,740/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 18.08.2026 को 13.30 बजे। (4) 20261025; सेकेंडरी एयर स्प्रिंग सस्पेंशन के लिए लैटरल डम्पर; रु. 4,75,980/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 12.08.2026 को 13.30 बजे। (5) 14261026; विनिर्देश सं. आईआरएसः एस63/2014 एवं आईएस 1554 पार्ट-1 संशो. 4.0 के अनुसार 2 कोर x 10 वर्ग मिमी आकार के हाई कंडक्टिविटी सर्कुलर कॉपर कंडक्टर के साथ भूमिगत, आर्मर्ड, अनस्क्रीन्ड, रेलवे पावर केबल (स्ट्रैंडेड 7x1.40 मिमी); रु. 4,75,980/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.08.2026 को 13.30 बजे। (6) 21262085; लॉक लिफ्ट लीवर इत्यादि; रु. 94,580/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 17.08.2026 को 13.30 बजे। (7) 21261082; सम्पूर्ण स्लैक एडजस्टर इत्यादि; रु. 2,11,740/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 14.08.2026 को 13.30 बजे। (8) 21261205; के टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक इत्यादि; रु. 8,31,660/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.08.2026 को 13.30 बजे। (9) 21261531; सम्पूर्ण फ्लैप डोर इत्यादि; रु. 11,65,940/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 07.08.2026 को 13.30 बजे। (10) 21261392; सम्पूर्ण प्रेशर ट्रांसफॉर्मर इत्यादि; रु. 3,58,960/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 06.08.2026 को 13.30 बजे। (11) 21261133; डीवी इत्यादि के लिए ओवरहॉलिंग किट; रु.0। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 20.08.2026 को 13.30 बजे। (12) 21261116; कट ऑफ एंगल कॉक इत्यादि; रु. 2,68,240/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.08.2026 को 13.30 बजे। (13) 21261118; सम्पूर्ण डिस्ट्रिब्यूटर वॉल्व इत्यादि; रु. 7,26,260/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 21.08.2026 को 13.30 बजे। (14) 21261277; लोड सेंसिंग उपकरण इत्यादि; रु. 2,27,000/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 19.08.2026 को 13.30 बजे। (15) 20253208सी; ट्रैक्शन मोटर सस्पेंशन; रु. 56,820/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.08.2026 को 13.30 बजे। (16) 06261285ए; आरडीएसओ विनिर्देश सं. सी-9911 (संशो.3) ऑफ फरवरी, 2005 के साथ संशोधन-अंतिम संशोधन स्लिप सं. 6 ऑफ अगस्त 2016 एवं संशोधन सं. 1 ऑफ मई 2015 के अनुसार (2 टीयर/3 टीयर) एसी कोचों के लिए अग्नि रोधन कर्टन फैब्रिक कपड़ों की खरीददारी, चौड़ाई 120 सेमी +2/-0 सेमी, वजनः प्रति वर्ग मीटर 250+/-20 ग्राम, रंग एवं प्रारूप आरडीएसओ के अनुमोदित नमूना सं. (i) पीपीए-57 अथवा इसके समकक्ष (ii) डीटी/6बी/1 के समतुल्य डीटी/15/बी (iii) जीओ-8160 (iv) 51105बी (v) टी-369बी-2 (vi) एफआर 1316828-54ए के अनुसार; रु. 2,12,380/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 13.08.2026 को 13.30 बजे। (17) 14255184सी; आरडीएसओ विनिर्देश सं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 संशोधनः 2.1 इत्यादि के अनुसार 25 वॉट वीएचएफ डिजिटल रेडियो सेट की आपूर्ति हेतु खरीददारी; रु. 4,58,430/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.08.2026 को 13.30 बजे। (18) 11262713; प्रेशराइज्ड फ्लशिंग इत्यादि के लिए सिलिंडर की खरीददारी; रु. 1,86,320/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 07.08.2026 को 13.30 बजे। (19) 20262190; 3 फेज ईएमयू पैंटोग्राफ के लिए उपयुक्त मेटलाइज्ड कॉर्बन स्ट्रिपों के साथ ऑटो ड्रॉपिंग यंत्र का प्रावधान; रु. 14,99,070/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 06.08.2026 को 13.30 बजे। (20) 21261126; एयर ब्रेक होज कपलिंग इत्यादि; रु. 8,31,800/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 18.08.2026 को 13.30 बजे। (21) 21261526; बीओएक्सएनएच इत्यादि के लिए सम्पूर्ण बॉडी साइड अरेंजमेंट; रु. 4,12,880/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.08.2026 को 13.30 बजे। (22) 05261176ए; आईएस : 308/2024 चौथा संशोधन के अनुसार डिजॉलव्ड एसिटाइलिंग गैस की खरीददारी; रु. 20,00,000/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 07.08.2026 को 13.30 बजे। (23) 11261810; बोगी बोलस्टर स्प्रिंग सस्पेंशन इत्यादि के लिए हैंगर; रु. 7,12,700/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 19.08.2026 को 13.30 बजे। (24) 12261087; आरडीएसओ आरेख सं. टी-8748 (अल्ट. 1) के अनुसार इंड कट मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 2,48,070/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 21.08.2026 को 13.30 बजे। (25) 1226-एचवीएन _10228; आरडीएसओ आरेख सं. (टी-10228 अल्ट. 1) के अनुसार इंड कट हाई विसकोस नॉयलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध; रु. 1,21,240/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 11.08.2026 को 13.30 बजे। (26) 1226-टीडब्ल्यूएस_फीटिंग्स; आरडीएसओ आरेख सं. टी-6155 अल्ट.-13 के अनुसार 1 इन 12, 60 किग्रा तथा आरडीएसओ आरेख सं. टी-6280 अल्ट.-7 के अनुसार 1 इन 8.5, 60 किग्रा थीक वेब स्विच की फीटिंग्स; रु. 18,69,840/-. निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 07.08.2026 को 13.30 बजे। (27) 1226_सीजीआरएसपी_8327; आरडीएसओ आरेख सं. आरडीएसओ/टी-8327 के अनुसार 52 किग्रा रेलों के लिए 6.2 मिमी मोटी कम्पोजिट ग्रूव्ड रबड़ सोल प्लेट के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए 2 वर्षों का आरजीसी; रु. 1,29,360/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 31.07.2026 को 13.30 बजे। (28) 1226_एसडब्ल्यू_फीटिंग्स; आरडीएसओ आरेख सं. टी-4219 अल्ट-12 के अनुसार 1 इन 12, 60 किग्रा तथा आरडीएसओ आरेख सं. टी-4966 अल्ट.-9 के अनुसार 1 इन 8.5, 60 किग्रा ओवर राइडिंग स्विच की फीटिंगों का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 4,99,500/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 24.07.2026 को 13.30 बजे। (29) 12261069; आरडीएसओ आरेख सं. टी-1899 से अल्ट. 1 के अनुसार 60 किग्रा के लिए फिश बोल्ट एवं नट; रु. 10,85,480/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 14.08.2026 को 13.30 बजे। (30) 12261026; 1 मी लंबे फिश प्लेट 60 किग्रा टी-5916 की आपूर्ति; रु. 7,31,510/-। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 31.07.2026 को 13.30 बजे। निविदा लागत : रु. 0 (1 से 30 के लिए)।

क्रम सं. एवं निविदा सं.; संक्षिप्त विवरण, अनुमानित निविदा मूल्य; निविदा बंद होने की तारीखः (1) 52257781ए; सम्पूर्ण बोगी फ्रेम; रु. 83,17,230/-; 13.08.2026. (2) 52257677बी; सामानों की आपूर्ति तथा अपहोलस्ट्री का फीटमेंट; रु. 1,94,70,000/-; 04.08.2026.

संशोधनः नीचे उल्लेखित निविदाओं के लिए जारी संशोधनों के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें: 11262159 नियत तारीख 18.08.2026।

टिप्पणीः उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में एवं अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-25/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

चलती ट्रेन से गिरकर युवती गंभीर रूप से घायल, होश आने पर हुई पहचान

डॉक्टर ने वीडियो कॉल पर कराई परिजनों से बात

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड पर चैनवा और एकमा रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार को चलती ट्रेन से गिरकर एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना रसूलपुर थाना क्षेत्र के चड़वां गांव के समीप हुई। स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने मानवता का परिचय देते हुए अचेतावस्था में घायल युवती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया। सीएचसी एकमा में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र कुणाल एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने युवती का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार युवती के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल लाए जाने के समय वह पूरी तरह अचेत थी, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी और उसे अज्ञात घायल के रूप में भर्ती किया गया। उपचार के दौरान होश आने पर युवती ने अपना नाम और परिजनों का मोबाइल नंबर बताया। इसके बाद डॉ. कौशलेंद्र कुणाल ने दिए गए नंबर पर संपर्क कर वीडियो कॉल के माध्यम से परिजनों से बातचीत कराई, जिससे युवती की पहचान की पुष्टि हो सकी। उसकी पहचान मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के शिवरहापुर गांव निवासी मो. सफीक की पुत्री रिजवाना खातून (18) के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर जिले में अहियापुर नाम का थाना है। स्थानीय बोलचाल में इसे कभी-कभी 'अय्यापुर' भी कहा जाता है। यह दरभंगा रोड, सोहाजपुर में स्थित एक प्रमुख पुलिस स्टेशन है। मुजफ्फरपुर जिले में अय्यापुर नाम से कोई थाना नहीं है, बल्कि इसे अहियापुर थाना के नाम से जाना जाता है। स्थानीय स्तर पर अक्सर लोग इसे बोलचाल में अय्यापुर कहते हैं। परिजनों ने चिकित्सक को बताया कि रिजवाना खातून दिल्ली से अपने गांव लौट रही थी। वह गाड़ी संख्या 14006 डाउन लिच्छवी एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थी। इस बीच एकमा और चैनवा रेलवे स्टेशनों के बीच किसी कारणवश वह चलती ट्रेन से गिर गई, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल युवती के परिजन तत्काल एकमा सीएचसी के लिए रवाना हो गए। उधर, घटना की सूचना मिलने पर रेलवे एवं स्थानीय थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

डीएम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना के लंबित ऋण आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लंबित ऋण (लोन) आवेदनों की समीक्षा हेतु उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के तीनों कार्यपालक अभियंता तथा भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मोतिहारी जिले में योजना के तहत लगभग 1,400 ऋण आवेदन लंबित हैं, जिनमें से 199 आवेदनों की स्वीकृति शेष है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि 718 ऋण आवेदन विभिन्न कारणों से अस्वीकृत किए गए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को अस्वीकृति के कारणों का

एक नजर

शराब बरामद, बाइक जब्त

कौआकोल। कौआकोल थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 100 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। यह कार्रवाई एएसआई रिंकू कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कपसिया नदी के समीप छापेमारी के दौरान की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बाइक पर लदे दो गैलन में रखी करीब 100 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर बाइक को जब्त कर लिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही शराब धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस फरार धंधेबाज की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कौआकोल पीएचसी में बंध्याकरण शिविर आयोजित

कौआकोल। सरकार की जनसंख्या नियंत्रण योजना के तहत पुरुषों की नसबंदी एवं महिलाओं के बंध्याकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल ने बताया कि शिविर में चार महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। सभी ऑपरेशन सुरक्षित एवं सफल रहे। ऑपरेशन के बाद सभी महिलाओं को सरकार द्वारा निर्धारित सुविधाएं एवं प्रोत्साहन राशि सहित अन्य आवश्यक लाभ उपलब्ध कराए गए। उन्होंने लोगों से परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि छोटा परिवार स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध जीवन की आधारशिला है। सरकार की ओर से परिवार नियोजन संबंधी सभी सेवाएं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इस्लामपुर नगर परिषद में अनियमितता के आरोप

वार्ड पार्षदों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

इस्लामपुर। इस्लामपुर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति की कार्यप्रणाली को लेकर विवाद गहरा गया है। समिति सदस्य कृष्ण कुमार और स्वाति देवी ने नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को आवेदन भेजकर 20 जून 2026 को हुई बैठक में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि जिन योजनाओं पर बैठक में चर्चा नहीं हुई, उन्हें बाद में कार्यवाही पंजी में जोड़कर स्वीकृत दर्शा दिया गया। उन्होंने बैठक की कार्यवाही पंजी, वीडियोग्राफी और ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं कराए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। आवेदन में बैठक की रिकॉर्डिंग और कार्यवाही की जांच कराने, कथित रूप से बाद में जोड़ी गई योजनाओं को निरस्त करने तथा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसकी प्रतिलिपि जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा और कार्यपालक पदाधिकारी को भी भेजी गई है। इधर वार्ड पार्षद रीता देवी, शिवशंकर कुमार, दिनेश पासवान, चिंता देवी, टिंकू प्रसाद, सानिया गुप्ता और संगीता देवी ने भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी पर मनमाने ढंग से कार्य करने का आरोप लगाया है। पार्षदों का कहना है कि उनकी बातों को नजरअंदाज किया जाता है, वार्डों में योजनाओं का समुचित आवंटन नहीं होता और परिषद से संबंधित जानकारी भी साझा नहीं की जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल समर्थक पार्षदों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पार्षदों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर वे नगर परिषद सभागार में भूख हड़ताल शुरू करेंगे। हालांकि, ये सभी आरोप शिकायतकर्ताओं और वार्ड पार्षदों द्वारा लगाए गए हैं। नगर परिषद अथवा संबंधित अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

खसरा उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण

बिहारशरीफ। जिले में आगामी खसरा उन्मूलन अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को सदर अस्पताल सभागार में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें घर-घर सर्वेक्षण, छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण, खसरा के संदिग्ध मामलों की पहचान तथा सूचना देने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र चौधरी ने कहा कि खसरा अत्यंत संक्रामक वायरल बीमारी है, जो बच्चों के लिए गंभीर और कई बार जानलेवा भी हो सकती है। इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण है। उन्होंने बताया कि 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को खसरा-रूबेला टीका और विटामिन-ए की निर्धारित खुराक अवश्य दी जानी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें अभियान से जोड़ें। बुखार के साथ लाल चकत्ते या दाने दिखाई देने पर उसे खसरा का संदिग्ध मामला मानते हुए तत्काल आशा, एएनएम अथवा स्वास्थ्य विभाग को सूचना देने को कहा गया। डॉ. चौधरी ने बताया कि एक संक्रमित व्यक्ति 12 से 18 लोगों तक संक्रमण फैला सकता है, इसलिए प्रत्येक संदिग्ध मामले की समय पर सूचना और निगरानी आवश्यक है। उन्होंने टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों और अफवाहों को दूर करने में आशा, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

साइबर मंगलवार पर स्कूलों में पहुंची नगरनौसा पुलिस, छात्रों को किया जागरूक

नगरनौसा। नालंदा पुलिस के साइबर मंगलवार जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को नगरनौसा थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष शशी रंजन कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल तथा राजकीयकृत विकास प्लस-टू विद्यालय, भोभी में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए मोबाइल, सोशल मीडिया और डिजिटल भुगतान का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। थानाध्यक्ष ने विद्यार्थियों से ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम कार्ड, यूपीआई पिन और अन्य गोपनीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की अपील की। उन्होंने फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, केवाईसी अपडेट, लॉटरी और नौकरी के नाम पर होने वाली ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी। दरोगा संदीप सिंह ने भी साइबर अपराधियों के नए तरीकों की जानकारी देते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में थाना के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

साइबर मंगलवार अभियान के तहत इस्लामपुर के विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम

इस्लामपुर। नालंदा पुलिस के साइबर मंगलवार अभियान के तहत मंगलवार को इस्लामपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में हिलसा-2 इस्लामपुर डीएसपी कुमार ऋषि राज ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को सचेत करना और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना है। इस दौरान ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, बैंकिंग धोखाधड़ी, फिशिंग लिंक, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल और डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। डीएसपी ने लोगों से बैंक खाता, एटीएम कार्ड, सीवीवी, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, इसलिए सतर्कता और जागरूकता ही सबसे प्रभावी सुरक्षा है।

साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

नारदीगंज,नवादा। राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में मंगलवार को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएसपी राहुल सिंह, थानाध्यक्ष राजेश कुमार और एसआई अभिषेक कुमार ने शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक किया। डीएसपी राहुल सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में डेटा, गोपनीयता और पैसों की सुरक्षा के लिए सजग रहना बेहद जरूरी है। साइबर अपराधी फ़िशिंग लिंक, मालवेयर और फ़र्ज़ी कॉल के ज़रिए लोगों को शिकार बना रहे हैं। इससे बचने के लिए मजबूत पासवर्ड रखें, 2-फैक्टर प्रमाणीकरण चालू करें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपना ओटीपी या पासवर्ड किसी से साझा न करें।

रफीगंज प्रखंड की चार पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज (औरंगाबाद)। "विकसित भारत-समृद्ध बिहार" अभियान के तहत सोमवार को रफीगंज प्रखंड की भदुकी कला, ढोसीला, अरथुआ और चरकावा पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विभिन्न विभागों के 22 काउंटर लगाए गए, जहां ग्रामीणों से समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शिविर में प्राप्त नए आवेदनों का भी निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है, जिसकी निगरानी जिला से लेकर राज्य स्तर तक की जा रही है, ताकि लोगों की समस्याओं

का समयबद्ध समाधान हो सके। बीडीओ कुमार अश्विनी ने बताया कि पूर्व में प्राप्त सभी आवेदनों का निस्तारण कर दिया गया है। शिविर में प्राप्त नए आवेदनों के निष्पादन के लिए एक सप्ताह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता कौशल कुमार, बिजली विभाग के सहायक अभियंता अशोक राज, कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी, डॉ. केसरी कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह, जीविका के बीपीएम संतोष कुमार, मनरेगा के तकनीकी सहायक गौतम कुमार, श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर संतोष कुमार, आवास पर्यवेक्षक अमित कुमार तथा लोहिया स्वच्छता अभियान के ब्लॉक समन्वयक मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, सीओ सतेंद्र कुमार, राजस्व पदाधिकारी सलाह असमर, बीपीआरओ सह बीइओ अमर कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, ढोसीला पंचायत की मुखिया गुड़िया देवी, प्रतिनिधि विनोद राठौर, पैक्स अध्यक्ष मनीष कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, मुखिया सेराज अंसारी, पैक्स अध्यक्ष सह उप मुखिया ओमप्रकाश कुमार भारती उर्फ गुड्डू यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

कासमा थाना में महिला सुरक्षा, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। औरंगाबाद पुलिस एवं दीप ज्योति कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कासमा थाना परिसर में महिला सुरक्षा, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कासमा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को मानव तस्करी की रोकथाम, इसके दुष्परिणाम तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। एएसआई नेहा रंजन ने "ऑप्रेसन विधि पालक" पुलिस दीदी टिम का गठन के उद्देश्य की जानकारी देते हुए महिलाओं की सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने की अपील की। इस अवसर पर दीप ज्योति कल्याण संस्थान की ओर से सीएसडब्लयू सरिता कुमारी ने बंधुआ मजदूरी के कारणों, इसके दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव एवं सरकारी सहायता योजनाओं की विस्तारपूर्वक

जानकारी दी। कार्यक्रम में एएसआई अरुण कुमार सिंह, एसआई आशुतोष कुमार, एएसआई दिवान रिशाद खान तथा संस्थान के जपिल कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों से महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस एवं संबंधित विभाग को देने की अपील की गई।

सीओ दाउदनगर का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। दाउदनगर के नवपदस्थापित सीओ सतीश कुमार सिंह का स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। इसमें गोरडीहां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह, कनाप पंचायत के मुखिया वीरेंद्र प्रसाद शामिल रहे। मौके पर सरोज कुमार, रोहित कुमार, उमेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इन

लोगों ने बुके देकर नव पदस्थापित सीओ का उनके कार्यालय कक्ष में स्वागत किया। मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने उम्मीद जताया कि इनके कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों को सम्मान मिलेगा। आम जनता की समस्याओं का समाधान होगा। पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर आम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि अंचल कार्यालय पहुंचने वाले ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी और उनके कार्यों का ससमय निष्पादन हो सकेगा।

ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से परिचित होंगे एनडीए कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। बिहार सरकार द्वारा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 1000 वर्ष के अटूट आस्था' के अंतर्गत 1100 श्रद्धालुओं के समूह को बिहार सरकार ने सोमनाथ भेजा है। इसमें औरंगाबाद से भी एनडीए के कई कार्यकर्ता शामिल हैं। सात दिवसीय इस यात्रा में एनडीए के कार्यकर्ताओं को सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमनाथ भेजा गया है। उन्हें मंदिर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से परिचय होगा। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दर्शन और पूजन के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में वे भ्रमण करेंगे। इस यात्रा में शामिल भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी अभय सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि सरकार ने काफी सहूलियतें प्रदान की है। यात्रा में सभी श्रद्धालुओं को आनंद आ रहा

है। उत्साह और उमंग है। जब वह दर्शन, पूजन और भ्रमण करेंगे तब नई अनुभूति प्राप्त होगी। ज्ञान की प्राप्ति भी होगी। इस यात्रा समूह में औरंगाबाद से भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार, जिला महामंत्री ब्रजेश गुप्ता, जिला मंत्री इंदल चंद्रवंशी, महिला जिला उपाध्यक्ष अनिता सिंह, एससी एसटी जिला अध्यक्ष अरविंद पासवान, जिला महामंत्री सुनील पासवान, प्रखंड अध्यक्ष लोजपा ओबरा असोक कुमार, प्रखंड अध्यक्ष लोजपा दाउदनगर रमेश पासवान, रालोमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार, भाजपा महामंत्री महिला मोर्चा गुड़िया सिंह, आरएलएम महिला मोर्चा अध्यक्ष सबिता कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री संगीता गुप्ता, जदयू के विजय विश्वकर्मा, जदयू जिलामहासचिव उमाशंकर सिंह, जिला अध्यक्ष जदयू धर्मेन्द्र सिंह और अन्य शामिल हैं।

खैरी इटवा गांव में कई घरों में चोरी, लाखों की नकदी व आभूषण ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र स्थित खैरी इटवा गांव में सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने कई घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। ग्रामीणों धर्मेंद्र यादव, लाला यादव समेत अन्य लोगों ने बताया कि सोमवार रात सभी लोग भोजन के बाद अपने-अपने घरों में सो गए थे। मंगलवार सुबह उठने पर घरों के दरवाजे खुले और खिड़कियां टूटी मिलीं। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और बक्सों के ताले टूटे हुए थे तथा नकदी और जेवरात गायब थे। इसके बाद एक साथ कई घरों में चोरी की जानकारी सामने आई। पीड़ितों के अनुसार गनौरी यादव के घर से बैग में रखे 1.75 लाख रुपये नकद, लाला यादव के घर से 15 हजार रुपये नकद और करीब 30 हजार रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, धर्मेंद्र यादव के घर से लगभग तीन लाख रुपये के जेवरात और 20 हजार रुपये नकद, मणि यादव के घर से करीब एक लाख रुपये के आभूषण और 34 हजार रुपये नकद तथा रविंद्र यादव के घर से 22 हजार रुपये नकद और लगभग 1.70 लाख रुपये के आभूषण चोरी हो गए। ग्रामीणों के अनुसार यदुनंदन यादव के घर से 30 हजार रुपये नकद तथा रिशु चंद्रवंशी के घर से करीब चार लाख रुपये मूल्य के आभूषण भी चोरी हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहली बार इस तरह की बड़ी चोरी की घटना हुई है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि खैरी इटवा गांव में चोरी की घटना हुई है। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि अज्ञात चोरों के गिरोह ने वारदात के दौरान पांच घरों में स्प्रे का छिड़काव किया। सूचना मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्णा, कासमा थानाध्यक्ष एवं एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि मामले की वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

शैक्षणिक परिभ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम : प्राचार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। राम लखन सिंह यादव कॉलेज द्वारा आयोजित दो दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण के अंतर्गत महाविद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं का दल 19 जुलाई को महाविद्यालय परिसर से झारखंड स्थित विश्वप्रसिद्ध तीर्थ सम्मेद शिखरजी (पारसनाथ) के लिए रवाना हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व महाविद्यालय के बरसर डॉ. विवेक कुमार ने किया। 20 जुलाई की प्रातः लगभग 3:00 बजे सभी प्रतिभागियों ने पारसनाथ की कठिन एवं रोमांचक ट्रैकिंग प्रारंभ की। लगभग 11 घंटे तक चली इस यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रकृति की अनुपम छटा, घने जंगलों, पर्वतीय मार्गों एवं बादलों से घिरे मनोहारी वातावरण का आनंद लिया। ट्रैकिंग के दौरान सभी ने श्री पार्श्वनाथ टोंक (मुख्य शिखर), जल मंदिर, गौतम

स्वामी टोंक, भौमियाजी मंदिर सहित मार्ग में स्थित अनेक पवित्र जैन मंदिरों एवं टोंकों के दर्शन किए। सम्मेद शिखरजी जैन धर्म का अत्यंत पवित्र तीर्थ है, जहां जैन परंपरा के अनुसार 20 तीर्थंकरों ने निर्वाण प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय रजक ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण केवल भ्रमण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक धरोहरों को निकट से समझने का अवसर प्रदान करते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक समरसता और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करते हैं। महाविद्यालय परिवार ने इस सफल शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

चार प्रकार के शिक्षकों की सनातन में अवधारणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। हिंदी साहित्य संस्कृति में गुरु का काफी महत्व है। आज गुरु पूर्णिमा है। इसलिए गुरु के महत्व पर चर्चा प्रासंगिक बन जाता है। संत कबीर दास का एक दोहा- गुरु गोबिंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु आपने, गोबिंद दियो बताय। गुरु के महत्व को रेखांकित करता है। बताता है कि गुरु का महत्व ईश्वर से भी अधिक है। धार्मिक महत्व भी इसका बताया गया है। गुरु पूर्णिमा को गुरु की श्री पाद पूजा की जाती है। यह अनुष्ठान गुरु शिष्य के अध्यात्मिक उर्जा को शक्तिशाली बनाने के लिए किया जाता है। आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री बताते हैं कि मुख्यतः गुरु चार प्रकार के होते हैं। प्रथम-आदि गुरु। माता

पिता जो पाल पोष कर शरीर को स्वस्थ बनाते हैं। द्वितीय वह शिक्षक, जो ब्रह्म स्वरूप वर्ण अक्षर ज्ञान से उच्च कोटि का अध्ययन कराते हैं। तृतीय संस्कार गुरु जो समयानुसार परम्परागत संस्कार से सुसंस्कृत करते है। जैसे यज्ञोपवीत संस्कार में गायत्री मन्त्र देने वाला। चतुर्थ दीक्षा गुरु। जो अपने अपने सम्प्रदाय के अनुसार यथा- वैष्णव, शैव, शाक्त, सौर्य, गाणपत की परम्परात पंच संस्कार कराते हैं। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को बिष्णु भगवान शयन कर जाते हैं, जो कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं। इतना दिनों के लिए अर्थात चार महीना का सृष्टि पालन और संहार का भार ब्रह्मा विष्णु महेश त्रिगुणात्मक प्रति रूप गुरु देव के अधीन ब्रह्माण्ड का सभी कार्य रहता है। अन्धकार से जो प्रकाश कि ओर ले जाने वाले को आत्म स्वरूप गुरु होते हैं। ईश्वर का दर्शन कराने के लिये मार्ग दर्शक गुरु होते है। बिना गुरु के किसी कार्य को आप संपादित नही सकते हैं। अतः प्रधान रूप से चार को देवता वेद में माना गया है। यथा - मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः, आचार्य (गुरु) देवो भवः, अतिथि देवो भवः।

शिविर में विभिन्न विभागों के 101 मामले आये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। प्रखंड के पंचायत सरकार भवन पेश में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में विभिन्न गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। इस शिविर में विभिन्न विभागों के लगाए गये स्टाल में 101 मामले आये। सम्बंधित अधिकारियों ने 42 मामले को आन द स्पाट निष्पादित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव और संचालन आवास पर्यवेक्षक मनीष कुमार ने किया। इस कार्यक्रम का बीडीओ सोनिया ढनढनानिया,जिला उद्यान पदाधिकारी विवेक भारती, सीओ रईस आलम, बीएओ विवेक कुमार गौरव समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

रालोमो कार्यकर्ताओं ने नवपदस्थापित बीडीओ व सीओ का किया स्वागत

हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड कार्यालय हसपुरा में नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) पंकज कुमार एवं अंचलाधिकारी (सीओ) सुनील कुमार का राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व रालोमो के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रवक्ता डॉ. राजेश कुमार विचारक, प्रधान महासचिव नंदकिशोर सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश सिंह, उपाध्यक्ष जयप्रकाश कुमार, पंचायत अध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री ब्रजकिशोर कुमार तथा अमरजेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रोन्नति के अभाव में जूनियर से भी कनीय बनकर काम करने को मजबूर रजौली के वरीय शिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। शिक्षा विभाग के एक आदेश के बाद भी प्रोन्नति नहीं मिलने से रजौली प्रखंड ही नहीं, पूरे नवादा जिले और बिहार के हजारों वरीय शिक्षक हताश हैं। शिक्षा मित्र से बने और 2006 में नियोजित हुए शिक्षक आज अपने ही विद्यालय में जूनियर शिक्षकों और 2022 व बीपीएससी से बहाल स्नातक शिक्षकों से भी कनीय बनकर कार्य करने को विवश हैं। शिक्षा विभाग अपर सचिव के प्रोन्नति देकर वरीयता तय करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया था लेकिन 9 महीने बीत जाने के बाद भी किसी भी जिले में इसका पालन नहीं हो रहा है।परिणामस्वरूप रजौली प्रखंड के वरीय शिक्षकों को अपने जूनियर सहयोगियों के अधीन काम करना पड़ रहा है। इससे उनकी आर्थिक, सामाजिक और मानसिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। रजौली के कुछ शिक्षकों ने प्रोन्नति के लिए सीडब्लयूजेसी1673/2025 में उच्च न्यायालय से न्यायादेश भी प्राप्त कर लिया है। इसके बावजूद उन्हें दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। शिक्षकों ने जनप्रतिनिधियों, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और यहां तक कि सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। 1 माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षक नेता अजीत कुमार ने कहा कि प्रोन्नति नहीं मिलने से शिक्षकों में निराशा है और इसका सीधा असर विद्यालयों की अनुशासन और पढ़ाई पर पड़ रहा है। भविष्य में छात्रों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय है। उन्होंने जिला पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा निदेशक और शिक्षा मंत्री से मांग की है कि सरकारी आदेश और कोर्ट के निर्देश का अविलंब पालन कर प्रोन्नति दी जाए। उन्होंने कहा कि "जब तक मूल समस्या का निष्पादन नहीं होगा, तब तक विषय अनुसार स्थानांतरण भी संभव नहीं हो पाएगा। प्रोन्नति से ही शिक्षा की गुणात्मक प्रगति संभव है।" अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस गंभीर मसले पर कब संज्ञान लेता है।

NAME CHANGE

I hitherto known as Satyam Kumar s/o Pawan Singh garh- Laxmipur, ward no. -07, Lachmipur, Distt. - Lakhisarai, Bihar PIN-811302, have changed my name and I shall hereafter be known as Anshu Raj

पूर्व रेलवे

निविदा का निरस्तीकरण

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-106-26-27, दिनांक 13.07.2026 की निविदा केस सं. ओ-एसी-टी-106-26-27।** अब, इसे अगले निर्देश तक **निरस्त** कर दिया गया है। (ASN-188/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

नगर पंचायत कार्यालय मे लगा सहयोग शिविर

रफीगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रफीगंज नगर पंचायत कार्यालय मे सहयोग शिविर मे पांच दर्जन से अधिक मामला आये। जिसका त्वरित निष्पादन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, उपाध्यक्ष आरती देवी ने बताया कि जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतू सहयोग शिविर लगा। जिसमे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र , शहर के दर्जनों मामला आये। सभी मामलो का त्वरित निष्पादन किया गया और शेष कार्यो को शीघ्र ही करने का आश्वासन दिया गया । और क ई लोगो के बीच जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र दिया गया। सहयोग शिविर के लिये कई लोगो ने नगर पंचायत के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर प्रधान सहायक पवन प्रकाश, वार्ड पार्षद रविंद्र प्रसाद, नूरूल लोदा खां, राजू मिश्र , मदन चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

सिचाई प्रमण्डल, दाउदनगर (औरंगाब

साइबर जागरूकता व डिजिटल सुरक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

नगर परिषद में साइबर अपराध और डिजिटल सुरक्षा विषय पर परिचर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमुई। देश और प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और डिजिटल सुरक्षा को लेकर हर मंगलवार को डिजिटल सुरक्षा को लेकर प्रत्येक मंगलवार को डिजिटल सुरक्षा के प्रति आम लोगों में जागरूकता हेतु राज्य सरकार ने एक अभियान चलाया है। जिसके तहत नगर परिषद जमुई में साइबर अपराध और डिजिटल सुरक्षा विषय पर एक परिचर्चा की गई। परिचर्चा की अध्यक्षता स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सरकारी वकील प्रभात कुमार भगत ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि कानूनी चुनौती भी है। प्रत्येक नागरिक को अपने डिजिटल

अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। समय पर शिकायत और जागरूकता ही साइबर अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण का सबसे सशक्त उपाय है। राजकीय डिग्री महाविद्यालय इस्लामनगर अलीगंज के प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर पासवान ने विशिष्ट अतिथि के बतौर बोलते हुए कहा कि डिजिटल युग ने जीवन को अत्यंत सरल बना दिया है. लेकिन साइबर अपराध ने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। साइबर जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। डिजिटल सतर्कता सुरक्षित भविष्य की मजबूत सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक, क्यूआर कोड पर बिना सत्यापन के विश्वास करना आर्थिक और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए घातक हो सकता है। जागरूक नागरिक ही साइबर अपराधियों को हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता की आज जरूरत है विद्यालय, महाविद्यालययो और समाज में नियमित डिजिटल शिक्षा से लोगों की समझ और सावधानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग का सबसे बड़ा मंत्र है- समझें, परखें और फिर क्लिक करें। प्रत्येक मंगलवार का डिजिटल सुरक्षा अभियान जन भागीदारी का माध्यम बन सकता है। दूसरों को भी डिजिटल सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक बनाकर सुरक्षित भारत के निर्माण में योगदान दें। वरिष्ठ अधिवक्ता मुरारी झा ने कहा कि नागरिक ही सुरक्षित समाज और राष्ट्र की पहचान है। बचाव का सबसे प्रभावी उपाय कानून के साथ-साथ डिजिटल गतिविधि को अनदेखा नहीं करें। प्रो. सरदार राय ने कहा साइबर अपराधियों की बढ़ती चुनौती का समाधान सिर्फ आधुनिक तकनीक से नहीं जागरूक नागरिकता से ही संभव है। ओटीपी पासवर्ड और बैंक की जानकारी की गोपनीयता ही आपकी आर्थिक सुरक्षा की गारंटी है। वरिष्ठ शिक्षक दिनेश मंडल ने कहा कि डिजिटल युग में सुरक्षित रहना हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। सावधानी डिजिटल सुरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है। सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाना केवल सरकार का काम नहीं कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

मौके पर विजय कुमार, अनिल पाठक, मंटू, श्याम आदि लोगों ने साइबर अपराध के प्रति सतर्कता बरतने की अपील की।

सहयोग शिविर में साइबर मंगलवार के तहत लगाए गए स्टॉल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमुई। जन-समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन के उद्देश्य से जमुई जिले के सभी दस प्रखंडों के सूचीबद्ध पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का सफल आयोजन किया गया। डीएम श्री नवीन और एसपी विश्वजीत दयाल ने संयुक्त रूप से सिकंदरा प्रखंड अंतर्गत मंजोष तथा खैरा प्रखंड के तहत बिशनपुर पंचायत में आयोजित शिविर का जायजा लिया। पदस्थ द्वय ने इस दरम्यान दूर-दराज से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और पूर्व में प्राप्त आवेदनों के सफल निष्पादन के उपरांत लाभुकों के हाथों में स्वीकृति और

प्रमाण पत्र सौंपा। सहयोग शिविर में 'साइबर मंगलवार' अभियान के तहत साइबर सुरक्षा के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए। साइबर अपराध से पीड़ित लोग यहां अपनी समस्याओं के लिए आवेदन दिया और न्याय की गुहार लगाई। इसके अलावे शिविर में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डीएम ने सहयोग पोर्टल की चर्चा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन तय समय के भीतर वैध आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी जरूरी : डीएओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर (पलामू)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत चल रहे एन्यूमीरेशन एवं डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति, बीएलओ एवं बीएलए-2 की भूमिका तथा आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन कार्य किया जा रहा है। पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अब तक लगभग 99.9 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण तथा 78.25 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। उन्होंने राजनीतिक दलों से 22 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाली बीएलओ एवं बीएलए-2 की तीसरी एवं अंतिम बैठक में अपने प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इसी दिन चुनाव पाठशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बीएलए-2 की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि बीएलए-2 के साथ प्रारूप मतदाता सूची तथा एएसडीडीएफ सूची का सत्यापन किया जाएगा। एएसडीडीएफ सूची में डुप्लीकेट प्रविष्टि, मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता, अनुपस्थित/लापता मतदाता तथा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर से इनकार करने वाले मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों का परीक्षण किया जाएगा। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर से बीएलए-2 एवं अन्य प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों पर आयोजित बैठक एवं चुनाव पाठशाला में भाग लेने के लिए प्रेरित करें तथा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।इस अवसर पर पांकी एवं विश्रामपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला नागरिक परिषद ने किया एसबीआई मुख्य प्रबंधक का अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला नागरिक परिषद के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा, रमेश चौक में मुख्य प्रबंधक का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राकेश कुमार जैन ने मुख्य प्रबंधक को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि बैंक को ऐसे ऊर्जावान और सक्रिय प्रबंधन की आवश्यकता थी, जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए प्रबंधन के नेतृत्व में शाखा और अधिक प्रगति करेगी तथा आम लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का

अधिक लाभ मिलेगा। मुख्य प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को हर प्रकार के ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप सरल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुकेश कुमार मिश्रा, जितेंद्र यादव, उमेश कुमार सिंह, महासचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह, गोपाल सिंह, अप्पू जैन, रामजी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए बैंक और नागरिक परिषद के सहयोग को सराहा।

15 लाख की इनामी महिला नक्सली बबीता ने किया आत्मसमर्पण

'नई दिशा एक नई पहल' नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटी, वर्षों तक पारसनाथ व कोल्हान क्षेत्र में रही सक्रिय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। भाकपा (माओवादी) की एरिया कमेटी सदस्य तथा 15 लाख की इनामी महिला नक्सली अनीता किस्कू उर्फ बबीता उर्फ बबीता कुमारी उर्फ बबीता देवी ने मंगलवार को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 'नई दिशाएक नई पहल' से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुजीत

कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाली महिला नक्सली को सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा, ताकि वह हिंसा का रास्ता छोड़कर सामान्य पारिवारिक जीवन व्यतीत कर सके। वर्ष 2009 में जुड़ी थी नक्सली संगठन से पुलिस के अनुसार अनीता किस्कू वर्ष 2009 में नक्सली संगठन के संपर्क में आई थी। शुरुआत में वह सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से संगठन से जुड़ी और धीरे-धीरे उसकी सक्रिय सदस्य बन गई। बाद में उसकी नजदीकियां कुख्यात नक्सली अजय महतो उर्फ टाइगर से बढ़ीं और वर्ष 2017 में दोनों ने विवाह कर लिया। इसके बाद वह संगठन की गतिविधियों में लगातार सक्रिय रही। पारसनाथ से कोल्हान तक रही सक्रिय पुलिस के अनुसार बबीता पारसनाथ, लुगू पहाड़ी, झुमरा पहाड़ी और कोल्हान क्षेत्र में संगठन की सक्रिय एरिया कमेटी सदस्य थी। संगठन में रहते हुए वह हथियार और विस्फोटक छिपाने, लेवी वसूली, ग्रामीणों में दहशत फैलाने तथा पुलिस और सुरक्षा बलों के खिलाफ नक्सली गतिविधियों में शामिल रही। संगठन में उसकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए उसे एरिया कमेटी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

संगठन से मोहभंग के बाद लिया आत्मसमर्पण का निर्णय

पुलिस के अनुसार समय के साथ संगठन के भीतर शोषण, शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली और निर्दोष ग्रामीणों के खिलाफ हिंसक गतिविधियों से बबीता का मोहभंग हो गया। दूसरी ओर पुलिस के लगातार नक्सल विरोधी अभियान तथा उसके पति अजय महतो की गिरफ्तारी के बाद उसका मनोबल टूट गया। इसके बाद वह पुलिस के संपर्क में आई।

खो-खो और शतरंज में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

डीएवी राष्ट्रीय खेल महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में आयोजित डीएवी दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2026 के अंतर्गत क्लस्टर-4 स्तरीय खो-खो एवं शतरंज प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता एवं

उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। खो-खो प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में अंडर-14 में रजरप्पा, अंडर-17 में बरही तथा अंडर-19 में रजरप्पा की टीम विजेता रही। वहीं बालक वर्ग में अंडर-14 में कोडरमा, अंडर-17 में रजरप्पा और अंडर-19 में बरही ने प्रथम स्थान हासिल किया। शतरंज प्रतियोगिता में बालिका वर्ग अंडर-14 एवं अंडर-19 में रजरप्पा तथा अंडर-17 में बरही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में अंडर-14 में रजरप्पा, अंडर-17 में आर. कुजू तथा अंडर-19 में बरही के खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त मंच हैं। उन्होंने झारखंड खो-खो संघ एवं शतरंज संघ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. आर.के. साहू, आर. कुजू के प्राचार्य आलोक कुमार, तापीन के प्राचार्य रविंद्र कुमार पात्रा, खेल शिक्षक राजेश कुमार सिंह, हेमंत कुमार तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना की।

इवीएम वेयर हाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

मेदिनीनगर (नबिटा संवाददाता)। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को ईवीएम-वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने इवीएम-वेयरहाउस का भौतिक अवलोकन किया साथ ही सुरक्षा से संबंधित आवश्यक पहलुओं,सीसीटीवी एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव आदि की जांच की गयी। उन्होंने संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर जायज़ा लिया तथा विद्युत व्यवस्था, बैलेट यूनिट हॉल, अग्निशमन व्यवस्था, कमरों की सीलिंग आदि को जाना।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में नव नामांकित छात्राओं का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

विष्णुगढ़। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में मंगलवार को कक्षा-6 की नव नामांकित छात्राओं के स्वागत हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय पहुंची 46 छात्राओं का विद्यालय के छात्राओं ने तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यालय की बैंड टीम के साथ छात्राओं को विद्यालय परिसर में प्रवेश कराया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम वार्डन सह शिक्षिका ज्योति वर्मा की अगुवाई में आयोजित की गई । इस दौरान छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आवासीय सुविधाएं, अनुशासन, सुरक्षा, स्वच्छता तथा दैनिक दिनचर्या से

संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को विद्यालय के वातावरण में सहज रूप से ढलने और नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। वार्डन सह शिक्षिका श्रीमती वर्मा ने नवागंतुक छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी मंच है। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन, समयपालन, स्वच्छता एवं परिश्रम को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। वहीं अभिभावकों से भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा की। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक हेमंत कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार यादव, सीता कुमारी, हेमा कुमारी, किरण कुमारी, प्रमिला कुमारी, लेखापाल प्रेमचंद राम, गार्ड बालेश्वर प्रसाद, रेखा कुमारी एवं पूनम कुमारी सहित विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की सदियों पुरानी परंपरा को आशीर्वाद का सम्मान

भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पुरी रथ यात्रा से अपने लंबे जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए भारत के नंबर 1 पैकेज्ड आटा ब्रांड आशीर्वाद ने 'गुणात्मक परंपरा' अभियान की शुरुआत की है। यह विशेष सांस्कृतिक पहल भगवान जगन्नाथ के पवित्र रथ का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की कारीगरी और सदियों पुरानी परंपरा को सम्मान देती है। 'गुणात्मक परंपरा' शिल्पकला की विरासत और आशीर्वाद के 'क्वालिटी की गारंटी' के वादे को एक साथ जोड़ती है। ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित इस अनुभव में भगवान जगन्नाथ के रथ निर्माण की बारीकियों को प्रदर्शित किया गया है। इसका मुख्य आकर्षण रथ के पहिये और पारंपरिक पत्थर की चक्की के बीच स्थापित प्रतीकात्मक संबंध है, जो गुणवत्ता, आस्था और परंपरा का संदेश देता है। इस विशेष अनुभव का उद्घाटन ओड़िया अभिनेत्री एलिना सामंतराय की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर इस पहल की सराहना की। वहीं, आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, स्टेपल्स बिजनेस यूनिट के चीफ एग्जीक्यूटिव अनुज रुस्तगी ने कहा कि 'गुणात्मक परंपरा' के माध्यम से विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की उत्कृष्ट कारीगरी और गुणवत्ता के प्रति उनके समर्पण को सम्मान देने का प्रयास किया गया है।

जमुई के प्रसिद्ध पेड़े को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिलाई जाएगी पहचान

डीएम व एसपी ने धनवेरिया के पेड़ा दुकानदारों से किया संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमुई। जमुई को एक सुंदर, समृद्ध, सांस्कृतिक रूप से सशक्त और सर्वांगीण विकास से सुसज्जित जिला बनाने के अपने अटूट संकल्प को दोहराते हुए, मंगलवार को डीएम व एसपी ने घनवेरिया स्थित प्रसिद्ध पेड़ा दुकानों का जायजा लिया। यह केवल एक प्रशासनिक निरीक्षण मात्र नहीं था, बल्कि जमुई की सदियों पुरानी स्वाद-परंपरा को पहचान दिलाने और स्थानीय कारीगरों के जीवन में समृद्धि लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और संवेदनशील प्रशासनिक पहल था। इस भ्रमण में जिलाधिकारी ने स्थानीय दुकानदारों से बेहद आत्मीयता के साथ संवाद स्थापित कर न केवल उनकी दैनिक समस्याओं व व्यावहारिक चुनौतियों को समझा, बल्कि जमुई के इस प्रसिद्ध पेड़े को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु जी.आई.



(भौगोलिक संकेत) टैग दिलवाने की अपनी दृढ़ प्रशासनिक प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। डीएम की अनूठी और संवेदनशील कार्यशैली का अप्रतिम नजारा देखने को मिला। उन्होंने पूरी आत्मीयता के साथ एक-एक कर सभी पेड़ा दुकानों पर रुख किया और पेड़ा निर्माण की पारंपरिक पद्धतियों, कुशल कारीगरी तथा शुद्धता के सूक्ष्म मापदंडों का खुद जायजा लिया। अपनी इस उत्सुकता और जुड़ाव के दौरान डीएम ने स्वयं अपने हाथों से पेड़ा बनाने की कला और तकनीक को परखा। इसके उपरांत, उन्होंने स्वयं पेड़े का स्वाद चखा और इसकी अद्वितीय मिठास, बेहतरीन सुगंध की भूरी-भूरी प्रशंसा की। व्यापारियों को विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य घनवेरिया के इस पेड़े को केवल एक स्थानीय मिठास तक सीमित न रखकर इसे एक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के 'मानक ब्रांड' के रूप में स्थापित करना है।पर्यटन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को जोड़ने की अपनी दूरदर्शी सोच को साझा करते हुए डीएम ने कहा कि घनवेरिया की भौगोलिक स्थिति व्यापारिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत विशिष्ट है। यह मार्ग गिद्धेश्वर मंदिर से गरही डैम होते हुए भगवान महावीर की पावन जन्मस्थली को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। चारों ओर से धार्मिक, ऐतिहासिक और मनोरम प्राकृतिक पर्यटन स्थलों से घिरे होने के कारण इस क्षेत्र में विशाल व्यावसायिक संभावनाएं छिपी हैं। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से अपील की कि वे अपने उत्पाद की गुणवत्ता और विशिष्टता को बनाए रखें, ताकि यहाँ आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु और पर्यटक जमुई की इस अनूठी मिठास को अपनी स्मृतियों में सदा के लिए बसा कर ले जाए और इसे एक सुसंगठित व वृहद स्थानीय उद्योग का रूप दिया जा सके।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने भी सभी दुकानों और आसपास के परिसरों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय व्यवसायियों से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इसके साथ ही, उन्होंने दुकानों और सार्वजनिक मार्गों को पूर्णतः स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता और व्यापारियों का सौहार्दपूर्ण व्यवहार ही बाहर से आने वाले पर्यटकों के सामने जमुई के उच्च संस्कारों और समृद्ध संस्कृति का वास्तविक संदेश प्रसारित करेगा।इस दौरान डीएम ने जमुई के ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जन-जागरूकता का एक महत्वपूर्ण पहलू तब सामने आया, जब स्थानीय ग्रामीणों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने घनवेरिया के समीप स्थित ऐतिहासिक 'नवलखा गढ़' के गौरवशाली इतिहास और उसकी पुरातात्विक महत्ता से अवगत कराया। ग्रामीणों ने इस प्राचीन धरोहर के संरक्षण तथा इसे एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का भावुक अनुरोध किया। जनता की भावना और ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति गहरी संवेदनशीलता दर्शाते हुए डीएम ने तुरंत इस पर सकारात्मक पहल की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द स्थानीय निवासियों व साथ इस क्षेत्र के समग्र विकास हेतु एक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें नवलखा गढ़ के जीर्णोद्धार के साथ साथ घनवेरिया के पेड़े के मिठास को स्थानीय उद्योग के रूप में एक व्यापक स्वरूप देने हेतु सभी व्यावहारिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर मिलकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

प्रखंड के सभी बूथों पर कल होगी विशेष बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बरही (हजारीबाग)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मतदाता सूची के सत्यापन एवं अद्यतन कार्य को लेकर कल 22 जुलाई को बरही प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए-2 की दूसरी बैठक सह चुनाव पाठशाला आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न श्रेणियों के नामों का सत्यापन किया जाएगा। इसमें डुप्लीकेट अथवा एकाधिक प्रविष्टि वाले मतदाता, मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता, पता नहीं लगने वाले मतदाता तथा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इंकार करने वाले व्यक्तियों की सूची की समीक्षा की जाएगी। साथ ही अब तक प्राप्त प्रपत्र-6, 6ए, 7 एवं 8 की जांच की जाएगी तथा 1 जनवरी 2008 के बाद जन्मे पात्र आवेदकों द्वारा जमा किए गए प्रपत्र-6 पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक सुझाव एवं आपत्तियों पर चर्चा होगी। निर्देशानुसार बैठक में बीएलओ, बीएलए-2, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित सदस्य शामिल होंगे। बैठक की कार्यवाही (एमओएम) तैयार कर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया है।

प्रखंड प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्धारित तिथि को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने की अपील की है।

सहयोग शिविर के जरिए सरकार पहुंचा रही योजनाओं का लाभ : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। राज्य सरकार के ल्सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिले की सभी पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उनके गांव में ही उपलब्ध कराना, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने जगदीशपुर प्रखंड के सोनूचक पुरैनी टोला गांव में आयोजित सहयोग शिविर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा लाभार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की विस्तृत समीक्षा करने के बाद बताया कि शिविर में लगभग 41 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति की समस्या या आवेदन का निस्तारण शेष रह गया है तो उसे तत्काल सहयोग पोर्टल पर दर्ज कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बलिया प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत भवन में मंगलवार को प्रशासन की ओर से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने पहुंचकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को राज्यस्तरीय सहयोग शिविर का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। मंगलवार को बिहार सरकार के निर्देशानुसार संचालित सहयोग शिविर के तहत जिले के छह प्रखंडों की कुल 11 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का अधिकतम 10 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। आज आयोजित शिविरों में 11 वरीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में ग्रामीणों की शिकायतें एवं मांगें सुनी गईं। इस क्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मटिहानी प्रखंड की बलहपुर-1 ग्राम पंचायत, उप विकास आयुक्त ने बलिया प्रखंड की पहारपुर ग्राम पंचायत, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी बेगूसराय सदर प्रखंड के बहदरपुर ग्राम पंचायत, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर बेगूसराय सदर प्रखंड के शाहपुर पंचायत, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय अश्विनी कुमार सदर प्रखंड के धबौली में आयोजित सहयोग शिविर की अध्यक्षता करते हुए स्वयं ग्रामीणों से संवाद किया तथा विभिन्न मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अब तक इन 11 ग्राम पंचायतों से ऑनलाइन माध्यम से कुल 854 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिनमें से 669 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है।

बैठक में की गई स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी में मंगलवार को आशा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हिमांशु ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन, जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा तथा टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि कुमार मृत्युंजय ने कहा कि सर्वे और ड्यू लिस्ट ही नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं सभी गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण विभाग का लक्ष्य है। इसके लिए सर्वे एवं ड्यू लिस्ट का समय-समय पर अद्यतन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को यह भी बताया कि सर्वे के बाद यदि किसी बच्चे का जन्म होता है या कोई महिला गर्भवती होती है तो उसका नाम सर्वे रजिस्टर में किस प्रकार दर्ज किया जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी आरोग्य दिवस पर टीकाकरण से वंचित न रहे। बीसीएम उषा कुमारी ने बताया कि वर्तमान में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा चल रहा है। इसके तहत महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक योग्य दंपतियों को स्थायी परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित कर शिविर तक लाने का निर्देश दिया।

सभी थानों में चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं अभिभावकों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना रहा है। इसी क्रम में भागलपुर साइबर थाना द्वारा स्थानीय नवयुग विद्यालय में जिला स्तरीय मुख्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अलंकृत पांडे, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ तथा साइबर थाना के पदाधिकारी एवं कर्मी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में जीवन का प्रत्येक क्षेत्र डिजिटल तकनीक से जुड़ चुका है। बैंकिंग, शिक्षा, व्यापार, सरकारी सेवाओं तथा सामाजिक संपर्क के लिए इंटरनेट एवं स्मार्टफोन का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की दैनिक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी सतर्कता अपनाकर अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। छात्र-छात्राओं को सलाह दी जाती है कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, संदिग्ध वेबसाइट, क्यू आर कोड, मोबाइल एप अथवा सोशल मीडिया संदेश पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें। किसी भी परिस्थिति में अपना बैंक खाता विवरण, अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करें।

गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 37 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी को नियमित जांच कराने, चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवा लेने तथा विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई। शिविर में एलटी पंकज कुमार जोशी द्वारा गर्भवती महिलाओं का वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, मूत्र सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। डॉ. हिमांशु कुमार ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान रक्त की कमी मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। इसे दूर करने के लिए आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों का नियमित सेवन करने के साथ भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, पके पीले फल, रागी एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह दी गई।उन्होंने गर्भवती महिलाओं को भारी काम से बचने, प्रतिदिन पर्याप्त आराम करने तथा सुरक्षित मातृत्व के लिए संस्थागत प्रसव कराने का आग्रह किया। जांच के बाद सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम सहित आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।शिविर को सफल बनाने में एलटी पंकज कुमार जोशी, जीएनएम रवि शंकर कुमार आदि उपस्थित थे।

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, एनएच जाम

बलिया (नबिटा संवाददाता)। थाना क्षेत्र के बड़ी बलिया पोखरिया ढाला के समीप मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़ी बलिया बाजार निवासी धर्मपाल गुप्ता के 30 वर्षीय पुत्र अशोक गुप्ता के रूप में हुई है। पूर्व मुखिया विनोद गुप्ता ने बताया कि मृतक उनके परिवार का सदस्य था। वह अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर घर लौट रहा था। इसी दौरान एनएच-31 पर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान



प्राकृतिक आपदा एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित स्थानीय आपदाओं में पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु की स्थिति में सरकार द्वारा सहाय्य अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। सहाय्य अनुदान के दावा एवं भुगतान की प्रक्रिया तथा दर निम्नवत है :

आवेदन एवं भुगतान की प्रक्रिया

1 **पशु मृत्यु के पश्चात् अगर शव प्राप्त हो :**

(क) पशुपालक निकटतम पशु चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दें तथा विहित प्रपत्र (प्रपत्र–क) में आवेदन दें।

(ख) आवेदन मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य/सरपंच/पंच/वार्ड सदस्य द्वारा अग्रसारित होना चाहिये (प्रपत्र–क)। पशु चिकित्सा पदाधिकारी आवेदन अंचलाधिकारी को प्रेषित करेंगे।

(ग) अंचलाधिकारी प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

2. **पशु शव प्राप्ति नहीं होने की स्थिति में :**

(क) पशुपालक स्थानीय थाना में पशु क्षति के संबंध में सनहा/प्राथमिकी दर्ज कराऐं।

(ख) पशुपालक सनहा/प्राथमिकी की प्रति संलग्न कर आवेदन अंचलाधिकारी को देंगे। अंचलाधिकारी राजस्व कर्मचारी/अन्य कर्मी से वास्तविक रूप से पशु क्षति संबंधी जाँचोंपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे (प्रपत्र–ग)।

(ग) अंचलाधिकारी पशु क्षति संबंधी सूचना को ससमय जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे (प्रपत्र–ख/प्रपत्र–ग)। जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक जाँचोपरान्त अभिलेख स्वीकृत कराकर घटना के एक सप्ताह के अन्दर सहाय्य अनुदान का भुगतान किया जायेगा।

3. **अन्य आपदाओं यथा सुखाड़/वज्रपात/अग्निकाण्ड आदि की स्थिति में यथासंभव अन्त्य परीक्षण कराना आवश्यक होगा। बड़ी संख्या में एक ही स्थान में एक ही तरह की परिस्थिति में पशुओं की मृत्यु होने पर रैण्डम रूप से यथासंभव पाँच से दस प्रतिशत पशुओं/मुर्गियों का अन्त्य परीक्षण करते हुए मृत्यु का कारण निर्धारित किया जाएगा।**

टिप्पणी :

1. विहित प्रपत्र–क, ख एवं ग तथा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/ahd), जिला पशुपालन कार्यालय एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।
2. आवेदन में वांछित विवरण यथा नाम, पता, मोबाईल नं., आधार नं., मृत पशु से संबंधित विवरण, मृत्यु का कारण तथा बैंक खाता का ब्योरा इत्यादि अंकित रहना आवश्यक है।

बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान की दर

क्रं.	पशु का प्रकार	राशि प्रति इकाई	अधिकतम अनुमान्य (प्रति परिवार)	अभ्युक्ति
1	**दुग्धकारी पशु** क) गाय/भैंस/ऊँट/याक/मिथुन आदि	37,500/–	3 पशु तक सीमित	1. आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं की वास्तविक क्षति के अनुसार सीमित होगी। 2. किसी अन्य सरकारी योजना से प्राप्त होने वाली सहायता (यथा एवियन इन्फ्लूएन्जा से पक्षियों की मृत्यु या अन्य बीमारियों से मृत्यु) की स्थिति में यह सहाय्य अनुदान देय नहीं होगा।
	ख) बकरी/भेंड़/सुकर	4,000/–	30 पशु तक सीमित	
2	**भारवाही पशु** क) बैल/ऊँट/घोड़ा आदि	32,000/–	3 पशु तक सीमित	
	ख) बछड़ा/खच्चड़/गदहा/टट्टु	20,000/–	6 पशु तक सीमित	
3	**पॉल्ट्री**	100/–	अधिकतम सीमा 5000/– रूपये	
4	**घर के साथ संलग्न पशु शेड अग्निकांड हेतु**	3,000/–	प्रति पशु शेड	

विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना
स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612–2230942) या
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612–2226049)
से प्राप्त की जा सकती है।

@BiharDFARD

PR No.- 008305 (Animal)D. 2026-27

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित करना है कि NH-98 से नौवडीहा बाजार, ब्लॉक मुख्यालय कार्यालय भाया उदयगढ़ मोड़ पथ के कि0मी0 8वें में अवस्थित पुल क्षतिग्रस्त है, जिसमें भारी वाहनों का आवागमन अगले आदेश के लिए पूर्णतः निषेध है।

निदेशानुसार
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 385481 District(26-27).D

कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

आम सूचना

जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत प्रखण्ड पाटन में आवंटित सभी दुकानों के आवंटी जो अबतक अपने आवंटित दुकानों का जमानत राशि जमा नहीं किये हैं को सूचित किया जाता है कि वे आपने आवंटित दुकान का जमानत राशि दिनांक 20.08.2026 तक अनिवार्य रूप से जिला परिषद कार्यालय, पलामू में जमा कर दें। अन्यथा उनका आवंटन रद्द कर दिया जायेगा।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 385421 District (26-27)_D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(लापता आरती देवी, उम्र करीब–21 वर्ष)

विशुनपुरा थाना कांड सं0–03/25, दिनांक–21.01.2025 धारा–126(2), 115(2), 85, 140(3), 3(5) बी0एन0एस0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 में लापता आरती देवी उम्र–21 वर्ष, पति–रंजीत भुईयाँ, ग्राम–करकचीया, थाना–विशुनपुरा, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाली है। उक्त कांड के वादी नन्दु भुईयाँ, पे0–स्व0 लकठो भुईयाँ, सा0–अमरोरा, थाना–खरौंधी, जिला–गढ़वा के टंकित आवेदन में उल्लेख किये है कि इनकी पुत्री आरती देवी दिनांक–12.01.2025 को अपने ससुराल ग्राम–करकचीया, थाना–विशुनपुरा, जिला–गढ़वा से लापता हो गई है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला आरती देवी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–लंबाई–05 फीट, रंग–सांवला, बाल–काला,
शारीरिक बनावट–दुबली–पतली, पहनावा–लाल रंग की साड़ी,
भाषा–हिन्दी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 385465 Police(26-27)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(लापता/अपहृत सीता कुमारी, उम्र–15 वर्ष)

रमना थाना कांड सं0–75/26, दिनांक–10.07.26, धारा–187(2), 87, बी0एन0एस0 में लापता/अपहृत सीता कुमारी, उम्र–15 वर्ष, पिता–दशरथ राम, ग्राम–बगौंधा, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक दशरथ राम के द्वारा उल्लेख किया किया गया कि इनकी पुत्री सीता कुमारी को दिनांक–10.07.26 को सुबह करीब 03 बजे ओम प्रकाश पासवान पे0–स्व0 विजय पासवान ग्राम–रामगढ़, थाना–रमना, जिला गढ़वा के द्वारा प्रेम जाल में फंसा कर कहीं ले गया है, जो अबतक अपने घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता/अपहृत लड़की का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता/अपहृत लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता/अपहृत का विवरण/हुलिया :–
नाम–सीता कुमारी, लम्बाई–04 फीट, रंग–गोरा,
पहनावा–लाल रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 385456 Police(26-27)D

कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण, "ATMA", गढ़वा

आदेश

कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण, "ATMA", गढ़वा अंतर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM), सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) एवं लेखापाल–सह–लिपिक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.12.2025 तक प्राप्त कुल आवेदनों की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत तैयार सूची को ज्ञापांक– 627, दिनांक– 08.06.2026 के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिले एवं आत्मा के वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

दावा/आपत्ति निराकरण के उपरांत पदवार आवेदनों की योग्य उम्मीदवारों की सूची, अयोग्य उम्मीदवारों की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in एवं आत्मा, गढ़वा के वेबसाईट www.atmagarhwa.org.in पर जारी कर दिया गया है। सभी पदों हेतु योग्य उम्मीदवारों की कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा दिनांक– 27.07.2026 को पूर्वाह्न 9:00 बजे से नये समाहणालय में अवस्थित सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, उपरी तल, गढ़वा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के उपरांत दिनांक 27.07.2026 को अभ्यर्थियों के कंप्यूटर ज्ञान की परीक्षा का परीक्षाफल जारी कर दिया जाएगा। पदवार योग्य उम्मीद्वारों की सूची के सभी अभ्यर्थी दिनांक 24.07.2026 से अपना प्रवेश–पत्र गढ़वा जिले के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकेंगे।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, गढ़वा

PR 385524 Agriculture(26-27)#D

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत पीपरा पंचायत स्थित +2 उच्च विद्यालय सत्येंद्र नारायण सिंह परिसर में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पौधा एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी अभिलाषा

शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचना है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं सम्मानजनक तरीके से पहुंचे और इसी उद्देश्य से जिले के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, विद्युत, पेयजल, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य अथवा किसी भी सरकारी योजना से संबंधित शिकायत या आवेदन इस शिविर के माध्यम से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इसके लिए पूर्व से ही पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी ने बताया कि पीपरा पंचायत से अब तक 56 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई नागरिक आज आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सका है तो भी चिंता की आवश्यकता नहीं है। सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन की सुविधा निरंतर उपलब्ध रहेगी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रकृति के आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर किया जाएगा, जबकि हमलोग का प्रयास है कि अधिकांश मामलों का समाधान 15 दिनों के भीतर कर दिया जाए। भूमि संबंधी ऐसे मामले, जिनमें न्यायालयीन प्रक्रिया आवश्यक है, उनका भी विधिसम्मत एवं शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद जिला सहयोग अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में लगभग 96 प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है।

जिले में अब तक साढ़े तीन लाख लोगों की हो चुकी है टीबी स्क्रीनिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के पिपरा पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने किया, जहां संभावित टीबी रोगियों की एक्स-रे स्क्रीनिंग की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्क्रीनिंग की व्यवस्था, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य केवल रोग की पहचान करना ही नहीं, बल्कि समय पर उपचार एवं समुचित पोषण उपलब्ध कराकर मरीजों को पूर्णतः स्वस्थ बनाना भी है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिला इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है तथा अब तक लगभग 3.5 लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक संभावित मरीजों की जांच सुनिश्चित करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि घर-घर जाकर स्क्रीनिंग, समय पर जांच, उपचार एवं मरीजों के नियमित फॉलो-अप के कारण जिले में अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। उन्होंने अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, लगातार बुखार, वजन कम होना अथवा अन्य टीबी के लक्षण दिखाई दें तो वे बिना किसी संकोच के निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य कराएं। शिविर में सिविल सर्जन, डीपीएम, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

हत्या मामले में आरोपित पिता और तीन पुत्र गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। गोह थानान्तर्गत भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक मारपीट में एक व्यक्ति की मृत्यु मामले में चार अभियुक्तों को गोह पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के घाटो गांव निवासी रामचंद्र साव के पुत्र सीताराम साव एवं उनके तीन पुत्र संतोष साव, लालबाबू साव तथा मनीष कुमार के रूप में की गई है। मंगलवार को दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि 19 जुलाई को गोह थानाध्यक्ष राजीव कुमार को सूचना मिली कि घाटो गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई है। घटना में घाटो गांव के ही 60 वर्षीय किशोरी साव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किशोरी साव को इलाज़ हेतु अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद सदर अस्पताल औरंगाबाद में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर मृतक की पत्नी दुलारी देवी द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई और कार्रवाई की मांग की गई। कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा के निर्देश पर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आसूचना संकलन के आधार पर कांड में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

पूर्व सांसद की शिकायत पर हरकत में प्रशासन

खाद की कालाबाजारी की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में डीएपी और यूरिया खाद की कथित कालाबाजारी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। यह कार्रवाई भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा जिला पदाधिकारी को भेजे गए पत्र के आधार पर की गई है। पूर्व सांसद ने अपने पत्र में आरोप लगाया था कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में डीएपी और यूरिया खाद की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने बताया कि डीएपी खाद का सरकारी मूल्य 1,350 रुपये प्रति बोरी तथा यूरिया का सरकारी मूल्य 266 रुपये प्रति बोरी निर्धारित है लेकिन किसानों से डीएपी 2,200 रुपये और यूरिया 400 रुपये प्रति बोरी तक वसूले जाने की शिकायत मिल रही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिले में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण असिंचित क्षेत्रों में खेती प्रभावित है, जबकि नहरी क्षेत्रों में धान की रोपनी जारी है। ऐसे में किसानों को मजबूरी में ऊंची कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी आर्थिक परेशानी बढ़ गई है। शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की है। टीम में गौरव सिंह (अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद), अमित राजन (अनुमंडल पदाधिकारी, दाउदनगर) तथा संदीप राज (जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद) को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पूर्व सांसद के पत्र की प्रति उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिया है कि वे संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न प्रखंडों में खाद की कालाबाजारी और सरकारी दर से अधिक कीमत पर डीएपी एवं यूरिया की बिक्री की शिकायतों की जांच करें। जांच के दौरान यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही गठित जांच दल को निर्देश दिया गया है कि की गई कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर जिला पदाधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

हाइटेंशन तार की चपेट में आने से महिला की मौत

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। देव थाना क्षेत्र के खुशहालपुर गांव में हाइटेंशन तार की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान उस गांव निवासी कृष्णा महतो की 55 वर्षीय पत्नी मीना देवी के रूप में की गयी है। मृतका के बेटे अमरदीप कुमार ने बताया कि मां रोज की तरह खेत में काम करने गई थी। करंटे लगने के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर उन्हें उठाया और गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद ले गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सीसीटीवी कैमरा और मुक्ति धाम की मांग सदन में उठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। ओबरा विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने बिहार विधानसभा में जनसुरक्षा और जनसुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल करवाने और मुक्तिधाम निर्माण कराने की अनुशंषा करने का अधिकार मांगा। कहा कि विधायकों की अनुशंसा पर प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा मुक्ति धाम निर्माण कराने की अनुशंसा कर सकने का अधिकार दिया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते अपराध और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संवेदनशील एवं प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना आवश्यक है। शवों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मुक्ति धाम निर्माण की अनुशंसा करने का अधिकार भी विधायकों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के संबंध में विधायकों की अनुशंसा हेतु कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध नहीं है। सरकार से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर ऐसी व्यवस्था लागू करने की मांग की ताकि जनसुरक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

विधान पार्षद दिलीप सिंह ने की औरंगाबाद का नाम 'आदित्य नगर' करने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार विधान परिषद में औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'आदित्य नगर' किए जाने की मांग उठाई गई है। विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने सदन में यह प्रस्ताव रखते हुए कहा कि औरंगाबाद की पहचान केवल एक प्रशासनिक इकाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर और देव की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा इस क्षेत्र की विशिष्ट पहचान हैं। ऐसे में जिले का नाम उसकी सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप 'आदित्य नगर' किया जाना चाहिए। दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि देव सूर्य मंदिर देश के प्राचीनतम सूर्य मंदिरों में शामिल है और यह औरंगाबाद की सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख प्रतीक है। उनका कहना था कि जिले का नया नाम उसकी ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त पहचान दिलाएगा। विधान परिषद में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद केशव लोकमंच की कार्यसमिति ने इसका स्वागत करते हुए दिलीप कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यसमिति के सदस्यों का कहना है कि यह मांग लंबे समय से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी भावना को अभिव्यक्त करती है और इससे जिले की ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान मिलेगी। केशव लोकमंच की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, कमलेश कुमार सिंह, मृत्युंजय सिंह, कृष्णा सिंह, शंकर दयाल सिंह, मुनेंद्र कुमार और प्रोफ़ेसर संजीव रंजन सहित अन्य सदस्यों ने विधान परिषद में यह मुद्दा उठाने के लिए दिलीप कुमार सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि जिले की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने इसे औरंगाबाद की विरासत को नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक प्रतिष्ठान सील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सघन उर्वरक विक्रय की जांच की गई तथा 12 उर्वरक प्रतिष्ठानों का जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें चार प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गईं। उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के आलोक में चिरैयाटांड़ के सरस्वती ट्रेडर्स के गोदाम में अनाधिकृत उर्वरक पाए जाने के कारण उर्वरक प्रतिष्ठान को सील किया गया। तथा वितरण अनुज्ञप्ति को निलंबित करते हुए प्रतिष्ठान से उर्वरक विक्रय पर रोक लगा दिया गया है। साथ ही अन्य तीन उर्वरक प्रतिष्ठानों से अनियमितता के आधार पर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। आरोप है कि खाद की कृत्रिम कमी उत्पन्न कर कालाबाजारी करने के उद्देश्य से यह भंडारण किया गया था। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान चार उर्वरक दुकानों में अनियमितताएं पाई गई जिसमें एक दुकान को सील कर उर्वरक विक्रय पर रोक लगा दिया गया है। शेष तीन उर्वरक प्रतिष्ठानों से अनियमितता के आधार पर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। विभाग का प्रयास है कि किसानों को उचित दर के साथ ही खाद की निर्बाध आपूर्ति बहाल रखी जाए। ताकि, खेती में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

विशेष सखी वार्ता में सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कुटुंबा प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (डीएचइडब्लू) द्वारा विशेष सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं किशोरियों को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह, लैंगिक हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, लैंगिक भेदभाव, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, शिक्षा के महत्व तथा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक विनय प्रताप सिंह ने कहा कि बेटियों की शिक्षा एवं सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जेंडर स्पेशलिस्ट चंदन कुमार ने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर तथा मिशन शक्ति योजना सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

विशेष अभियान के तहत 21 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, दहेज हत्या में एक, हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 112 लीटर देसी शराब एवं दो बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1124 वाहनों की जांच की गई जिसमें 45500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 137 वारंट एवं तीन कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

साइबर सुरक्षा के प्रति डीएम ने छात्रों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नबीनगर प्रखंड अंतर्गत पीपरा पंचायत स्थित +2 उच्च विद्यालय सत्येंद्र नारायण सिंह परिसर में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में ''साइबर मंगलवार'' के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना था।

अनियमितता पाए जाने पर शिक्षिका पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिरिस, टाइप-3, बारून की छात्राओं द्वारा विद्यालय में भोजन की निम्न गुणवत्ता, निर्धारित मेन्यू एवं डाइट चार्ट का पालन नहीं किए जाने तथा अन्य व्यवस्थागत अनियमितताओं से संबंधित एक लिखित शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जांच कराई गई। जांच के दौरान छात्राओं की शिकायतों में वर्णित कई बिंदु सही पाए गए। विद्यालय में भोजन एवं पोषण संबंधी निर्धारित मानकों के अनुपालन तथा छात्रावास संचालन में अनियमितताएं सामने आने के बाद संबंधित पदाधिकारियों द्वारा तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बारुण टाइप-3 की वार्डन-सह-शिक्षिका गीता कुमारी का स्थानांतरण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुटुम्बा टाइप-1 कर दिया गया। साथ ही, विद्यालय की शिक्षिका सपना प्रकाश को अगले आदेश तक विद्यालय का प्रभारी वार्डन नामित किया गया है, ताकि छात्रावास का संचालन सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त अंकगणित शिक्षिका आँचल कुमारी का भी स्थानांतरण कुटुम्बा टाइप-1 से बारुण टाइप-3 किया गया है। संबंधित सभी कर्मियों को नियमानुसार दो दिनों के भीतर प्रभार का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

एनएच 139 को फोरलेन करने के लिए मंत्री से मिले चार विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। एनएच-139 के फोरलेन निर्माण को लेकर चार विधायकों ने पथ निर्माण मंत्री ई.कुमार शैलेन्द्र से भेंट कर ज्ञापन दिया। बिहार विधानसभा सत्र के दौरान भोजनावकाश में ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने औरंगाबाद सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, अरवल विधायक मनोज शर्मा तथा गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा के साथ मुलाकात की। परियोजना की वर्तमान स्थिति, तकनीकी चुनौतियों और निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाल से भी दूरभाष पर लंबी बातचीत कर एनएच-139 के फोरलेन निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने परियोजना में आ रही बाधाओं को दूर कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। विधायक ने कहा कि उनका स्पष्ट संकल्प है कि एनएच-139 अब मौत की सड़क नहीं, बल्कि विकास, सुरक्षित और सुगम यात्रा का मार्ग बने। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वे लगातार विभागीय स्तर पर सक्रिय हैं और परियोजना से जुड़ी हर तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधा को दूर कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तथा डिजाइन से जुड़ी कुछ तकनीकी चुनौतियां अवश्य हैं लेकिन पथ निर्माण मंत्री एवं विभागीय सचिव ने आश्वस्त किया है कि इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर फोरलेन निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। ओबरा विधायक ने कहा कि उनका प्रयास तब तक जारी रहेगा, जब तक औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ (एनएच-139) के फोरलेन निर्माण का कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो जाता।